# देश

उवाच



हम एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं और हम तभी जीत सकते हैं जब हम अपनी आंखें और दिमाग खुले रखेंगे। वोट डालने के बाद अपने वोट की दोबारा जांच के लिए कनेक्टेड वीवीपैट मशीन की जांच अवश्य करें।

–फारूक अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 30.0 |

# छात्रों को 21 वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाना जरूरी : मुर्मू

■ हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**शिमला,** 6 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी और कौशल के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों को देखते हुए छात्रों को 21 वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाना होगा। मुर्मू ने धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है लेकिन अब इसकी गति बहुत तेज है। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल आगमन पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह एक यादगार पल होता है जो विद्यार्थियों को भविष्य में प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता है और अपने संस्थान के अविस्मरणीय क्षणों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह क्षण रचनात्मकता, ज्ञान और निरंतर सीखने की अभिलाषा की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि सभी मेधावियों के लिए यह आत्ममंथन का दिन है ताकि कमजोरियों और क्षमताओं की पहचान की जा सके। राज्यपाल ने कहा कि उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की समाज, देश और राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्हें पूर्ण निष्ठा से इस भूमिका को निभाना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से अर्जित ज्ञान का उपयोग वे समाज के हित में करें। विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों की स्थापना करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का महत्व जीवन को एक उद्देश्य प्रदान करना होता है। ज्ञान हमें दूसरों के लिए निज हितों का त्याग करना सिखाता है।



परिवर्तन प्रकृति का नियम है लेकिन अब इसकी गति बहुत तेज : द्रौपदी मुर्मू

उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है और उनकी शिक्षाएं समाज पर दूरगामी प्रभाव डालती है। शिक्षक वह आधार है जिस पर एक शिक्षित और सभ्य समाज की नई पौध विकसित होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों को इस ढंग से ढालना चाहिए ताकि वे समाज में सुशिक्षित, ईमानदार और जागरूक नागरिक की भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में विद्यार्थियों को अपने कार्य में गुणवता और गतिशीलता बनाए रखने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए। इसके लिए ई–शिक्षा और तकनीकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान में नई उंचाईयां हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना आवश्यक है ताकि मेधावी विद्यार्थी विश्व में अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर सके।

## शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति

शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में अपनी संस्कृति, परंपरा और सभ्यता के प्रति जागरूकता लाना भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस संबंध में शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उनका कार्य क्षेत्र केवल शिक्षण तक ही सीमित नहीं है, उन पर देश के भविष्य के निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुर्मू ने कहा कि हमारा ध्यान 'क्या सीखें' के साथ-साथ 'कैसे सीखें' पर भी होना चाहिए उन्होंने कहा कि जब छात्र बिना किसी तनाव के स्वतंत्र रूप से सीखते हैं, तो उनकी रचनात्मकता और कल्पना को उड़ान मिलती है। ऐसे में वे शिक्षा को सिर्फ आजीविका का पर्याय नहीं मानते बल्कि, वे नवप्रवर्तन करते हैं, समस्याओं का समाधान ढूंढते हैं और जिज्ञासा के साथ सीखते हैं।

## आंध्र प्रदेश के भविष्य को आकार देंगे 13 मई के चुनाव : जगन

**अमरावती,** 6 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि 13 मई को 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए एक साथ होने वाला चुनाव सिर्फ विधायकों या सांसदों को चुनने के बारे में नहीं है, बल्कि यह चल रही योजनाओं को मजबूत कर राज्य के भविष्य को आकार देने के बारे में है। बापटला जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष ने लोगों से कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू पर भरोसा करने से अक्सर विश्वासघात होता है। उन्होंने कहा कि पिछले 59 महीनों में राज्य में कल्याण और विकास की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। सीएम रेड्डी ने कहा कि बिना किसी भ्रष्टाचार या भेदभाव के 2.70 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे राज्य के लोगों को सीधा लाभ हुआ है। उन्होंने कहा, वाईएसआरसीपी ने 2019 के घोषणापत्र में किए गए 99 प्रतिशत वादों को पूरा किया। सरकार ने 2.31 लाख नौकरियां पैदा कीं। हमारा राज्य एक विशाल कृषि क्षेत्र है। पांच साल पहले, आपने इस खेत की देखभाल की जिम्मेदारी एक किसान, अपने बच्चे, जगन को सौंपी थी। पिछले पांच वर्षों में हमने कई योजनाएं शुरू की, परिवर्तन लागू किए, सुधार लागू किए और क्रांतिकारी पहलों का नेतृत्व किया। आपके बच्चे ने, एक मेहनती किसान की तरह, प्रगति के इन बीजों को विकसित किया है, जिससे हर घर में विकास, कल्याण, खुशी और उज्जवल भविष्य की फसल पैदा हुई है। तब से पांच साल बीत चुके हैं। प्रत्येक घर, गांव, कस्बे और सामाजिक वर्ग में रोपे गए बीजों का पोषण और संवर्धन किया गया है। आज आपके किसान, आपके बच्चे, आपके भाई जगन ने विकास और कल्याण द्वारा चिह्नित भविष्य के बीज बोए हैं।



## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अभी खत्म नहीं हुआ : उमर



अब शांत इलाकों में भी हो रहे हमले

**जम्मू-कश्मीर,** 6 मई (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अभी आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है। पिछले चार सालों में आतंकी हमले शांत इलाकों में भी हो रहे हैं। उमर ने कहा कि श्रीनगर, राजोरी और पुंछ के इलाके में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। वहीं, एक सवाल के जवाब में अब्दुल्ला ने भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा दोस्त बदले जा सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदले जा सकते हैं। पाकिस्तान में नई सरकार बन रही है। जून में देश में सरकार बनेगी। उम्मीद करते हैं कि दोनों नई सरकारें बातचीत का राह अपनाएगीं।

**देश में फैलाई जा रही है नफरत**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि देश में नफरत फैलाई जा रही है। मुस्लिम लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। जितनी नफरत फैलाई जाएगी, उतने लोग बिखरेंगे। सबसे ज्यादा मुस्लिमों की आबादी भारत में हैं। उनके खिलाफ नफरत फैलाई जाएगी, तो देश तरक्की कैसे करेगा। वहीं लद्दाख लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा गरमाया हुआ है। अब लद्दाख में नेशनल कॉन्फ्रेंस को बड़ा झटका लगा है। सोमवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस की कारगिल इकाई के कई सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे देने वाले नेकां सदस्यों का कहना है कि उन्हें कांग्रेस के उम्मीदवार का समर्थन करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था, जिसके विरोध में उन्होंने पार्टी छोड़ दी है। पार्टी के अतिरिक्त महासचिव लद्दाख कमर अली अखून ने एक पत्र में पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला को इकाई के फैसले से अवगत कराया है। पत्रकारों से बात करते हुए, अखून ने कहा कि पार्टी आलाकमान की तरफ से उन पर लद्दाख से आधिकारिक कांग्रेस उम्मीदवार शेरिंग नामग्याल को समर्थन देने के लिए दबाव डाल जा रहा था। इसके विरोध में उन्होंने यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि यह कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस द्वारा लिए गए निर्णय के खिलाफ है। उन्होंने हाजी हनीफा जान को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश के नौ संसदीय क्षेत्रों में मतदान आज

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मध्य प्रदेश के नौ संसदीय क्षेत्रों में आज सुबह सात बजे सख्त सुरक्षा प्रबंधों के बीच मतदान प्रारंभ होगा। इस चरण के तहत राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक केंद्रीय मंत्री के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद होने वाला है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार मुरैना, भिंड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल (अजजा) संसदीय क्षेत्रों में मतदान के लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। मतदान शाम छह बजे तक होगा।

### समरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे मोदी

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मई को झारखंड आएंगे। मोदी 12 मई को चतरा लोकसभा के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न 3 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री 16 मई को गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड के पेशमअरवाड़ मैदान में सुबह 8 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड की धरती से ही आयुष्मान भारत योजना के लॉन्चिंग की थी। इस योजना के तहत गरीबों को 5 लाख रुपए का इलाज अस्पतालों में करा सकते हैं। इसके अलावा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलीहातु जाने वाले नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं।

### कर्नाटक में मां ने दिव्यांग पुत्र को नदी में फेंका

**धारवाड़/कर्नाटक।** कर्नाटक के धारवाड़ में एक छह वर्षीय दिव्यांग बालक को उसकी मां ने मगरमच्छ से भरी नदी में फेंक दिया। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के दांडेली तालुक की 26 वर्षीय महिला (सावित्री) ने अपने पति के साथ हुए विवाद के बाद अपने दिव्यांग पुत्र को नदी में फेंक दिया। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार, दंपती अक्सर अपने दिव्यांग पुत्र की देखभाल को लेकर झगड़ते थे। डांडेली ग्रामीण पुलिस निरीक्षक कृष्णा बराकेरी ने कहा कि सावित्री ने कथित तौर पर रात नौ बजे के आसपास अपने पुत्र को मगरमच्छ से भरी नदी से जुड़ी एक नहर में फेंक दिया।

### ट्रेक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच बच्चों की मृत्यु

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के चरगवां थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर ट्रॉली पलटने से उसमें सवार पांच बच्चों की मृत्यु हो गई और दो अन्य घायल हो गए। जबलपुर जिला प्रशासन के अनुसार मृतकों में देवेंद्र बरकड़े, राजवीर, अनूप, लकी और धर्मेंद्र ठाकुर शामिल हैं। घायलों के नाम दलपत और विकास बताए गए हैं। घायलों को यहां मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भयभीत होकर तोड़फोड़ करने में जुटी भाजपा : कमलनाथ

**भोपाल,** 6 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा पर हार के डर से दलबदल कराने का आरोप लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक्स पर लिखा है, वीर भोग्या वसुंधरा अर्थात वीर ही धरती पर राज करते हैं। इस लोकसभा चुनाव में जनता कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के साथ है। इससे भयभीत होकर भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस में तोड़फोड़ करने में जुटी है। कमलनाथ का आरोप है कि कांग्रेस के नेताओं को तोड़ना, उनका दल बदल कराना, पर्चा वापस कराना, पर्चा रद्द कराना, इसी षड्यंत्र का हिस्सा है। भाजपा चाहती है कि ऐसा कर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ा जाए और भाजपा से नाराज हो चुकी जनता को भ्रमित किया जाए। लेकिन इस सबसे कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। वे मजबूती से अपने मोहल्ले में, अपने बूथ पर और जो ज़िम्मेदारी उन्हें पार्टी ने दी है, उस पर पूरी प्रतिबद्धता से काम करें और डटे रहें। उन्होंने आगे कहा, चार जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो जनता षड्यंत्र और छल–कपट करने वालों को दंडित करेगी और पूरी मेहनत के साथ पार्टी के लिए काम करने वालों की तपस्या का फल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की जीत के रूप में सामने आएगा।



■ हार के डर से दलबदल कराने का लगाया आरोप

## बुजुर्ग होने के बावजूद प्रधानमंत्री नहीं कर रहे एक भी काम की बात : तेजस्वी

**पटना,**6 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में तमाम दल अपने–अपने हिसाब से सियासत करने में लगे हैं। एक तरफ जहां भाजपा और एनडीए में शामिल दल लालू प्रसाद के परिवारवाद को लेकर हमला बोल रहे हैं तो दूसरी तरफ महागठबंधन भी एनडीए के हमलों का बखूबी जवाब दे रही है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया के जरिए पीएम मोदी पर फिर से निशाना साधा है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर तो सॉफ्ट नजर आ रहे हैं लेकिन बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हैं। वह लगातार आरोप लगा रहे हैं कि प्रधानमंत्री बिहार आ रहे हैं तो मुद्दों की बात छोड़कर इधर–उधर की बात करते हैं। तेजस्वी अपने चुनावी रैलियों में इसको लेकर पीएम मोदी को घेरने में लगे हैं। तेजस्वी ने एक बार फिर से मोदी को निशाने पर लेते हुए हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि 'बचपन से सुनते आए हैं कि समाज के बड़े–बुजुर्ग ज्ञान–ध्यान और काम की बातें करते है। लेकिन यहां तो आदरणीय 74 वर्षीय प्रधानमंत्री बुजुर्ग होने के बावजूद चुनाव में एक भी काम की बात नहीं कर रहे है'। तेजस्वी ने आगे लिखा, 'हम नव पीढ़ी के लोग केवल नौकरी, रोजगार, शिक्षा–चिकित्सा और विकास की सकारात्मक बातें ही कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री जी विभाजनकारी, बैर एवं नफरत को बढ़ावा देने वाली नकारात्मक बातें कर रहे हैं।



### लालू व शिबू सोरेन परिवार देश को लूटने वाले : सम्राट चौधरी

**पटना।** झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 25 करोड़ से अधिक की नकदी मिलने के बाद इस मामले को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। मंत्री के करीबी के घर से इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने महागठबंधन पर जोरदार हमला बोला है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि ये सभी लुटेरे हैं। लालू प्रसाद का परिवार हो या झारखंड में शिबू सोरेन का परिवार ये लोग देश को लूटने वाले हैं और लुटने वालों पर जब सरकार कार्रवाई करती है तो उनको दर्द तो होगा ही।



## ईडी की छापेमारी में 25 करोड़ नगद बरामद

**रांची,** 6 मई (एजेंसियां)। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने इंजीनियर वीरेंद्र राम के मामले में आज छापेमारी कर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के घर से 25 करोड़ रुपए नगद बरामद किये हैं। ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फरवरी 2023 में कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी तरफ रांची के सेल सिटी सहित कुल नौ ठिकानों पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम सेल सिटी में पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के ठिकाने पर तलाशी कर रही है। ईडी की दूसरी टीम बरियातू, मोरहाबादी और बोड़ेया इलाके में छापेमारी कर रही है। जेल में बंद इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले को लेकर ईडी की टीम ने यह कार्रवाई की है।




## प्रगति, सशक्तिकरण व सामाजिक बदलाव की आधारशिला है शिक्षा : जगदीप धनखड़

■ दिल्ली विवि के मुक्त शिक्षा विद्यालय के स्थापना दिवस के समारोह को संबोधित

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा को सबसे परिवर्तनकारी और प्रभावशाली तंत्र करार देते हुए कहा है कि यह केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि यह प्रगति, सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव की आधारशिला है। धनखड़ ने सोमवार को यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के मुक्त शिक्षा विद्यालय के 62 वें स्थापना दिवस के समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान और शिक्षा के केंद्र के रूप में भारत की ऐतिहासिक प्रतिष्ठा रही है और देश दृढ़ता से अपने पिछले गौरव को फिर से हासिल करने की राह पर है। परिवर्तन के लिए शिक्षा को सबसे प्रभावशाली परिवर्तनकारी तंत्र बताते हुए धनखड़ ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि, यह प्रगति, सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि यह वह कुंजी है जो प्रगति, समृद्धि और सशक्तिकरण के द्वार खोलती है। शिक्षा सबसे बड़ा अधिकार और दान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई मौलिक अधिकार नहीं हो सकता और शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। धनखड़ ने छात्रों से असफलता को सफलता की कुंजी मानने का आग्रह किया। उन्होंने आधुनिक दुनिया की जटिलताओं से निपटने के लिए एक लचीली मानसिकता की आवश्यकता पर जोर दिया।



### नई शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण भूमिका का किया उल्लेख

नालंदा और तक्षशिला जैसे संस्थानों की शानदार विरासत का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने समकालीन समय में भारत के शैक्षिक परिदृश्य में आदर्श बदलाव और पुनरुत्थान पर प्रकाश डाला। भारतीय शैक्षिक परिदृश्य में नई शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा कि एनईपी एक परिवर्तनकारी परिवर्तन की शुरुआत करती है और समग्र शिक्षार्थी विकास के लिए एक योजना तैयार करती है तथा 21 वीं सदी की चुनौतियों के लिए सुसज्जित एक जानकार समाज का निर्माण करती है। लचीले शिक्षण मार्गों, प्रौद्योगिकी एकीकरण, विविध आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पहचानने पर एनईपी का मुख्य जोर है।

## चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन करेगा विदेशी प्रतिनिधिमंडल

**रायगढ़,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने अन्य देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं भागीदारी के लिए इंटरनेशनल इलेक्शन विजीटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) का आयोजन किया है और इसी के तहत एक विदेशी प्रतिनिधिमंडल आठ मई तक महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले में चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन करेगा। रायगढ़ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशन जावले ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सात सदस्यीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल विशेष रूप से महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में मोहम्मद मोनिरुज्जमान टी और जीएम शाहताब उद्दीन (बांग्लादेश), नूरलान अब्दिरोव और अयबक ज़िकन (कजाकिस्तान), सिल्जा हिलक्का पसिलिना (श्रीलंका) तथा प्रिशिला चिगुम्बा और सिम्बाराशे टोंगई (ज़िम्बाब्वे) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विदेशी प्रतिनिधिमंडल आज अलीबाग में मतदान प्रक्रिया के साथ–साथ जीएसएम कॉलेज में मतदान सामग्रियों के वितरण का अवलोकन करेगा। इसके साथ ही दोपहर 15.00 बजे कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

## निडर होकर मतदान करें पश्चिम बंगाल के मतदाता : अमित शाह

**करीमनगर,** 6 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की जनता से बिना भयभीत हुए मतदान करने और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की कथित धमकियों को चुनौती देने की अपील की। कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय के समर्थन में रंग–बिरंगे फूलों से सजे ट्रक पर सवार होकर सदर अस्पताल रोड पर लगभग एक किलोमीटर का रोड शो करने के बाद शाह ने कहा कि चुनाव आयोग ने पहले ही देशवासियों को स्वतंत्र चुनाव कराने और किसी भी धमकी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, केवल भाजपा ही बंगाल में घुसपैठ रोक सकती है और इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संसद में लगातार तीसरी बार सत्ता में आसीन होने के लिए लोगों के समर्थन की जरूरत है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में दलाली, जबरन वसूली, करोड़ों रुपए के साथ पकड़े जाने पर मंत्रियों की गिरफ्तारी, बम बनाने वाली फैक्ट्रियों की खोज, हथियार और गोला–बारूद जब्त करना, तृणमूल के गुडों द्वारा संदेशखली में बहनों तथा महिलाओं पर अत्याचार जैसे कथित भ्रष्टाचार की एक लंबी सूची है। शाह ने कहा कि ममता सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी है। शाह ने दोहराया, तृणमूल कांग्रेस सरकार के इन सभी अनियमितताओं और विभिन्न घोटालों को तब तक नहीं रोक सकते, जब तक राज्य में भाजपा की सरकार नहीं बन जाती है।



■ भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में मांगे वोट

चिंता — राजौरी व पुंछ में इस साल भी सुधरते नजर नहीं आ रहे हालात

# पिछले तीन वर्षों में डेढ़ दर्जन आतंकी घटनाओं से दहला पुंछ

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 6 मई (देशबन्धु)। एलओसी से सटे जुड़वा जिले राजौरी व पुंछ सेना और अन्य सुरक्षाबलों के लिए फिलहाल सिर दर्द बने हुए हैं। हालत यह है कि पाकिस्तान द्वारा अपने पूर्व सैनिकों को आतंकी बना इन जिलों में धकेलने के कारण पिछले साल ये सुर्खियों में तो रहे ही। इस साल भी इससे मुक्ति मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। हालांकि सेना ने एक और नई पूरी ब्रिगेड को आतंकियों के सफाए के लिए धकेली जा चुकी है पर सैंकड़ों वर्ग किमी में फैले दोनों जिलों में आतंकियों का सफाया फिलहाल दूर की कौड़ी लग रहा है। यह सच है कि सीमावर्ती जिले राजौरी में 2023 में दर्जनों मुठभेड़ें और हथियारों और गोला–बारूद की बरामदगी हुई है। पिछले साल जिले के लिए साल की शुरुआत ढांगरी आतंकी हमले से हुई थी जिसके हत्यारे अभी तक गिरफ्त से बाहर है। यह सिलसिला अब साल 2024 में भी जारी है। जिले में 2023 के दौरान बाजी माल और केसरी हिल में दो बड़ी मुठभेड़ें भी देखी गईं। इन मुठभेड़ों में 11 जवानों की जान चली गई जबकि आठ आतंकियों को ढेर कर दिया गया। पिछले साल 1 जनवरी को ढांगरी गांव में एक घातक आतंकवादी हमले में सात नागरिक मारे गए थे और तेरह अन्य घायल हो गए थे। इसके अतिरिक्त राजौरी जिले में ढांगरी हमला, बाजी माल, केसरी हिल मुठभेड़ सहित दर्जनों घटनाएं दर्ज की गईं। जानकारी के लिए राजौरी जिला अपने 2630 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्रफल के कारण आतंकवाद विरोधी मोर्चे पर सबसे कठिन जिलों में से एक माना जाता है। इसे मोटे तौर पर छह उपमंडलों में विभाजित किया गया है, इनमें राजौरी, थन्नामंडी, कोटरांका, कालाकोट, नौशहरा और सुंदरबनी शामिल हैं। जिला ऊपरी पीर–पंजाल पर्वत श्रृंखलाओं से शोपियां के साथ–साथ दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिलों के साथ सीमा भी साझा करता है। यह पाक कब्जे वाले कश्मीर के भिंबर, कोटली जिले से जुड़ा है। और अगर पुंछ की बात करें तो 2021 के अगस्त महीने से पिछले तीन वर्षों के दौरान सीमावर्ती पुंछ जिले में लगभग डेढ़ दर्जन आतंकी घटनाएं हुई हैं।



■ फिलहाल दूर की कौड़ी लग रहा दोनों जिलों में आतंकियों का सफाया

हालांकि फरवरी 2021 में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम समझौते के बाद पुंछ जिले में एलओसी के 115 किमी लंबे हिस्से पर स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन आंतरिक इलाकों की सुरक्षा चिंता का विषय बन गई है। अगस्त, 2021 से, जिले में सेना पर चार घातक हमलों सहित लगभग डेढ़ दर्जन आतंकी घटनाएं देखी गई हैं। अनेकों मुठभेड़ें और रहस्यमय विस्फोट भी हुए हैं। पुंछ जिला, जो मोटे तौर पर पुंछ मुख्यालय, मंडी और सुरनकोट सहित तीन उपमंडलों में विभाजित है, एक चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति वाला है। इसमें 115 किमी लंबा एलओसी क्षेत्र है, जो भिंबर गली से शुरू होकर साब्जियां तक है। जिले का सुरनकोट उपमंडल मुगल रोड के माध्यम से शोपियां जिले से जुड़ता है।

# 'लोकतंत्र की हत्या कर रही भाजपा'

■ **बिना बदलाव के आप के कैंपेन सॉन्ग को मंजूरी मिलने को बताया सत्य की जीत**

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग जेल का जवाब वोट से को बैन कराने की साजिश रच रही भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा के तमाम हथकंड़े अपनाने के बाद भी आखिरकार सत्य की जीत हुई और चुनाव आयोग ने बिना किसी बदलाव के आप के कैंपेन सॉन्ग जेल का जवाब वोट से को अधिकारिक मंजूरी दे दी है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में यह जानकारी साझा करते हुए आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि हम भाजपा के दबाव में नहीं झुके। इसका परिणाम यह हुआ कि चुनाव आयोग को हमारे कैंपेन सॉन्ग को अनुमति देनी पड़ी। हमने आयोग की किसी भी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया, बल्कि उसकी आपत्ति पर ही सवाल उठाया। 27 अप्रैल को चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाकर मान लिया कि भाजपा की केंद्र सरकार तानाशाही है। आप के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि बीजेपी की सरकार बदगुमानी में सभी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रही है और संविधान को मिट्टी में मिला रही है। भाजपा अपनी दूषित राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक नीचे जाने को तैयार है, लेकिन सत्य पर बीजपी का कोई नियंत्रण नहीं है। हमने मुण्डकोपनिषद् में भी यही पढ़ा है कि आखिरकार सत्य की ही जीत होती है और ये युगों-युगों से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि जब नाश मनुष्य पर छाता है तो पहले विवेक मर जाता है। विवेकहीन बीजेपी अपने अहंकार में सत्यमेव जयते का ध्येय वाक्य भी भूल गई है। इसका नतीजे यह हुआ कि 27 अप्रैल को चुनाव आयुक्त ने चिट्ठी लिखकर आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग को बैन कर दिया और उसपर कई आपत्तियां बता दीं। चुनाव आयोग की आपत्तियां बे-सिर पैर की हैं। ये आपत्तियां चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठा दिए हैं। आयोग ने अनजाने में ही सही, लेकिन एक सच को उजागर कर दिया और इस गाने के मुखड़े और अंतरे मे जो शब्द हैं, उसे बीजेपी से जोड़कर देखने लगी। दिलीप पांडे ने बताया कि चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर आपत्ति जताई है कि उसमें जिस जेल का जवाब वोट से देने की बात कही जा रही है, वो ठीक नहीं है। जबकि हम गाने में कह रहे हैं कि विपक्षी दलों के नेताओं को जेल भेजने की राजनीति का हम अपनी वोट की ताकत से जवाब देंगे। इससे ज्यादा लोकतांत्रिक बात और क्या होगी? हमें हंसी आती है, जब चुनाव आयोग इसे न्यापालिका पर आक्रमण जैसा बताता है। लोकतंत्र में वोट से बड़ी कोई ताकत नहीं है। हम बीजेपी की तानाशाही का जवाब वोट की ताकत से देना चाहते हैं, तो चुनाव आयोग बीच में न्यायपालिका लेकर आ जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्त ने कहा है कि गाने में तानाशाही पार्टी को हम चोट देंगे, कहना ठीक नहीं है, क्योंकि इससे हिंसा को बढ़ावा मिलेगा।

आयोग की हिंदी इतनी कमजोर है कि वो चोट को केवल हिंसा से जोड़कर देख पा रहा है। चोट दिल, दिमाग, अहंकार, कुशासन और गुंडागर्दी पर भी लगती है। चोट के कई सारे संदर्भ हैं, लेकिन आयोग केवल इतना ही समझ पाया। साथ ही आयोग ने इसे सत्ताधारी पार्टी से जोड़ दिया। इसका मतबल आयोग भी जानता है कि तानाशाह कौन है और किसकी तानाशाही पर चोट पहुंचने वाली है।




**हम भाजपा के दबाव में नहीं झुके, इसका परिणाम यह हुआ कि चुनाव आयोग को हमारे कैंपेन सॉन्ग को अनुमति देनी पड़ी : दिलीप पांडे**

## कैम्पेन गीत के वीडियो पर अब भी प्रतिबंध : प्रवीण शंकर



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की आम आदमी पार्टी एवं झूठ का चोली दामन का साथ है और यह आज फिर प्रमाणित हुआ है। गत सप्ताह आम आदमी पार्टी ने बिना दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी से अनुमति लिए चुनाव कैम्पेन गीत विडियो के साथ जारी किया था। दिल्ली के चुनाव अधिकारी कार्यालय ने गीत के विडिओ को आपत्तिजनक पाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा कर उसके विडिओ में संशोधन का निर्देश दिया था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के चुनाव अधिकारी कार्यालय के प्रतिबंध आदेश को भारतीय चुनाव आयोग के समक्ष अपील की जहां से केवल उसके गीत को स्वीकृति दी गई है, विडिओ पर उचित संशोधन तक प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख ने कहा है की यह शर्मनाक है की आम आदमी पार्टी झूठा प्रचार कर रही है की चुनाव आयोग ने प्रतिबंध हटा दिया है जबकि उनके कैम्पेन गीत के विडिओ पर प्रतिबंध जारी है। अगर आप नेताओं में नैतिकता है तो सच बोलें की गीत के विडिओ पर प्रतिबंध जारी है।

## शिक्षाविद डॉ. वेद टंडन व एसके सारस्वत सम्मानित

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। जाने-माने शिक्षाविद डॉ. वेद टंडन को भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किए जाने व पूर्व डिप्टी डायरेक्टर एस के सारस्वत को शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने पर एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दक्षिणी दिल्ली के हौज खास स्थित लक्ष्मण पब्लिक स्कूल में किया गया। इस सम्मान पर कमल, वंदना, गुरुग्राम ट्रिनिटी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट दिल्ली-एनसीआर के चेयरमैन एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. वेद टंडन ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षा निदेशालय के सेवानिवृत और कार्यरत सैकड़ों डिप्टी, रीजनल व एडिशनल डायरेक्टर का आभार व्यक्त किया।



वहीं एस के सारस्वत को यह सम्मान अधिकारियों के लिए न्यायोचित पे-बैंड चार के अंतर्गत ग्रेड पे 8700 में एमएसीपी का लाभ दिलाने के लिए 14 वर्षों तक कैट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लंबी लड़ाई लड़ने के लिए दिया गया। समारोह में विशेष आमंत्रण पर सोसायटी फ़ॉर टीचर्स कॉज के संरक्षक एस एन दीक्षित, अध्यक्ष - ओम सिंह, उपाध्यक्ष डी के तिवारी, महासचिव राज किशोर शर्मा और पूर्व एडिशनल डायरेक्टर वाई पी पुरंग, टी पी एस चौहान, पी एन वार्ष्णेय, बी पी सिंह, डॉ. छैलेश चंद, आर एम मोहला एवं शिक्षा विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

शिक्षक समूह की तरफ से वरिष्ठ शिक्षाविद वाईपी पुरंग, एसएन दीक्षित, टीपीएस चौहान, पीएन वार्ष्णेय, एसके सारस्वत द्वारा शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर अभिनन्दन किया। इसी के तहत लगभग दो सौ से अधिक अधिकारियों को इसका लाभ मिल चुका है।

**सार संक्षेप**

### अमेजन फ्रेश के साथ चखें समर फ्लेवर्स का स्वाद

**नई दिल्ली।** इस गर्मी में, भीड़भाड़ वाले रेस्टॉरेंट की जगह घर पर बने भोजन की गर्माहट का आनंद उठाएं। घर पर ही स्वादिष्ट भोजन के साथ रेस्टॉरेंट्स की गर्मी और लंबी लाइनों से छुटकारा पाएं। चाहे आप अपने प्रियजनो को बिस्तर पर ब्रेकफास्ट देकर सरप्राइज करना चाहते हों, या दोस्तों के लिए एक शानदार ब्रंच बुफे की मेजबानी करना चाहते हों या फिर उत्तम डिनर का आयोजन करना चाहते हों, सर्फ एक्सेल और टाटा द्वारा प्रस्तुत अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज के साथ 7 मई तक सभी आवश्यक चीजों का स्टॉक तैयार करें। ताजे फल और सब्जियों से लेकर स्नैक्स, बेवरेजेस और दैनिक उपयोगी चीजों तक हर चीज पर उठाएं 45 प्रतिशत तक की छूट का फायदा। ग्राहक अंडर 99 स्टोर में ग्रॉसरी पर सुपर सेवर डील्स और सभी टॉप कैटेगरी में न्यूनतम 30 प्रतिशत छूट जैसे शानदार ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। घर पर बेहतरीन भोजन अनुभव हासिल करने के लिए अपने पसंदीदा डिलीवरी स्लॉट चुनें और लोकप्रिय ब्रांड्स जैसे वेदका, सनफीस्ट, हल्दीराम और दावत आदि से खरीदारी करें।

### मिआ बाए तनिष्क ने शुरू किया पहला एक्स्पेरिएंशियल सेंटर व फ्लैगशिप स्टोर

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया के पवित्र पर्व के लिए, भारत के सबसे ट्रेंडी, मूल्यवान फ़ाईन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक मिआ बाए तनिष्क ने नई दिल्ली में शुरू किया है अपना पहला एक्स्पेरिएंशियल स्टोर। यह स्टोर एन 5 रेडियल रोड नंबर 1, ब्लॉक एन, सीपी, नई दिल्ली में स्थित है । टाइटन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सी के वेंकटरमण, टाइटन कंपनी लिमिटेड के रीजनल बिज़नेस हेड निर्मल लोबो और मिआ बाए तनिष्क की बिज़नेस हेड श्यामला रमणन ने फ्रेंचाइज़ी पार्टनर्स राजेश सागर और परिवार ने मिलकर इस स्टोर का उद्घाटन किया। नए स्टोर के शुभारंभ की खुशी में मिआ बाए तनिष्क ने मिआ उत्पादों पर 20 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट की भी घोषणा की है।

### कारोबार को सुगम बनाने और डिजिटलीकरण पर ज़ोर

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली इंडियन रीन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेन्सी इरेडा ने नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में अपने 16वें स्टेकहोल्डर्स इंटरैक्शन मीट का आयोजन किया। इरेडा के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप कुमार दास ने कारोबार को सुगम बनाने और आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर को अनुकूलित करने के महत्व पर रोशनी डाली। अपनी टिप्पणी में सीएमडी प्रदीप कुमार दास ने स्थायी कॉपार्रेट प्रशासन, पारदर्शिता और जवाबदेहिता के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने साझेदारों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर नए प्रोडक्ट लाने और सेक्टर की ज़रूरतों के अनुसार फाइनैंशियल प्रोडक्ट्स पेश करने की कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। बताया गया कि भारत सरकार द्वारा सीओपी26 में संरेखित दृष्टिकोण के अनुरूप इरेडा ने 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से पांच सौ गीगावॉट इंस्टॉल्ड विद्युत क्षमता के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का लक्ष्य रखा है।

## कन्हैया कुमार ने उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से नामांकन किया दाखिल

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने सोमवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कुमार ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के मंत्री गोपाल राय की उपस्थिति में नंद नगरी में जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। वह इस सीट से भारतीय जनता पार्टी के दो बार के सांसद और भोजपुरी गायक से नेता बने मनोज तिवारी को चुनौती दे रहे हैं। कुमार ने बिहार में बेगूसराय सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर 2019 का आम चुनाव लड़ा था। कांग्रेस दिल्ली में 'आप' के साथ गठबंधन के तहत लोकसभा चुनाव लड़ रही है। सीटों के बंटवारे पर बनी सहमति के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस तीन सीटों पर जबकि 'आप' चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दिल्ली में सात



लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। वहीं दूसरी ओर रोड शो में दो जेसीबी भी शामिल रहीं, जो कार्यकर्ताओं पर फूल बरसाती नजर आई। इस दौरान बाबरपुर रोड पर जाम लग गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कन्हैया कुमार के नॉमिनेशन फाइल करने से सुबह प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार और पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ भी पहुंचे। वहीं, आप के प्रदेश संयोजक गोपाल राय और बुराड़ी से आप विधायक संजीव झा उनके साथ नॉमिनेशन फाइल करने के वक्त साथ रहे।

### रोड शो में पहुंचे कई बड़े नेता

दिल्ली की उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कन्हैया कुमार ने सोमवार को नामांकन किया, जिसके बाद उन्होंने रोड शो निकाला। यह रोड शो 100 फुटा रोड से शो ज्योति नगर, दुर्गापुरी चौक, नत्थू कॉलोनी चौक, सी-ब्लॉक नंद नगरी, जीटीबी क्रासिंग, नंद नगरी 212 बस स्टेंड होते हुए नंद नगरी डीसी कार्यालय चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में आप व कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे. रोड शो में कन्हैया कुमार संविधान की प्रस्तावना लिए दिखाई दिए, जिसके साथ लोगों में गजब का उत्साह दिखाई दिया।



■ नई दिल्ली स्थित गीता कॉलोनी के पास एक तालाब में गर्मी से बचने के लिए पानी में खेलते बच्चे। बढ़ते तापमान ने सभी को परेशान कर दिया है। फोटो इम्तियाज खान

## करम सेफ्टी ने मिडास सेफ्टी इंडिया का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। करम सेफ्टी ने हाथ सुरक्षा उत्पाद उद्योग में एक प्रमुख कंपनी मिडास सेफ्टी इंडिया के अधिग्रहण की घोषणा की है। मिडास सेफ्टी इंडिया के अधिग्रहण से सुरक्षा उद्योग में बाजार के अग्रणी के रूप में करम समूह की स्थिति मजबूत हो गई है, जिससे गिरने से सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण में करम की विशेषज्ञता को मिडास सेफ्टी इंडिया के हाथ सुरक्षा उत्पादों के व्यापक पोर्टफोलियो के साथ जोड़ा गया है। एक हजार करोड़ रुपये के टर्नओवर वाले 25 साल पुराने करम ग्रुप ने एक मंदी सौदे के माध्यम से 110 करोड़ रुपये की टॉप लाइन वाले मिडास सेफ्टी इंडिया के संचालन का अधिग्रहण किया है।

अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए करम ग्रुप के अध्यक्ष ग्लोबल सेल्स एंड मार्केटिंग, हेमंत सप्रा ने कहा कि करम के मिडास सेफ्टी इंडिया के अधिग्रहण के साथ, पीपीई उद्योग के दो प्रमुख कंपनी एकजुट हो गए हैं। हम वैश्विक सुरक्षा नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप, करम परिवार में मिडास सेफ्टी इंडिया का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। यह संघ हमारे उत्पाद रेंज का विस्तार करता है, हमारे ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले पीपीई की पेशकश करता है। एकजुट होकर, हम एक समृद्ध इतिहास, प्रतिभाशाली लोगों और नवीन उत्पादों को एक साथ लाते हैं। हम स्वदेशी विनिर्माण विकास को बढ़ावा देने, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा में भारत की वैश्विक विनिर्माण प्रमुखता में योगदान करने के लिए समर्पित हैं।

## पंजाबी गायक किंग बलजीत सिंह ने लॉन्च किया अपना नया गाना

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। भारत के सुप्रसिद्ध गायक गोल्ड किंग बलजीत सिंह अपने एक नए गाने को लेकर आए हैं जोकि हर हर मोदी घर घर मोदी नाम का यह गाना मशहूर गायक गोल्ड किंग बलजीत सिंह ने अपनी सुरीली आवाज में गाया है। इस गाने के प्रस्तुतकर्ता हरियाणा के पूर्व मंत्री विपुल गोयल हैं, और निर्माता हैं सनी सहगल व गोल्ड किंग बलजीत सिंह। इसके लेखन और संगीत भी गोल्ड किंग बलजीत सिंह ने ही दिया है। साथ ही इस गाने का निर्देशन किया है हिमानी पाठक और दीपक वर्मा ने। ये पूरा प्रोजेक्ट डिज़ाइन किया है केबीएस स्टूडियो इंडिया ने। यह गाना इस समय सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है और इसे 2024 के लोकसभा चुनाव में भी खूब बज रहा है। गायक गोल्ड किंग बलजीत सिंह ने यह गाना सोशल मीडिया पर तो कुछ दिन पहले रिलीज किया था लेकिन इसकी औपचारिक लॉन्चिंग दिल्ली के प्रेस क्लब में की गई है। इस मौके पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गायक गोल्ड किंग बलजीत सिंह और उनकी टीम के लोग शामिल हुए इस मौके पर उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह गाना मुझे बेहद पसंद है क्योंकि यह गाना देश के कर्मठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित है। वहीं इस मौके पर गोल्ड किंग बलजीत सिंह ने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेहद प्रभावित हूं और उसकी एक नहीं बल्कि कई अलग-अलग वजह है उनकी सबसे खास बात यह है कि वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो देश को विकसित भारत के विजन को लेकर चल रहे हैं।



## जय प्रकाश अग्रवाल को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस के लोकसभा चुनाव के चांदनी चौक के प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल को लोकसभा क्षेत्र मॉडल टाउन में चुनाव प्रचार के दौरान एरा फाउंडेशन संस्था ने उन्हें सम्मानित किया। ऐरा फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से समाज में जागरूकता लाने का कार्य कर रही है जिसमें खासकर महिलाओं व बुजुर्गों के लिए कार्य करना मुख्य उद्देश्य रहा है इसकी अध्यक्षा डॉक्टर शिल्पा निगम ने जेपी अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजक गौरव गुप्ता, राजेश बंसल (बोबी) ने सबका धन्यवाद किया। जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि मैं हमेशा ही समाज कल्याण संस्थाओं का सम्मान किया है।



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपजिलाधिकारी, सदर परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 211/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021, दिनांक 18.11.2021 के अनुसार ग्राम धनौरी में निम्न प्रकार मृतक रूपचन्द पुत्र श्री हरगुलाल नि0 ग्राम चचूला, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 377 | श्री रूपचन्द पुत्र श्री हरगुलाल नि0 ग्राम चचूला, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती शान्ति | 70 | पत्नी |
| | | | श्री आजाद | 45 | पुत्र |
| | | | श्री प्रमोद | 38 | पुत्र |
| | | | श्री ललित | 35 | पुत्र |
| | | | श्रीमती प्रभा | 36 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती पूनम | 34 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली के अनुभाग में पहली और दूसरी प्रविष्टियों पर हरे पैच का वार्षिक रखरखाव और लॉन, फूलों के बर्तनों और अन्य बागवानी कार्यों का रखरखाव। | |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** | Rs. 94,81,841.33/- (चौरानवे लाख इक्यासी हजार आठ सौ इकतालीस रुपये तैंतीस पैसे मात्र) |
| 3 | **बयाना राशि (रुपये)** | Rs. 1,89,600/- (एक लाख नवासी हजार छह सौ रुपये) |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)** | Rs. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** | 28.05.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन** | 04-400-32 |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं :128-W/280/इ-निविदा सूचना/06/2024-25/W-3 दिनांक: 06.05.2024** 1363/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**तैयारी** प्रदेश भाजपा ने की स्टार प्रचारकों की सूची जारी

# मोदी समेत 40 दिग्गज जीत के लिए लगाएंगे जोर

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। दिल्ली की सातों सीटों पर उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा के कई दिग्गज उतरेंगे। सियासी संग्राम में बतौर स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो होंगे ही, साथ ही केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सांसद, सांसद प्रत्याशी और राष्ट्रीय पदाधिकारी उतरेंगे। इसमें कई फायर ब्रांड नेता और बॉलीवुड में अपनी धमक रखने वाले नेता शामिल हैं।

■ **दिल्ली में 25 मई को होगा चुनाव**

पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि बड़ी रैली के साथ ही छोटी-छोटी जनसभा पर जोर दिया जाएगा। प्रदेश भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें अपने-अपने क्षेत्र के 40 धुरंधर शामिल हैं। खास बात यह भी है कि दिल्ली लोकसभा चुनाव में जितने सांसदों का टिकट काटा गया है उन्हें भी स्टार प्रचारक की टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल अरविंदर सिंह लवली को शामिल किया गया है। भाजपा सूत्रों का कहना है दिल्ली में 25 मई को चुनाव है। स्टार प्रचारकों की सूची में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गड़करी, पीयूष गोयल, हरदीप सिंह पुरी, स्मृति ईरानी, अर्जुन राम मेघवाल को शामिल किया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हिमंत बिस्वा सरमा भी पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। भाजपा इन्हें अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में प्रचार की जिम्मेदारी सौंप सकती है। इनके अलावा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को वैसे क्षेत्र में उतारा जाएगा, जहां हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड के प्रवासी रहते है। इनके अलावा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, प्रेम चंद बैरवा, दीया कुमारी, सम्राट चौधरी भी चुनाव प्रचार करते दिखेंगे। इसी डॉ. अरुण सिंह, तरुण चुघ, दुष्यंत कुमार गौतम, ओम प्रकाश धनखड़, डॉ. अलका गुर्जर, मनजिंदर सिंह सिरसा, अनिल बलूनी, वीरेंद्र सचदेवा, मनोज तिवारी, हेमा मालिनी, के अन्नामलाई, मुख्तार अब्बास नकवी, डॉ. हर्षवर्धन, मीनाक्षी लेखी, विजय गोयल, प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी, गौतम गंभीर, विजेंद्र गुप्ता, सतीश उपाध्याय, अरविंदर सिंह लवली भी स्टार प्रचारक होंगे।



# कैपिटल ज़ोन

उवाच

बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ की जा रही है, नलकूप तथा हैंडपंप यदि किसी परेशानी से नहीं चल रहे हैं तो उनके कनेक्शन करना तथा उनका नियमित मरम्मत करके चालू रखना तेजी से कराया जा रहा है।

**विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त**

# नोएडा में 10वीं में नमन व 12वीं में अनन्या ने किया टॉप

**नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। काउंसिल फार द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) की 10वीं (आईसीएसई) व 12वीं (आईएससी) के नतीजे घोषित कर दिए गए है। गौतमबुद्ध नगर में तीन स्कूलों में नोएडा के श्री राम मिलेनियम स्कूल के 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट ने टॉप किया। 10वीं में नमन सोनपर ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए और 12वीं में अनन्या सानयाल ने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा के सेंट जोसेफ स्कूल की 10वीं में वैश्नवी सिंह ने 98.40 प्रतिशत और 12वीं में अदिती सैनी ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए।

जनपद गौतमबुद्ध नगर की टॉपर अनन्या सानयाल ने मैथ में 96 इकोनॉमिक में 92 पॉलिटिकल साइंस में 98 हिस्ट्री में 97 और इंग्लिश में 97 अंक अर्जित किए। उन्होंने सेल्फ स्टडी की। एग्जाम के दिन रोजाना करीब 10 घंटे पढ़ाई की। हालांकि उनका मानन है खुद पर भरोसा, सेल्फ स्टडी और टाइम मैनेजमेंट ये गुरु मंत्र है। जिनसे बेहतर स्कोर किया जा सकता है। हा जरुरत पड़ने पर ट्यूशन और यू ट्यूब से मदद ली जा सकती है। लेकिन सोशल मीडिया की अन्य साइट टाइम किलिंग मशीन की तरह है। उनके पिता सप्तऋषि और माता वर्षा दोनों की वर्किंग है। लेकिन दोनों की पूरा सपोर्ट उनको मिला। इसके अलावा टीचरों का सहयोग सबसे ज्यादा रहा। कही भी सवालों या किसी प्रकार क्वेरी में उन्होंने पूरी मदद की। वे आग इकोनॉमिक में रिसर्च करना चाहती है। इसके लिए वे यूएसए जाकर अपनी स्टडी को आगे बढ़ाएंगी।

वहीं 10वीं के टॉपर नमन ने पीसीबी, इंग्लिश, स्पेनिश, कंप्यूटर और ज्योग्राफी के सब्जेक्ट से हाईस्कूल में 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। उनका मानना है टाइम मैनेजमेंट से बेहतर कुछ नहीं। स्कूल के साथ उन्होंने ट्यूशन और ऑनलाइन क्लासेस भी ली। किसी सवाल में फंसने पर टीचर के साथ ऑनलाइन क्लासेस से काफी मदद मिली। पूरे साल टाइम मैनेजमेंट के साथ पढ़ाई की वो भी सुबह। क्योंकि सुबह फ्रेंश माइंड रहता है। जिससे जो भी पढ़ो आसानी से गेन होता है। वे पर्यावरण साइंस को लेकर सजग है और इसी में अपना फ्यूचर बनाना चाहते है।



■ सेल्फ स्टडी, टाइम मैनेजमेंट और ऑनलाइन अध्ययन से हासिल किया लक्ष्य





# बढ़ती गर्मी में जल आपूर्ति को लेकर नगर निगम सतर्क

**गाजियाबाद,** 6 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम एक्टिव मोड में आ गया है। नहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि वे खुद मौके पर जाकर नलकूपों का निरीक्षण करें और व्यवस्था को पुख्ता करें। किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जोंनवार प्रतिदिन निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया है।

नगर आयुक्त ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ की जा रही है, नलकूप तथा हैंडपंप यदि किसी परेशानी से नहीं चल रहे हैं तो उनके कनेक्शन करना तथा उनका नियमित मरम्मत करके चालू रखना तेजी से कराया जा रहा है। शहर में लगभग 300 से अधिक 30 एचपी के नलकूप है, 1050 से अधिक छोटे नलकूप है, लगभग 7000 हैंडपंप भी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए लगे हुए हैं, आवश्यकता पड़ने पर 64 टैंकरों से क्षेत्र में जलापूर्ति कराई जा रही है, अधिकारियों को रोस्टर के क्रम में नियमित क्षेत्र में बने रहने के लिए कहा गया है। जलकल विभाग की टीम ने तेजी से आवश्यकता पड़ने पर नलकूपों हैंडपंप की मरम्मत का कार्य भी कराया जा रहा है बढ़ती गर्मी को देखते हुए पानी के टैंकरों को आवश्यकता अनुसार क्षेत्र में भेजा जा रहा है। लगभग 5 नलकूप बिजली कनेक्शन के कारण बंद थे उनको तुरंत चालू कराया गया है। गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग करते हुए कई सामाजिक संस्थाओं ने आवश्यकता को देखते हुए अस्थाई रूप से प्याऊ भी लगाए गए हैं। जिस पर नगर आयुक्त द्वारा सामाजिक संस्थाओं को मोटिवेट करते हुए उत्साहवर्धन किया गया, जलकल विभाग संबंधित समस्या के लिए मोहन नगर तथा वसुंधरा जोंन के लिए 918178016856 पर, सिटी तथा कवि नगर जोन अंतर्गत 918178016854 पर विजयनगर जोन अंतर्गत 918178018395 पर संपर्क कर सकते हैं।



सभी नलकूपों की स्वयं मौके पर जाकर जांच करें अधिकारी : नगर आयुक्त



## सार संक्षेप

### चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर हवन व गोष्ठी आयोजित



**गाजियाबाद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर सोमवार को चितौड़ा गांव में हवन पूजा कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, पहले सभी ने हवन में आहुति डालकर स्वर्गीय चौधरी साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर विचार गोष्ठी में भाग लिया सभी ने स्वर्गीय चौधरी साहब द्वारा किए गए किसान हित के कार्यों को बताते हुए चौधरी साहब को याद किया। चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी व अजय वीर सिंह ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी की कलम में जब भी ताकत आई तो उन्होंने किसान कमरों के लिए कलम चलाई चौधरी साहब जब उद्योग मंत्री बने तो 44 शुगर मिल लगवाने का काम किया और शुगर मिल की दूरी 25 किलोमीटर से 15 किलोमीटर करा कर किसान को खुशहाल करने के लिए कदम उठाया। अरुण चौधरी भुल्लन हिमांशु नगर और प्रदीप मुखिया आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर दिलावर सिंह, हरेंद्र फौजी, सोहनपाल सिंह, सुशील सिंह, भीम सिंह, मनोज कुमार, जुगंदर सिंह, समरजीत सिंह, ऋषिपाल सिंह, डायरेक्टर इंद्रपाल सिंह, पहलाद सिंह, मास्टर योगेंद्र सिंह, प्रेमवीर आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

### दो वृद्ध महिलाओं की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नोएडा।** सेक्टर 34 स्थित अपना घर आश्रय में रहने वाली दो वृद्ध महिलाओं की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों महिलाएं लंबे समय से बीमार थीं और अपना घर आश्रम में रह रही थीं। सेक्टर-24 थाना प्रभारी ने बताया कि अपना घर आश्रय में रहने वाली 62 वर्षीय सीमा को वहां की कर्मचारी शिवांगी ने रविवार रात को नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके अलावा अपना घर आश्रय में ही रहने वाली एक 70 वर्षीय महिला मोमिना को वहां पर काम करने वाली सुमन नामक कर्मचारी ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां पर डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया है कि दोनों महिलाएं लंबे समय से बीमार थीं। आश्रम में काम करने वाले कर्मचारियों से महिलाओं की मौत के संबंध में पूछताछ की गई है।

### 40 वर्षीय व्यक्ति को सांप ने काटा

**नोएडा।** छिजारसी कॉलोनी में रहने वाले 40 वर्षीय व्यक्ति को रविवार रात को सांप ने काट लिया। उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजनों ने उसे उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। संबंधित व्यक्ति की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। सेक्टर-63 थाना प्रभारी ने बताया कि कॉलोनी में रहने वाले सतपाल रविवार को अपने पर थे। इसी दौरान सांप ने उन्हें काट लिया। सतपाल ने तुरंत इसकी जानकारी घर के सदस्यों को दी। इसके बाद उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ती देख उसे दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# नोएडा में ध्वस्त की जा रही 4 मंजिला इमारत

**नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। प्राधिकरण की अर्जित जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर प्राधिकरण सख्त है। करीब एक सप्ताह पहले प्राधिकरण ने सेक्टर-104 की खसरा नंबर 412 पर बनी एक इमारत को सील किया था। जिस पर लिखा था ये इमारत अवैध है। नोटिस का जवाब नहीं देने पर सोमवार को प्राधिकरण की टीम दस्ता और स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। यहां प्राधिकरण ने इमारत को ध्वस्त करने के लिए अंदर से उसे तोड़ना शुरू किया।



■ सात दिन पहले की गई थी सील
■ 4000 वर्गमीटर में हुआ है अवैध निर्माण

ये इमारत चार फ्लोर की है। जिसका कंस्ट्रक्शन अभी चल रहा था। इस दौरान सभी फ्लोर पर बने कांच के केबिन और शीशों को तोड़ा गया। कोई हंगामा न हो इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। आगामी दो से तीन दिनों में इमारत को ध्वस्त किया जाएगा। साथ ही जमीन को प्राधिकरण अपने कब्जे में लेगा। ये जमीन प्राधिकरण की नियोजित जमीन है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि भूमाफियाओं ने खसरा नंबर 412 की जमीन पर कब्जा किया था। ये जमीन करीब 4000 वर्गमीटर के आसपास है। इसकी कीमत करीब 22 करोड़ रुपए के आसपास आंकी जा रही है। इस पर तेजी के साथ निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण अधिकारियों ने विजिट के दौरान इसे सील करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया था। साथ ही भू माफियाओं के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी के साथ ही प्राधिकरण ने हिंडन विहार के आसपास बनी इमारतों को भी सील किया था। यहां भी कार्रवाई की जाएगी। बता दे अब तक प्राधिकरण करीब एक महीने में करीब 1.20 लाख वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए अवैध निर्माण हटाया। इस कुल जमीन की कीमत करीब 600 करोड़ रुपए के आसपास है।

# 25 प्रतिशत बकाया जमा न करने वाले बिल्डरों पर होगी कार्रवाई

**नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। बिल्डर बायर्स समस्या को हल करने के लिए शासन की ओर से बिल्डर को एक आखिरी मौका दिया जा रहा है। इसके लिए शासन की ओर से नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है। शासन ने निर्देशित कि जिन बिल्डरों ने अब तक अमिताभ कांत की सिफारिश के अनुसार 25 प्रतिशत बकाया नहीं जमा किया है। उनको एक बार दोबारा से नोटिस जारी किया जाएगा। इस नोटिस में नेट ड्यूज का उल्लेख किया जाए। साथ ही बताया जाए कि आपके 60 दिन की अवधि कब समाप्त हो रही है।

इसके बाद भी यदि बिल्डर बकाया रकम जमा नहीं करते तो उनके खिलाफ लीज कैंसिलेशन, पार्शियल लीज कैंसिलेशन, अटैचमेंट आदि की कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं जिन बिल्डरों ने यह धनराशि जमा कर दी है। उनकी सूचना शासन को अवगत कराया जाए। शासन ने ये भी निर्देश दिए कि सर्वप्रथम बिल्डर जिनके ऊपर प्राधिकरण के ड्युज है उन्हें कुल बकाया राशि, शासनादेश में दिए गए कोविड-19 रिलीफ की धनराशि और नेट ड्यूज की राशि से अवगत कराया जाए। इसका कैलकुलेशन थर्ड पार्टी से कराया जाए। बिल्डर को ड्यूज राशि के बारे में लिखित में अवगत कराया जाए। इस एक कापी बिल्डर से रिसीव कराई जाए इसकी तिथि भी अवगत कराए। ताकि समय से ड्यूज नहीं जमा करने पर शासनादेश के तहत इन बिल्डर पर एक्शन लिया जा सके।

बता दे नोएडा और ग्रेटर नोएडा में करीब 2500 लोगों की रजिस्ट्री हो चुकी है। नोएडा प्राधिकरण में अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद अब तक 57 बिल्डरों में से 42 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत पैसा जमा करने पर सहमति दी है। जिसमें से 16 बिल्डरों ने पैसा जमा कर दिया है। इसके तहत अब कुल 425 से ज्यादा रजिस्ट्री हुई है। वहीं ग्रेटर नोएडा में 40 बिल्डर ने सहमति दे दी थी और करीब 16 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत पैसा जमा किए। इससे करीब 2000 से ज्यादा रजिस्ट्री हो चुकी है।

■ शासन निर्देश के तहत एक बार जारी किया जाए अंतिम नोटिस
■ बकाया बताकर बिल्डर से ली जाए नोटिस की रिसीविंग

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, 213 लोगों ने कराई स्वास्थ की जांच

**गाजियाबाद,** 6 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ कान, नाक गला विशेषज्ञ डॉ. बीपी त्यागी ने कैला भट्ठा में नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ शिविर लगाया। जिसमें 213 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। डॉ. त्यागी ने बताया कि डॉ. त्यागी ने बताया कि शिविर में जो मरीज देखे उनमें ईएनटी के मरिजो के साथ पेट व गले के मरीज ज़्यादा थे। एंट्राइटिस के मरीज मिलना यह दर्शाता है कि केले भट्ठे में पानी की सप्लाई ठीक नहीं है। मरीजों ने बताया कि कभी कभी तो पानी में गंदगी साफ़ दिखाई देती है। गंदे पानी से पेट, लिवर, आंत व गले की बीमारी देखने को मिली। करीब 213 मरीज देखे। कुछ मरीज फ्री ऑपरेशन के लिए बुक किए। सभी मरिजो को जांच के लिए एमएमजी रेफेर किया गया। कैम्प में डॉबीपी त्यागी के साथ डॉ. अर्जुन, डॉ. अरशद, डॉ. सैफी, डॉ. संजय खन्ना, ललित, सेखर, अमित, दीन, विकास यादव व रितेश ने मदद की।



# एनईए अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन (एनईए) के अध्यक्ष विपिन मल्हन और अन्य पदाधिकारियों को फोन पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। कॉल करने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गैंग का सदस्य बताया था। नोएडा पुलिस इस मामले में शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कॉल करने वाले की तलाश की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मनोहर लाल शर्मा हुई। वह ट्रक चलाता है और ये एक प्रैंक कॉल थी।

पुलिस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने धमकी भरी यह कॉल एनईए के महासचिव वीके सेठ को की थी। वीके सेठ ने इस मामले में फेज-वन थाने में केस दर्ज कराया है। वीके सेठ ने शिकायत में बताया कि 4 मई को एनईए कार्यालय के टेलीफोन नंबर पर दोपहर करीब 2 से 2.15 बजे के बीच अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का आदमी बताया। साथ ही कहा कि गाली-गलौज करते हुए एनईए के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन एवं एनईए के स्टाफ को जान मार देगा। जब उन्होंने कॉल करने वाले से उसका नाम और पता पूछा तो उसने कॉल काट दी। मामला नोएडा के उद्यमियों के संघ से जुड़ा होने के चलते नोएडा पुलिस भी अलर्ट हो गई है। पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बताया कि उसने प्रैंक कॉल की थी।

# छह महीने में नशे के 389 सौदागर पहुंचे सलाखों के पीछे

**नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत बीते छह माह में 389 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला कई गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा है। कई ड्रग्स फैक्ट्री का भी इस दौरान भंडाफोड़ हुआ है।

कमिश्नरेट पुलिस की ओर से सोमवार को जारी किए गए आंकड़े के अनुसार एक नवंबर 2023 से 30 अप्रैल 2024 तक पुलिस की टीमों ने जनपद के अलग-अलग हिस्से से आरोपियों के पास से 1593 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इसकी बाजार में अनुमानित कीमत तीन करोड़ 98 लाख 22 हजार 250 रूपए आंकी गई है। इस दौरान 14.67 किलोग्राम स्मैक भी पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद की। इसकी कीमत बाजार में 58 लाख 68 हजार रुपए के करीब है। साथ ही 26.670 किलोग्राम एमडीएमए ड्रग्स भी पुलिस ने बरामद किया है। इसकी कीमत करीब 150 करोड़ रुपए के करीब है। 0.5 किलोग्राम अन्य मादक पदार्थ भी पुलिस ने इस दौरान बरामद किया है। अभियान के तहत हर जोन में एक-एक विशेष टीम बनाई गई जिनका काम मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्यों की जानकारी जुटाकर उनपर कार्रवाई करने का था। क्राइम रिस्पांस टीम को भी इसमें लगाया गया था। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के आसपास सक्रिय तस्करों को पुलिस का इस दौरान जोर रहा।

**मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना स्तर पर इसके लिए विशेष टीम बनाई जा रही है। इस दौरान ड्रग्स, गांजा और शराब की तस्करी करने वाले करीब दस गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। आगे भी अभियान जारी रहेगा : लक्ष्मी सिंह, पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर**

### एक हजार के करीब शराब तस्कर भी गिरफ्तार

अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वालों तस्करों पर भी इस दौरान पुलिस की विशेष नजर रही। आबकारी अधिनियम के तहत बीते छह महीने में अवैध तरीके से शराब की तस्करी करने वाले 972 तस्करों को पुलिस ने दबोचा है। इनके कब्जे से 22858 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। इसकी अनुमानित कीमत 91 लाख 43 हजार 20 रुपए के करीब है। इसके अलावा तस्करों के पास से करीब 55 लाख रुपए की 5124 लीटर देशी शराब भी बरामद हुई है। बरामद देशी और अंग्रेजी शराब की कुल कीमत एक करोड़ 46 लाख रुपए के करीब है। शराब तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अन्य प्रदेशों व अन्य जिलों से लगने वाले बार्डरों पर बैरियर लगाकर चेकिंग करती है। आबकारी विभाग की ओर से समन्वय स्थापित किया जाता है और सूचनाएं एक दूसरे से साझा की जाती हैं।

# सावधान! बाल विवाह किया तो खैर नहीं, हो सकती है जेल

**गाजियाबाद,** 6 मई (देशबन्धु)। आने वाली 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर यदि किसी ने बाल विवाह करने या कराने की कोशिश की तो उसे जेल की हवा खानी पड़ सकती है। जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। उसकी नजर हर विवाह कार्यक्रम पर रहेगी कि कहीं बाल विवाह तो नहीं हो रहा। इस कुरुति पर रोक के लिए अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह ने बाकायदा निर्देश जारी किए है। साथ ही उन्होंने एक हेल्प नम्बर भी जारी किया है।

यदि कही पर बाल विवाह होता पाया जाए तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 एवं पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 112 और संरक्षण अधिकारी गाजियाबाद के मोबाइल नम्बर 9821559749 पर सूचित किया जा सकता है। ताकि समय रहते करवाई की जा सके।

भले ही आज हमारा समाज लाख तरक्की करने का दावा करता हो, लेकिन बाल विवाह जैसी कुरुति आज भी हमारे समाज मे विधमान है। इस कुरुति को खत्म करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह ने सोमवार को बताया कि अक्षय तृतीया के पर्व के अवसर पर बाल विवाह होने की सम्भावना प्राय: देखी जाती रही है।

इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल विवाह के रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। जिसके क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, चाइल्ड लाइन, इत्यादि को निर्देशित किया गया है कि अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले सम्भावित बाल विवाहो को रोकने की प्रभावी कार्यवाही की जाये। जिसके लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल संरक्षण इकाई गाजियाबाद, चाइल्ड लाइन गाजियाबाद और वन स्टाप सेंटर 1 व 2 को जिला प्रशासन का सहयोग करते हुए बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए है। साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाने को कहा गया है।




■ अक्षय तृतीया पर जिला प्रशासन की रहेगी ऐसे तत्वों पर नजर
■ हेल्प लाइन नम्बर पर की जा सकती है शिकायत

# बुनियादी सुविधाओं से वंचित सरस्वती विहार निवासी लखनऊ तक निकालेंगे साइकिल यात्रा

■ सीपी पाठक

**खोड़ा,** 6 मई (देशबन्धु)। खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में वार्ड 26 सरस्वती विहार के अंतर्गत सोमवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में खोड़ा में पेयजल शिक्षा चिकित्सा और मकानों पर स्थाई पते न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। शीघ्र ही समस्याओं का समाधान न होने पर लखनऊ तक साइकिल से यात्रा निकालने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने कहा कि चालीस वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी दस लाख आबादी को पेयजल शिक्षा चिकित्सा पार्क श्मशान घाट बारातघर आदि बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ता है। पेयजल के लिए वर्ष 2016 से जनप्रतिनिधियों द्वारा कालोनी को गंगाजल के लिए बार बार वादे किया गए। परंतु अभी तक पेयजल का समाधान नहीं हो पाया। लाखों की संख्या में छात्र छात्राओं को दिल्ली नोएडा और गाजियाबाद के स्कूलों का सहारा लेना पड़ता है अथवा निजी स्कूलों में मोटी रकम चुकाकर शिक्षा दिलवानी पड़ती है। चार प्राथमिक विद्यालय के भरोसे ही यहां के नौनिहालों को शिक्षा दी जा रही है। कई गरीबों के बच्चे स्कूलों के अभाव और मोटी रकम का इंतजाम न होने से वंचित हो जाते है। कालोनी में चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के सहारे चिकित्सा सुविधा मिल रही है। जिसमें दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सिर्फ टीकाकरण का कार्य किया जाता है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद राशन की दुकानों पर रात्रि दो बजे तक लाइन में लगना पड़ता है। अधिकारियों से शिकायत करने पर राशन डीलरो के खिलाफ कोई कारवाई नहीं की जाती। भ्रष्टाचार चरम पर है। एक वर्ष से नगर पालिका परिषद द्वारा कोई विकास कार्य नहीं कराया गया। विपरीत सात वर्षों का गृहकर बिना सुविधाओ के वसूला जा रहा है। गंगाजल वाटर सप्लाई के लिए कागजों में सत्तर टैंकरों से सप्लाई की जा रही है। 34 वार्डों में एक ही टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। तीन वर्ष पहले नगर पालिका परिषद द्वारा मकानों पर स्थाई पते देने का कार्य शुरु किया गया था।

चार सेक्टरों में पते देने के बाद कार्य बंद करवा दिया गया। छह सेक्टरों में मकानों पर स्थाई पते का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। बैठक में समस्याओं का समाधान न होने पर लखनऊ तक विरोध में साइकिल यात्रा निकालने पर विचार किया गया। बैठक में हंस बेलवाल, पंकज पाल, उमेश सतपाल, ललित मिश्र, केशव राम, नरेंद्र गोसाई, बबलू रस्तोगी, मदन कुमार, नरेश गौतम, रघुराज मास्टर, दीप नारायण, गोपाल पाण्डेय, अनिल मौर्य बृज मोहन गोसाई व अन्य कई लोग मौजूद रहे।



# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

मेडिकल डिवाइस में निवेश करने वाली कंपनियों को प्रदेश सरकार की तरफ से तमाम सहूलियत दी जा रही है। शत प्रतिशत विदेशी पूंजीनिवेश करने वाली कंपनियों को अलग से कई सुविधाएं प्रदान की जा रही है। कंपनियों को प्रदेश सरकार की तरफ से मेडिकल डिवाइस में निवेश करने वाले कंपनियों को उनके अनुसार तैयार करने के लिए स्किल डवलपमेंट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**डॉक्टर अरूणवीर सिंह, यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

# आईसीएसई 10वीं व आईएससी 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। आईसीएसई दसवीं व आईएससी बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा में सेन्ट जोसेफ स्कूल और जीसस एंड मेरी कान्वेन्ट स्कूल में बच्चे पढ़ते हैं। सेंट जोसेफ विद्यालय के विद्यार्थी परिणाम आने के बाद खुशी से उछल पड़े। परिणाम आने तक छात्रों का

- **परीक्षा परिणाम आने के बाद बच्चों में खुशी की लहर**
- **सेन्ट जोसेफ स्कूल के प्रधानाचार्य फादर एल्विन पिन्टों ने मिठाई खिलाकर बढ़ाया हौसला**





कौतूहल लगातार अपनी चरम सीमा पर था। जैसे ही परिणाम आने शुरू हो गए, छात्र एवं छात्राओं के बीच एक के बाद एक खुशी की तरंगें उठने लगी। अपनी मेहनत को अंको में देखकर छात्रों ने एक संतोष की अनुभूति की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, छात्र छात्राएं, उनके अभिभावक, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं मीडिया के लोग उपस्थित थे। छात्रों के प्रदर्शन के उपलक्ष में मिठाई वितरण कर मुंह मीठा करने की परंपरा का भी संपादन हुआ। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्य तथा शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया। छात्रों का कहना है कि यदि छात्र जीवन में अनुशासन का पालन नियमित रूप से करें तो सफलता प्राप्त करना उनके लिए सरल हो जाता है।

**कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम**

विज्ञान वर्ग में माही सिंह-96 प्रतिशत अनुभव सैनी 95.75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वीतीय टॉपर रही, वाणिज्य वर्ग में अदिति सैनी 96 प्रतिशत अंकों के साथ, मानविकी वर्ग में लावण्या चौहान 94.25 प्रतिशत अंकों के साथ में टॉप किया है। इसके अलावा सलोनी सिंह ने 95.5 प्रतिशत, दक्षिता चौधरी ने 94.75 प्रतिशत, श्रेयांश पांडे ने, 94 प्रतिशत खुशी वर्धन राव ने 93.5 प्रतिशत, आदित्य कुमार मिश्रा, अविरल सैनी, याना नागर और तनिषा शर्मा ने 92.75, प्रताप सिंह राणा ने 92.5 प्रतिशत, तथा ओम शंकर ने 92.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

**कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम**

दसवीं कक्षा में वैष्णवी सिंह ने 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल टॉप किया है। कक्षा दसवीं में दूसरे स्थान पर रहे सत्यम 97.60 प्रतिशत तथा तीसरे स्थान पर रही है शिवप्रिया पाठक 97.00 प्रतिशत अंको के साथ, इसके अलावा द्रोण कुमार 96.80 प्रतिशत, कुमारी ईशा 96.20 प्रतिशत, आर्यन संतोष मानकर 95.80 प्रतिशत, रिद्धि कटोच 95.60 प्रतिशत, ऐना तारिक, शिवांगी रंजन 95.40 प्रतिशत, वाणी तिवारी शैलजा गोयल 95.20 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। दसवीं कक्षा में इस वर्ष 200, एवं 12वीं कक्षा में 156 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया जिसमें इस वर्ष के परिणाम शत प्रतिशत एवं बेहतर तथा संतोषजनक रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ. ऑल्विन पिंटो ने सभी छात्रों को बधाइयां दी तथा साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीष भी दिया।



## जीसस एंड मेरी स्कूल में 10वीं में सुहानी सिंह व 12वीं में अनन्या रही अव्वल

जीसस एण्ड मेरी स्कूल 10वीं परीक्षा परिणाम में सुहानी सिंह को 96.2 प्रतिश अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया, दूसरे स्थान पर संध्या गोस्वामी, तीसरे स्थान पर अन्वी भारद्वाज 95.8 प्रतिशत और निखिल सारस्वत 95 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर रहे। दसवीं में 178 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जो सभी पास हुए हैं। बारहवीं में अनन्या उपाध्याय को 95.75 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, करन चौहान 95.25 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर नितिन पाण्डेय 95 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर और आर्षिता रोहिल्ला 94.25 प्रतिशत अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। बारहवीं में 95 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें 93 बच्चों को सफलता मिली है। स्कल के प्रधानाचार्य रोगिमन थामस ने सभी सफल विद्यार्तियों को बधाई दी है।

# वैष्णवी सिंह को जिले में मिला तीसरा स्थान

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। ओमेक्स पाम ग्रीन सोसाइटी में रहने वाली वैष्णवी सिंह ने जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। वैष्णवी सिंह ने हाई स्कूल में जनपद में तीसरा और विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया है। वैष्णवी सिंह ने सेंट जोसेफ स्कूल से पढ़ाई करते हुए दसवीं कक्षा में 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वैष्णवी ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। अब वह 11वीं कक्षा में पीसीबी के साथ इकोनॉमिक्स लेकर आगे की पढ़ाई करेंगी। उनका इकोनॉमिक्स में ज्यादा रुझान है। वह आगे चलकर इकोनॉमिक्स के क्षेत्र में ही कुछ बड़ा और हटकर करना चाहती हैं। वैष्णवी ने बताया कि उन्होंने मैथ में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। जिसके लिए वह रोजाना 6 घंटे पढ़ाई करते थी। वहीं, अन्य विषय हिंदी में 99, इंग्लिश में 99, विज्ञान में 96, सोशल साइंस में 98 और कंप्यूटर में 96 अंक प्राप्त किया। अच्छे अंक लाने के लिए उन्होंने शुरू से ही नियमित रूप से पढ़ाई की। ताकि अंतिम समय में ज्यादा तनाव न लेना पड़े। उन्होंने मोटिवेशन के लेने के लिए आचार्य प्रशांत के वीडियो भी देखे। जिनसे उन्हें अधिक प्रेरणा मिली और अपना पढ़ाई में ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि आगे चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और मेहनत करेंगे।



- **गणित में मिले शत-प्रतिशत अंक, सेन्ट जोसेफ स्कूल किया टॉप**
- **बिना किसी ट्यूशन के हासिल किए अच्छे अंक, आचार्य प्रशांत की है अनुयाई**

# यीडा 30 जून तक 8700 किसानों को देगा सात फीसदी आबादी का आवंटन पत्र

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने लोकसभा चुनाव के बाद किसानों का बड़ा तोहफा देने की योजना तैयारी की है। आठ गांव के जिन किसानों को सात फीसदी आबादी का भूखंड नहीं मिल पाया है, उन्हें प्राधिकरण 30 जून तक आवंटन पत्र जारी करेगा। इससे करीब प्राधिकरण के 8700 किसानों को लाभ मिलेगा। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने विदेश यात्रा से लौटने के बाद सोमवार को कार्यालय पहुंच कर अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना खत्म होने के बाद विकास कार्यों को गति देने के लिए

- **यमुना प्राधिकरण में अनुमोदित बजट को लेकर तैयार किया एक्शन प्लान, अब हर बुधवार होगी बैठक**

पूरा एक्शन प्लान तैयार किया। सीईओ ने सबसे पहले किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले वाले सात फीसदी आबादी भूखंड को लेकर समीक्षा किया। अधिकारियों की तरफ से सात फीसदी भूखंड को लेकर किए गए फाइल को सीईओ ने मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि 30 जून तक 100 फीसदी किसानों को आबादी भूखंड का आवंटन पत्र जारी कर दिया। जिन गांवों में अभी तक आबादी भूखंड को पात्रता की सूची का प्रकाशन नहीं किया गया, उसका प्रकाशन चार जून के बाद कर दिया जाए। जिससे सभी किसानों को आबादी का भूखंड मिल जाए।

आवासीय सेक्टर 18 व 20 में जिन आवंटियों को भूखंड की रजिस्ट्री कराने के लिए लीज प्लान नहीं जारी किया गया, उसके बारे में फाइल तलब। सीईओ ने बताया कि अब 924 आवंटियों को भूखंड की रजिस्ट्री के लिए लीज प्लान जारी कर दिया गया। उनकी रजिस्ट्री जल्द कराकर भूखंड पर कब्जा दिया जाएगा। इसके अलावा करीब अन्य आवंटियों का लीज प्लान जल्द जारी करने का निर्देश दिया।

वित्तीय साल 2024-25 को लेकर अनुमोदित बजट को लेकर भी सीईओ ने अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बजट को लेकर एक्शन प्लान तैयार करने के लिए गया है। इसे लेकर हर सप्ताह बुधवार को वित्त विभाग के साथ बैठक होगी। जिसमें अनुमोदित बजट का एक्शन प्लान और योजनाओं आदि की समीक्षा की जाएगी।

# विकसित भारत 2047 के लिए सभी को देनी होगी आहुति : उपराष्ट्रपति

## बिमटेक के 36वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री देकर किया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,**19 मई (देशबन्धु)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट (बिमटेक) के 36 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुए, जिसका आयोजन जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में किया गया। मुख्य अतिथि ने पीजीडीएम के विद्यार्थियों को डिग्री प्रादान कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स अध्यक्ष जयश्री मोहता और डॉ. प्रबीना राजीब, निदेशक, बिमटेक शामिल हुई। उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए भारत देश में युवाओं के कर्तव्य को याद दिलाते हुए भविष्य के भारत को याद दिलाया। वैश्विक सेनेरियो को देखते हुए भारत में बहुत अधिक सम्भावना है, दुनिया के देश भारत की तरफ देख रहे हैं। हमारे युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करके अपने समाज और




देश के लिए काम करेंगे। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था वाला देश है, भारत तेजी से बढ़ने वाली अर्थ व्यवस्था है। आज 5 बिलियन बैंक एकाउंट्स, डिजिटल लेनदेन हो रहा है। भारत जी-20 की अध्यक्षता करते हुए पूरी दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम का एक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए सभी को आहुति फार लोकल पर केन्द्रित करते हुए भारत के उत्पादन पर जोर दिया। धनखड़ ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन ही नहीं है, बल्कि, यह प्रगति, सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव की आधारशिला भी है। शिक्षा उस ताले की वह कुंजी है जो प्रगति, समृद्धि और सशक्तिकरण के द्वार खोलती है। शिक्षा सबसे बड़ा अधिकार और दान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई मौलिक अधिकार नहीं हो सकता और शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। इस अवसर पर जयश्री मोहता ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे बिमटेक समुदाय के लिए एक मील का पत्थर है। हमें उपलब्धियों और बैच आकार में वृद्धि पर बेहद गर्व है। आज हम यहां वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण की पराकाष्ठा का जश्न मनाने के लिए आए हैं।

# जापान की चार बड़ी कंपनियां ने मेडिकल डिवाइस में निवेश की जताई इच्छा

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मेडिकल डिवाइस में जापान की चार बड़ी कंपनियों ने निवेश की इच्छा जताई है। शत प्रतिशत विदेशी निवेश वाली चारों कंपनियों के प्रतिनिधि जून में मेंडिकल डिवाइस का दौरा करेगी। इसके बाद निवेश को लेकर अपनी सहमति देगी। फार्मास्यूटिकल्स, रक्त बैग, डिस्पोजेबल चिकित्सा उपकरण, हृदय प्रणाली, संवहनी ग्राफ्ट, पेरिटोनियल डायलिसिस, रक्त ग्लूकोज निगरानी प्रणाली, चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल थर्मामीटर सहित चिकित्सा उत्पादों और उपकरणों का निर्माण और बिक्री करने वाली कंपनी भी शामिल है। अगर सब कुछ ठीक रहा और जापान की चोरों कंपनी मेडिकल डिवाइस में कई सौ करोड़ के विदेशी पूंजीनिवेश कर सकती है।

केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की सहयोग से यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण किया जा रहा है। मेडिकल डिवाइसेस पार्क के निर्माण को यमुना प्राधिकरण को नोडल एजेंसी बनाया गया है। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क मैं निवेश प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के डेलिगेशन द्वारा जापान के टोक्यो शहर में आयोजित मेडटेक शो मैं प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास







- **जून की चारों बड़ी कंपनियों मेडिकल डिवाइस में निवेश को आएंगी यमुना प्राधिकरण**
- **जापान में 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित विश्व प्रसिद्ध मेडटेक शो मैं प्रतिभाग किया**

विभाग के प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण अनिल कुमार सागर के नेतृत्व में डॉक्टर अरुण वीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण तथा सलाहकार संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा जापान में 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित इस विश्व प्रसिद्ध में मेडटेक मैं प्रतिभाग किया। जिसमें मेडिकल डिवाइस से जुड़ी 26 कंपनियों के साथ अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें जापान की चार बड़ी कंपनी रेरूमा, ताइशो, टेक्नो होराइजन, मेनिस ग्रुप को यमुना प्राधिकरण की तरफ से मेडिकल डिवाइस में दी जा रही सुविधाओं को सराहा और उन्होंने निवेश की इच्छा जताई। जून में चारों कंपनी के प्रतिनिधि यमुना प्राधिकरण पहुंच कर सेक्टर 28 में बन रहे मेडिकल डिवाइस का भी दौरा करेंगे। इसके बाद निवेश को लेकर फैसला लेगा।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने बताया कि मेडिकल डिवाइस में निवेश करने वाली कंपनियों को प्रदेश सरकार की तरफ से तमाम सहूलियत दी जा रही है। शत प्रतिशत विदेशी पूंजीनिवेश करने वाली कंपनियों को अलग से कई सुविधाएं प्रदान की जा रही है। कंपनियों को प्रदेश सरकार की तरफ से मेडिकल डिवाइस में निवेश करने वाले कंपनियों को उनके अनुसार तैयार करने के लिए स्किल डवलपमेंट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर कंपनी के लिए करीब 500 कर्मचारियों को स्किल डवलपमेंट का प्रशिक्षण पांच साल के लिए दिया जाएगा। जिसका सारा खर्च प्रदेश सरकार वहन करेगी। सीईओ ने बताया कि जापान की कंपनियों को प्रदेश सरकार का यह प्रस्ताव सबसे अच्छा लगा। आज तक किसी कंपनी को प्रशिक्षित कामकार उपलब्ध की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जापान की रेरूमो कंपनी फार्मास्यूटिकल्स, रक्त बैग, डिस्पोजेबल चिकित्सा उपकरण, हृदय प्रणाली, संवहनी ग्राफ्ट, पेरिटोनियल डायलिसिस, रक्त ग्लूकोज निगरानी प्रणाली, चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल थर्मामीटर सहित चिकित्सा उत्पादों और उपकरणों का निर्माण करती है। ताइशो कंपनी वेडसाइट, मॉनिटरिंग, पंप आदि मेडिकल डिवाइस से संबंधित उपकरण का निर्माण करती है। टेक्नो होराइजन रोबोटिक सर्जरी का उपकरण तैयार करती है। मेनिस ग्रुप आर्टीफियल इंटेलीजेंसी उपकरण तैयार करती है।

उल्लेखनीय हैं कि भारत सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार की नोडल एजेंसी यमुना एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा अपने सेक्टर नोएडा इंटरनेशनल एअरपोर्ट के समीप सेक्टर 28 में विकसित किए जा रहे हैं मेडिकल डिवाइस पार्क में अभी तक करीब 74 कंपनीज को भूखंड आवंटित किया जा चुके हैं। इन आवंटनों से प्राधिकरण में करीब रुपए 1415.24 करोड़ का निवेश प्राप्त हुवा है तथा उत्तर प्रदेश में 8895 रोजगारों का सृजन हुवा है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# शाहबेरी के रास्ते ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद आना जाना होगा सुगम

**ग्रेटर नोएडा,** 6 मई (देशबन्धु)। शाहबेरी के रास्ते ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद आना जाना सुगम हो जाएगा। यहां 12 सौ मीटर रोड के चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया गया है, जो लगभग छह माह में पूरा हो जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इस पर 3.25 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। निर्माण के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए रूट डायवर्जन कर दिया गया है। हालांकि लोगों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। रोड चौड़ी किए जाने की मांग पिछले काफी समय से की जा रही थी।

- **1200 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण इसी माह हो जाएगा शुरू**
- **ग्रेनो प्राधिकरण खर्च कर रहा 325 करोड़ रुपए**
- **लगभग 1200 मीटर रोड की जा रही है चौड़ी, छह माह में चौड़ीकरण का काम होगा पूरा**

दरअसल शाहबेरी में रोड सकरी होने के कारण इस रास्ते से होकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मार्केट होने वजह से लोग रोड के किनारे गाड़ी खड़ी कर देते हैं, ऐसे में परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। जबकि सुबह से देर रात तक यातायात का काफी दबाव रहता है। मार्केट में जाम लग जाता था। इस समस्या से निजात के लिए क्षेत्र के लोग पिछले काफी समय से रोड चौड़ी किए जाने की मांग कर रहे थे। इसको देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 12 सौ मीटर रोड के चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है। इस काम को पूरा करने का लक्ष्य छह माह निर्धारित किया गया है। रोड चौड़ी हो जाने के बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद आना जाना सुगम हो जाएगा।






ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि शाहबेरी में रोड चौड़ीकरण का काम शुरू करा दिया गया है। यातायात के दबाव और रोड सकरी होने के कारण चौड़ीकरण की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। काम पूरा हो जाने के बाद आना जाना सुगह हो जाएगा।

# कुणाल हत्याकांड को लेकर सांसद से लेकर विधायक तक ने पुलिस पर बनाया दबाव

**रबूपुरा,** 6 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के हाईटैक जनपद में कुणाल हत्याकांड अभी भी एक अनसुलझी पहेली बना हुआ है। अपहरण होने से लेकर शव मिलने 6 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। ह्रदय विदारक घटना के चलते आमजन से लेकर जनप्रतिनिधियों ने भी जिले सुरक्षा व्यवस्था मो लेकर चिंता व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को सांत्वना दी एवं वारदात के आरोपी व लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ0 महेश शर्मा ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी और दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि आरोपियों को बक्सा नहीं जाएगा। उधर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिख कर घटना से अवगत कराते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। 'किसान व व्यापारी संगठनों की घटना की निंदा' दर्दनाक घटना के बाद आमजन में आक्रोश व्याप्त है। किसान व व्यापारी संगठनों ने घटना की निंदा करते हुए जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है। भारतीय किसान यूनियन (भूमि पुत्र) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र उर्फधीरू भैय्या ने कहा कि कमिश्नरेट में पद संभालने के लिए अधिकारियों की फौज तैनात है लेकिन सुरक्षा व्यवस्था जीरो है।



- **कुणाल हत्याकांडः पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा पीड़ित परिवार को दी सांत्वना**
- **जेवर विधायक ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखकर की उच्चस्तरीय जांच की मांग**

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0- गौतमबुद्व नगर उ0प्र0।
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS17 आवासीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन संख्या 1602/H, Block/Tower-H, Area-83.38 Sqmt., Sector-Omicron-01, Allotment No.-BHS171293 Greater Noida के आवंटी Smt. Ruchi Sharma W/o Sh. Manoj Kumar Sharma के पक्ष में आवंटित है। आवंटी Smt. Ruchi Sharma की मृत्यु दिनांक 17.02.2019 को हो गयी है। मृतक आवंटी के पुत्र Sh. Bhaskar Bhardwaj S/o Sh. Manoj Kumar Sharma द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Smt. Ruchi Sharma W/o Sh. Manoj Kumar Sharma के स्थान पर मृतक आवंटी के पुत्र Sh. Bhaskar Bhardwaj S/o Sh. Manoj Kumar Sharma R/o House No.-318, Block-E, Sector-Beta-01, Greater Noida, Distt.- G.B. Nagar-201308 (U.P.) के पक्ष में पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण।

ग्रेटर नाएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट नं0-1 सैक्टर नॉलिज पार्क-49, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्वनगर।
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बी0एच0एस11 आवासीय योजना के अर्न्तगत भवन संख्या616एफएफ, ब्लॉक-डी, सैक्टर-03, आकार-30 वर्गमीटर आवंटन सख्या-बी0एच0एस1192663, श्री राज कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 रोशन लाल गुप्ता के नाम आवंटित है। आवंटी श्री राज कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 रोशन लाल गुप्ता की मृत्यु दिनांक 15.09.2023 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन को वारिसान के आधार पर उनकी पुत्री श्रीमती रचना गुप्ता पुत्री स्व0 राज कुमार गुप्ता एवं पत्नी श्री मूल चन्द निवासी मकान नं0-बी-201, सैक्टर-49, नोएडा, गौतमबुद्वनगर, उत्तर प्रदेश-201301 द्वारा उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में उक्त भवन का वारिसान के आधार पर नामांतरण श्री राज कुमार गुप्ता पुत्र स्व० रोशन लाल गुप्ता के स्थान पर उक्त भवन को उनकी पुत्री श्रीमती रचना गुप्ता पुत्री स्व0 राज कुमार गुप्ता एवं पत्नी श्री मूल चन्द निवासी-मकान नं-बी-201, सेक्टर-49, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश-201301 के नाम प्राधिकरण अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 07 मई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# भाजपा फिर रामभरोसे

रविवार की शाम को जब लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अंतर्गत 11 राज्यों-केन्द्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों के लिये प्रचार बन्द हो चुका था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या के उसी रामलला मंदिर में पहुंचे जिसकी प्राणप्रतिष्ठा उन्होंने 22 जनवरी को की थी। जिस उद्देश्य को लेकर आधे-अधूरे मन्दिर में भव्य समारोह के जरिये यह काम हुआ था, उसने धर्माचार्यों एवं धर्म का मर्म समझने वालों के एक बड़े वर्ग को चाहे नाराज़ किया हो परन्तु भारतीय जनता पार्टी को उम्मीद थी कि राममंदिर का 5 सदियों का कथित विवाद हल करने का सियासी लाभ अवश्य मिलेगा।


जिस तीसरे चक्र की वोटिंग मंगलवार को होने जा रही है, उसमें भाजपा की हालत वैसी ही खस्ता समझी जा रही है जिस प्रकार से पहले हुए दो चरणों (19 व 26 अप्रैल) के मतदान के बाद लगाये गये अनुमानों में बतलाई गई थी।ज्यादातर सर्वे भी बतला रहे हैं कि इंडिया गठबन्धन ने पहले चरण से ही बढ़त बना ली थी जो दूसरे चरण के मतदान में और भी सघन हो गई। अधिकतर विश्लेषक और राजनीतिक टिप्पणीकार कह चुके हैं कि मंगलवार के मतदान के बाद भाजपा के हाथ से चुनाव निकल चुका रहेगा। उसके बाद इतनी कम सीटें रह जायेंगी कि उसके लिये नुकसान भरपायी की गुंजाइश तक नहीं बचेगी। राज्यवार विश्लेषण भी दर्शाते हैं कि अब भाजपा की बड़ी आशा नरेंद्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात से ही है। दूसरा भरोसा उसे उत्तर प्रदेश से था परन्तु वहां समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर कांग्रेस ने सीटों का जैसा बंटवारा किया है और जिस सुन्दर तालमेल के साथ दोनों दलों के नेता (खासकर राहुल गांधी व अखिलेश यादव) प्रदेश को मथ रहे हैं, उससे भाजपा की अनेक सीटें उसके हाथ से निकलती दिखाई दे रही हैं। यहां 2019 में भाजपा ने 80 में 62 सीटें जीती थीं।

भाजपा एवं उसके गठबन्धन एनडीए के लिये देश भर में चल रहा 'दक्षिण में साफ उत्तर में हाफ' का नारा यूं ही शोर मचाने के लिये नहीं लग रहा है- जमीन की वास्तविकता भी यही बतला रही है। जिन सीटों पर चुनाव हो चुके हैं, जिन पर मंगलवार को होने जा रहे हैं और बची-खुची जिन पर शेष चार चरणों में होंगे, उनमें इंडिया गठबन्धन मजबूत दिखाई दे रहा है। दक्षिण को लेकर जो कहा जा रहा है अगर वह शत-प्रतिशत सही न भी हो, तब भी ज्यादातर लोगों को यह मानने से कोई गुरेज़ नहीं है कि भारत के सांस्कृतिक रूप से सम्पन्न व विवेकपूर्ण समाज वाले द्रविड़ प्रखंड के पांचों राज्य (तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, आंध्रप्रदेश व तेलंगाना) इंडिया गठबन्धन की झोली लबालब करने जा रहे हैं। यह भी अब मोटे तौर पर साफ हो गया है कि पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र व बिहार भाजपा के वाटरलू साबित होंगे। राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश में 2018 के विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी जिस तरह से भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत मिली थी, वैसा अबकी होना सम्भव नहीं बतलाया जा रहा है। ये तीनों राज्य गेमचेंजर हो सकते हैं जिनमें कांग्रेस अब मुकाबले में लौट आई है। हरियाणा व उत्तराखंड (किसान आंदोलन के कारण) तथा दिल्ली व पंजाब (अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के चलते) भाजपा की पकड़ में वैसे नहीं रह गये हैं, जिस प्रकार से वे वर्तमान लोकसभा में हैं। मणिपुर के दुखद प्रसंग के चलते पूर्वोत्तर राज्यों तथा अनुच्छेद 370 हटाये जाने के चलते जम्मू, कश्मीर व लद्दाख में भी भाजपा विरोधी लहर है।

पिछले दिनों एक प्रतिष्ठित संस्था द्वारा कराये गये सर्वे ने बताया है कि लोगों के लिये धर्म व राष्ट्रवाद के मुद्दे गौण हैं। उन्होंने रोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार जैसे मसलों को वरीयता दी है जो मतदान करते समय उनके जेहन में रहेंगे। भाजपा व एनडीए की मुश्किलों की शुरुआत यहीं से होती है। एक ओर तो जिस पुलवामा व बालाकोट की घटनाओं के जरिये उभारे गये राष्ट्रवाद के बल पर उसने पिछला चुनाव जीता था, वैसा कुछ होता प्रतीत नज़र नहीं आ रहा है, तो दूसरी तरफ, चुनाव आधा रास्ता पार कर चुका है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अब तक अपने ध्रुवीकरण, विपक्षियों के कथित भ्रष्टाचार तथा कांग्रेस के परिवारवाद के कार्ड के अलावा कोई दूसरी काट इंडिया गठबन्धन के प्रचार को विफल करने के लिये नहीं ढूंढ़ पाये हैं। फिर, कांग्रेस के न्याय पत्र के आगे लाचार नज़र आ रहे मोदी ने इतना समय व ऊर्जा जाया कर दी है कि अब उनके पास अपनी पार्टी के घोषणापत्र व खुद की गारंटियों की चर्चा करने की शक्ति ही नहीं बची हुई है। उन्होंने पहले कांग्रेस के न्याय पत्र पर 'मुस्लिम लीग की छाया' बतलाई तो बाद में कहा कि 'कांग्रेस ऐसा कानून लायेगी कि लोगों के मंगलसूत्र तक छीनकर मुसलमानों में बांट देगी।' गांधी परिवार को बदनाम करने के लिये मोदी ने कभी कहा कि 'राजीव गांधी ने इंदिरा की सम्पत्ति पाने के लिये विरासत टैक्स खत्म कर दिया', तो कभी दावा किया कि 'जब तक वे (मोदी) जीवित हैं, किसी को भी दलितों, पिछड़ा वर्गों, आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को नहीं देने देंगे।'

इसके विपरीत रणनीतिक सूझबूझ से जनसरोकार के मुद्दों पर टिके रहकर कांग्रेस-इंडिया ने इस चुनाव को संविधान तथा लोकतंत्र की लड़ाई में बदल दिया। विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां, उन्हें भाजपा में शामिल कराना, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग, ईवीएम, इलेक्टोरल बॉन्ड्स और अब कोविशील्ड पर हुए खुलासे से घिरते मोदी रामभरोसे होते हैं तो बिलकुल आश्चर्य नहीं करना चाहिये।

# अगर भाजपा का पिछले दस साल का शासन ट्रेलर था तो अब क्या होगा!



राम पुनियानी

> 'यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम' के अनुसार, 'पिछले एक साल में भारत की केन्द्रीय, प्रांतीय और स्थानीय सरकारों ने ऐसी नीतियां अपनाई हैं जो विभिन्न धर्मों के बीच भेदभाव करती हैं और ऐसे कानून बनाए हैं जो धर्मपरिवर्तन, अंतर्धार्मिक रिश्तों, हिजाब पहनने और गौवध को प्रतिबंधित करते हैं और जिनका मुसलमानों, ईसाईयों, सिक्खों, दलितों और आदिवासियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।'

जहां तक प्रोपेगेंडा का सवाल है, हमारे प्रधानमंत्री का मुकाबला कम ही नेता कर सकते हैं। एक ओर वे कांग्रेस की कई घोषणाओं को सांप्रदायिक बता रहे हैं तो दूसरी ओर यह दावा भी कर रहे हैं कि उनके 10 साल के शासनकाल की उपलब्धियां शानदार और चमकदार तो हैं हीं मगर वे मात्र ट्रेलर है। और यह भी कि 2024 में उनकी सरकार फिर से बनने के बाद वे और बड़े काम करेंगे। उनके समर्थक उनकी सरकार की उपलब्धियों का गुणगान कर रहे हैं। मगर सच यह है कि उनकी सरकार ने कोई कमाल नहीं किया है।

मोदी भक्त कहते हैं कि मोदी राज में इन्टरनेट के उपयोग और हवाई यात्राओं में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है, 42 करोड़ नए बैंक खाते खुले हैं, 11 करोड़ नए एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, 22 करोड़ लोगों का बीमा किया गया है, राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में तेजी आई है और करदाता बढे हैं। इसके अलावा, भारत ने कई देशों को कोविड वैक्सीन का निर्यात किया है जिससे दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया गया है।

ये सारे आंकड़े न तो यह साबित करते हैं कि आम जनता के हालात बेहतर हुए हैं, ना यह कि भारत पहले से बेहतर प्रजातंत्र है और ना ही यह कि यहां के लोगों को लोकतान्त्रिक अधिकार और स्वतंत्रताएं हासिल हैं। कई ऐसे कदम उठाए गए हैं जिनसे जनकल्याण बाधित हुआ है और लोगों के अधिकार सीमित हुए हैं।

सन् 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद से कैबिनेट शासन प्रणाली कमज़ोर हुई है और सारी शक्तियां उनके हाथ में केन्द्रित हो गई हैं। अधिकांश मामलों में सारे निर्णय वे ही लेते हैं। इसके दो उदाहरण हैं-नोटबंदी और कोरोना महामारी से निपटने के लिए उठाए गए कदम। नोटबंदी केवल माननीय मोदीजी का निर्णय था और हमें बताया गया था कि इससे कालाधन अर्थव्यवस्था से बाहर हो जायेगा। लेकिन हुआ क्या ? जनता को बेइंतिहा परेशानियां झेलनी पडीं। करीब 100 लोगों ने पुराने नोट बदलने के लिए बैंकों के बाहर लम्बी लाईनों में खड़े-खड़े अपनी जान गंवाई। और अंतत: बंद किये गए नोटों में से 98 प्रतिशत बैंकों में आपस आ गए।

कोरोना महामारी एक बड़ी विपदा थी जिसे मोदी ने और बड़ा बना दिया। उन्होंने कुछ घंटों के नोटिस पर पूरे देश में कड़ा लॉकडाउन लगा दिया। हम सबने उन लोगों की त्रासदी देखी है जिन्हें पैदल शहरों से अपने गांवों में जाना पड़ा। गंगा में तैरती हुई लाशों और उसके तटों पर बिखरे हुए शवों से साफ़ यह हो गया था कि लोगों ने क्या भोगा है।

संवैधानिक संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों की स्वायत्तता पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। वे सरकार, बल्कि श्री मोदी के इशारों पर नाच रही हैं। चाहे वह ईडी हो या सीबीआई, चाहे वह आयकर विभाग हो या चुनाव आयोग- कोई भी निष्पक्षता से काम नहीं कर रहा है। यहां तक कि न्यायपालिका भी सरकार के पक्ष के झुकी हुई लग रही है।

जहां तक प्रजातंत्र का सवाल है, वी. डेम नामक एक स्वायत्त और स्वतंत्र संस्थान, जो पूरी दुनिया में प्रजातंत्र की स्थिति का आंकलन करता है, ने 2024 में भारत को 'सबसे निकृष्टतम तानाशाहियों' में से एक बताया है। सन् 2018 में इसी संस्थान ने भारत को 'निर्वाचित तानाशाही' बताया था। संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत की आबादी दुनिया की कुल आबादी का करीब 18 प्रतिशत है मगर भारतीय, दुनिया की आधी ऐसी आबादी हैं जो निरंकुश शासन व्यवस्था के अंतर्गत रह रहे हैं।'

जहां तक प्रेस की स्वतंत्रता का सवाल है, हर व्यक्ति यह देख सकता है कि देश का मीडिया उन धन्नासेठों के नियंत्रण में है जो मोदी सरकार के नज़दीक है। 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, मीडिया की स्वतंत्रता के मामले में 180 देशों में भारत 161वें नंबर पर है। केवल एक साल में वह 150 से 161वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत में अपनी बात खुलकर कहने और सरकार की आलोचना करने को देशद्रोह बताया जाता है और हमारे अनेक समर्पित और प्रतिबद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता सालों से जेलों में हैं और उन पर क्या आरोप हैं, यह भी तय नहीं हुआ है।

'यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम' के अनुसार, 'पिछले एक साल में भारत की केन्द्रीय, प्रांतीय और स्थानीय सरकारों ने ऐसी नीतियां अपनाई हैं जो विभिन्न धर्मों के बीच भेदभाव करती हैं और ऐसे कानून बनाए हैं जो धर्मपरिवर्तन, अंतर्धार्मिक रिश्तों, हिजाब पहनने और गौवध को प्रतिबंधित करते हैं और जिनका मुसलमानों, ईसाईयों, सिक्खों, दलितों और आदिवासियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।'

ह्यूमन राइट्स वाच भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों की स्थिति का वर्णन करते हुए कहता है, 'भारत में सरकार ने ऐसी नीतियां और कानून बनाये हैं जो मुसलमानों के साथ सुनियोजित ढंग से भेदभाव करते हैं और सरकार के आलोचकों को कलंकित करते हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के पूर्वाग्रहों ने पुलिस और अदालतों जैसी स्वतंत्र संस्थाओं में भी घुसपैठ कर ली है। इसके चलते (हिन्दू) राष्ट्रवादी समूह बिना किसी डर के धार्मिक अल्पसंख्यकों को आतंकित और प्रताड़ित कर रहे हैं और उन पर हमले कर रहे हैं।'

देश की आर्थिक स्थिति खस्ता है और बेरोज़गारी बढ़ती जा रही है। मोदी ने वायदा किया था कि उनकी सरकार हर साल दो करोड़ रोज़गार देगी। मगर देश में बेरोज़गारी की दर अपने उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी के अनुसार, 'भारत में बेरोज़गारी की दर जनवरी 2024 में 6.8 प्रतिशत थी, जो फरवरी 2024 में बढ़ कर 8 प्रतिशत हो गई।' मार्च 2024 में यह कुछ कम हुई मगर अब भी यह पिछले 40 सालों में सबसे ज्यादा है।

हंगर इंडेक्स समाज में पोषण की स्थिति का पता लगाने का उत्तम माध्यम है। हंगर इंडेक्स में भारत 121 देशों में 107वें स्थान पर है। इस मामले में भारत पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी पीछे है।

ऑक्सफेम इंडिया की रिपोर्ट (सरवाईवल ऑफ़ द रिचेस्ट) हमें बताती है कि 'देश के मात्र 5 प्रतिशत नागरिक, देश की 60 प्रतिशत संपत्ति के मालिक हैं और नीचे के पचास प्रतिशत नागरिक, कुल संपत्ति में से केवल 3 प्रतिशत के स्वामी हैं।'

पिछले दस सालों में दलितों की स्थिति में गिरावट आई है। जाने माने अध्येता सुखदेव थोराट के अनुसार, 'शहरी इलाकों में दलितों का उपयोग अकुशल श्रमिकों के रूप में किया जा रहा है। भारत के केवल पांच प्रतिशत दलित आरक्षण की व्यवस्था से लाभान्वित हुए हैं... हालांकि भारत सरकार के निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों से भी दलितों को लाभ पहुंचता है मगर सरकार इन योजनाओं के कार्यान्वयन पर कड़ी नज़र नहीं रखती और कई योजनाओं का क्रियान्वयन होता ही नहीं है...।'

शिक्षा और वैज्ञानिक शोध को मजाक बना दिया गया है। तार्किक सोच पर आस्था हावी है। जिस देश का प्रधानमंत्री यह दावा करे कि प्राचीन भारत में ऐसे प्लास्टिक सर्जन थे जो मनुष्य के सर पर हाथी का सिर फिट कर सकते थे और यह कि बादलों के कारण भारत के लड़ाकू विमानों को रडार नहीं पकड़ सकीं, उस देश में शिक्षा और विज्ञान की स्थिति की कल्पना की जा सकती है।

अगर, जैसा कि मोदीजी कहते हैं, पिछले दस साल तो केवल ट्रेलर थे तो अगर वे सत्ता में वापस आते हैं तो भारत सामाजिक-राजनैतिक-आर्थिक दृष्टि से पाकिस्तान के साथ कड़े मुकाबले में होगा।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

# अप्रत्याशित रुप से राहुल गांधी का मनोबल बढ़ा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

■ के रवीन्द्रन

> यह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में भ्रम था जिसने विपक्ष को बिना पीएम उम्मीदवार के चुनाव का सामना करने के लिए प्रेरित किया, और इस बात पर जोर दिया कि पहला काम मोदी की पीठ देखना था। राहुल गांधी को तस्वीर से दूर रखने की अपनी बेताब कोशिश में, ममता और केजरीवाल ने मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में प्रस्तावित किया।

भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की पहचान की राजनीति के एक नये चरण के साथ तालमेल बिठाते हुए, राहुल गांधी पर अपने हमले की तीव्रता बढ़ा दी है, वह गांधी परिवार पर एक बड़ा उपकार कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि मोदी ने विपक्षी इंडिया गुट के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के मुद्दे को राहुल के पक्ष में सुलझा लिया है।

राहुल गांधी ने अतीत में लगातार प्रधानमंत्री पर अडानी और अंबानी का आदमी, चोर चौकीदार और कई अन्य बातें कहकर खुद को मोदी के खिलाफ खड़ा करने की असफल कोशिश की है। लेकिन 2024 के चुनावों के अभियान में, विशेषकर पहले दो चरणों के मतदान के साथ, मोदी ने अपने अभियान को एक नया मोड़ दे दिया है। यह मोदी ही हैं जो राहुल को अपने खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। यह कांग्रेस पार्टी के लिए अरबों रुपये का बोनस है, अन्यथा उसने राहुल को विपक्ष के पीएम पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने के लिए बड़ी रकम खर्च की होती, इसके अलावा अन्य दावेदारों से गंभीर प्रतिरोध का सामना भी करना पड़ता।

हाल के दिनों में राहुल गांधी के लिए उनके अपमानजनक उपनाम शहजादा ने और अधिक लोकप्रियता हासिल की है और मोदी के चुनावी भाषणों का मुख्य आघार बन गया है। यहां तक कि वह कह रहे हैं कि पाकिस्तानी और वे सभी जो भारत की प्रगति को देखने से नफरत करते हैं, राहुल को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठते देखना चाहते हैं, एक तरह से यह स्वीकार करते हुए कि अगर कभी विपक्षी की सरकार बनती है तो वही इसका नेतृत्व करेंगे। वास्तव में मोदी ने स्पष्ट रूप से ममता, केजरीवाल, अखिलेश और अन्य सभी को दौड़ से बाहर कर दिया है।

इस प्रकार मोदी ने इंडिया गुट को सबसे जटिल समस्या से उबरने में मदद की है। एक समय क्षेत्रीय क्षत्रपों की प्रधानमंत्री पद की महत्वाकांक्षा पर विपक्षी एकता लड़खड़ा रही थी। ममता ने विपक्षी पाले से गेंद खेलने से इनकार कर दिया, क्योंकि उन्हें लगा कि कांग्रेस के पास इस प्रतिष्ठित पद के लिए केवल एक ही नाम है। अरविंद केजरीवाल ने भी खुद को कोई झटका नहीं माना क्योंकि उनकी पार्टी को अपनी अखिल भारतीय क्षमता का तेजी से एहसास हो रहा था। नीतीश कुमार, जिन्होंने खुद को मोदी की जगह पर खड़ा करने का सपना देखा था, तब से किनारे लग गये हैं, और उन्हें पाला गया, पालतू बनाया गया और मृत घोड़ा घोषित कर दिया गया, जबकि केजरीवाल पीएम हाउस तक तबादले के सपने देखने के बजाय तिहाड़ जेल में अपने समय बिताने के प्रति अधिक जुनूनी हैं।

यह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में भ्रम था जिसने विपक्ष को बिना पीएम उम्मीदवार के चुनाव का सामना करने के लिए प्रेरित किया, और इस बात पर जोर दिया कि पहला काम मोदी की पीठ देखना था। राहुल गांधी को तस्वीर से दूर रखने की अपनी बेताब कोशिश में, ममता और केजरीवाल ने मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में प्रस्तावित किया और कांग्रेस अध्यक्ष ने, हालांकि अपनी प्रतिक्रिया में विनम्र थे, कुछ ज्वलंत सपने देखे।

एनसीपी के दिग्गज नेता शरद पवार ने यहां तक कह दिया कि चुनाव में जाने के लिए किसी सर्वसम्मत पीएम उम्मीदवार की जरूरत नहीं है। वह सही था- 1977 के चुनाव में मोरारजी देसाई कहीं से आये और प्रधानमंत्री बन गये। इसी तरह, प्रधानमंत्री पद की कमान नरसिम्हा राव पर अचानक से आ गई, जब वह दिल्ली से अपने हैदराबाद स्थित घर के लिए लगभग तैयार हो चुके थे। मोरारजी और राव दोनों का कार्यकाल युगांतकारी था, लेकिन शपथ ग्रहण से पहले तक दोनों को उस ट्रॉफी का कोई अंदाज़ा नहीं था जो उनका इंतज़ार कर रही थी।

विपक्षी खेमे में असमंजस की स्थिति भाजपा के लिए परेशानी का सबब थी, जिसके नेताओं ने इंडिया गुट पर तंज कसने और उसे परेशान करने का कोई मौका नहीं गंवाया। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पिछले सप्ताह एक चुनावी रैली में कहा था, 'अगर भाजपा और उसके सहयोगी लोकसभा चुनाव जीतते हैं तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन कोई नहीं जानता कि इंडिया ब्लॉक का पीएम उम्मीदवार कौन है।'

गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के कामकाजी बहुमत हासिल करने की स्थिति में प्रधानमंत्री पद की म्यूजिकल चेयर की भी भविष्यवाणी की। 'क्या उनका कोई नेता है ? क्या आप लालू प्रसाद को प्रधानमंत्री बना सकते हैं; क्या एमके स्टालिन देश चला सकते हैं, क्या ममता बनर्जी ऐसा कर सकती हैं; क्या हम राहुल गांधी का नाम भी सोच सकते हैं ? भगवान न करे अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है, तो वे एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री पद साझा करेंगे,' शाह ने बिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा। उनका सपना था कि एक साल के लिए पवार पीएम बनें, एक साल के लिए लालू प्रसाद, एक साल के लिए ममता, एक साल के लिए स्टालिन और 'अगर कुछ बचा है तो राहुल बाबा'।

लेकिन मोदी ने राहुल पर ध्यान केंद्रित करके और विपक्ष के लिए आपत्तिजनक सभी चीजें गांधी परिवार के दरवाजे पर डालकर, जिसमें विवादास्पद 'विरासत कर' भी शामिल है, अपनी पार्टी के सहयोगियों के लिए पहेली सुलझा दी है। यह एक परोक्ष सुझाव से कहीं अधिक है कि विपक्ष का मतलब गांधी परिवार है। राहुल और उनकी कांग्रेस पार्टी इससे अधिक कुछ नहीं मांग सकती थी। मोदी ने कहा, 'भाजपा लोगों की संपत्ति बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस के शहजादा और उनकी बहन दोनों घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो देश का 'एक्स-रे' करेंगे।'

राहुल के लिए यह इतना अच्छा कभी नहीं रहा और वह वास्तव में अपनी नई-प्राप्त स्वीकृति का आनंद ले रहे होंगे। वह ज़रूर हंस रहे होंगे और मोदी से उनके सबसे अप्रत्याशित आशीर्वाद के लिए मौन प्रार्थना कर रहे होंगे।

## पावन प्रसंग

# मितव्ययी बनें, आय-व्यय का संतुलन बनाएं

पारिवारिक बंधन का महत्वपूर्ण पहलू धन है। इसी के आधार पर घर की सारी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। देखा जाए तो परिवार की सर्वाधिक शक्ति का उपयोग अर्थोपार्जन में ही जाता है। पुराने जमाने की बात नहीं करें। लेकिन जब से महंगाई ने अपना मुंह बड़ा किया है, तब से परिवार के परिजनों का जीवनयापन बड़ी कशमकशपूर्ण परिस्थिति में होने लगा है, क्योंकि आय के स्त्रोत सीमित हैं- महंगाई आय के अनुपात से अधिक बढ़ गई है। इस कारण घर खर्च पूरा नहीं पड़ता है। दूसरी ओर शान-शौकत के मूल्यों ने जीवन को विलासी बना दिया है। इन मूल्यों को पूरा करने के लिए परिवार के बजट का अधिकांश भाग खर्च होने लगा है। प्राथमिक आवश्यकता रोटी पर आजकल बहुत कम व्यय होता है। कपड़ा और अन्य विलासी सामानों पर भारी व्यय होने से परिवार के सामने अर्थ समस्या हर घड़ी बनी रहती है। इसकी पूर्ति के लिए परिवार के हर परिजन को कुछ-न-कुछ प्रयत्न भी करने पड़ते हैं।

परिवारों में शान-शौकत के पीछे एक दृष्टिकोण पनप गया है कि बढ़िया फर्नीचर, कीमती वस्तुओं टेलीफोन, फ्रीज आदि द्वारा रिश्तेदारों में और अपने संपर्क के लोगों पर अपना प्रभाव डाले रखना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि उनका परिवार दूसरों के सामने हीन समझा जाए। चाहे पति हो या पत्नी घर में इनमें से कोई एक भी इस शान-शौकत से भरी झूठी जिंदगी का हामी रहा तो घर में बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

विलासी वस्तुओं को अल्प वेतन में तो नहीं खरीद पाता है। अस्तु, वह इन शान-शौकत की वस्तुओं को उधार खरीदने लगता है। इसका परिणाम होता है कि वेतन का दो-तिहाई हिस्सा उधार ब्याज पूरा करने में ही खर्च हो जाता है। शेष वेतन में पत्नी घर का खर्च कैसे चलाए, क्योंकि घर में अच्छा भोजन, अच्छा साधारण रहन-सहन तथा अच्छा वातावरण इन तीनों की पूर्ति के लिए कुछ-न-कुछ वेतन का अधिक भाग व्यय करना पड़ता है। वह सब किस्तों की पूर्ति में खर्च हो जाता है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा आदि भी होते रहते हैं। किंतु किया क्या जाए ?

शान-शौकत भी रखी जा सकती है, किंतु इसका क्रम में रोटी, कपड़ा, मकान आदि के पश्चात आता है। यदि इन पर खर्च होने के बाद कुछ बचता है, तो शान-शौकत इतनी ऊंची भी न हो कि हैसियत की चादर को ही फाड़ डाले। फिर वक्त जरूरत के लिए बचत का भी बजट रहना चाहिए। घर की अनिवार्य आवश्यकताओं के पश्चात कीमती वस्तुएं परिवार के उपयोग में आने वाली हैं, तो किस्तों की अपेक्षा मासिक बचत करके कुछ महीनों के बाद कीमत चुकाकर ही खरीदना अधिक लाभदायक है क्योंकि किस्तों में तो दुकानदार ब्याज-बट्टा खाता आदि सभी गुंजाइश रखकर किस्त बांधता है। अच्छा यही है कि आवश्यक वस्तुओं की ओर दृष्टि जानी चाहिए।

घर में उधार के कारण पत्नी, बच्चे तथा परिवार के परिजनों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बाहर चाहे शान-शौकत दिखाई देती है, किंतु मन के भीतर ऋण का भार कचोटता रहता है। इससे मानसिक अशांति बनी रहती है। इस अशांति का प्रक्षेपण बच्चों-पत्नी पर आए दिन हुआ करता है। कहना चाहिए पारिवारिक जीवन में अव्यवस्थित वातावरण तैयार हो जाता है। क्या ये शान-शौकत की कीमती वस्तुएं मानसिक शांति को दूर कर सकने में मदद कर सकती हैं। प्रदर्शन में दूसरों का अनुकरण न करें। सादगी को आदर्श मानकर अपनी क्षमता और आवश्यकता के अनुरूप खर्च करेंगे तो जीवन सुखी और संतुष्ट बनेगा।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# खर्च का बोझ बढ़ाता मोबाइल, कम्प्यूटर, इंटरनेट का मायाजाल!

समाज मे आज मध्यम,निम्न वर्ग के लोगों द्वारा मोबाइल,कम्प्यूटर,इंटरनेटका बेजा व अनावश्यक उपयोग सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है, जो आम आदमी के लिए नशे की लत सदृश्य है। बच्चे,युवा मोबाइल के बेहद आदि हो गए हैं। उनकी इस आदत से पीछा छुड़ाना भी अभिभावकों के लिये सिरदर्द बन चुका है। टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के आविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के आविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90फीसदी लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह-शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40फीसदी लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन-रात उपलब्ध है।

विज्ञान की प्रकृति के साथ-साथ सूचना संचार माध्यम में आशातीत वृद्धि हुई है। इंटरनेट के माध्यम से न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती है बल्कि रोजगार प्राप्ति के लिए सहायक होते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कहा जाता है कि इंटरनेट दुनिया का सबसे बड़ा पुस्तकालय है। यहां सभी पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। इंटरनेट की एक को ही देखकर हमें भारतीय संदर्भ में आम उपभोक्ताओं के आर्थिक बजट को भी ध्यान में रखकर इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों पर नजर रख बातचीत करने के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ इंटरनेट उपलब्ध कराना एक विकल्प रखना चाहिए अन्यथा सीधा-सीधा इंटरनेट कंपनियां भारतीय आम उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ने का काम ही कर रही है। इसके अलावा इंटरनेट से बच्चों तक अवांछित नग्न दृश्य भी इंटरनेट आसानी से उपलब्ध कराकर उनके भविष्य से खिलवाड़ भी कर रहा है। लोग इंटरनेट का दुरुपयोग कर अश्लील साइटों को देखने और सूचनाओं को चुराने में भी सकते इससे साइबर अपराधों में वृद्धि हुई है। भयादोहन की घटनाएं भी बार-बार इंटरनेट के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। अत: भारतीय उपभोक्ताओं को यह सलाह है कि इंटरनेट का ज्ञान की तरह उपयोग करें ,कूड़ेदान की तरह नहीं। यदि इसका सही उपयोग ज्ञान के सागर में गोता लगाने के लिए किया जाए और ज्ञान उपलब्ध हो सके तो इससे अच्छी कोई बात नहीं हो सकती। बस इसके आर्थिक पक्ष पर भी समुचित नजर रखी जानी चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## अफगान पुलिस ने 34 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

**काबुल,** 6 मई (एजेंसियां)। अफगानिस्तानी पुलिस ने पिछले 24 घंटों के अंदर देश भर में तीन अपहरणकर्ताओं सहित 34 आपराधिक संदिग्धों को पकड़ा है। अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि कथित अपराधियों को हेरात, गजनी, समांगन, नंगरहार, ताखर और गोर प्रांतों में मादक द्रव्य निरोधक पुलिस द्वारा चलाए गए अभियानों के बाद गिरफ्तार किया गया है। एक सूत्र ने बताया कि हिरासत में लिये गये अधिकतर लोग हत्या और चोरी के मामलों में शामिल थे। सभी संदिग्धों को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों में ले जाया गया है।

# देश विदेश

# गाजा युद्ध पर बातचीत का एक और दौर समाप्त

■ हमास संगठन के नेताओं से परामर्श करने की योजना बनाई

**काहिरा/ तेल अवीव,** 6 मई (एजेंसियां)। गाजा युद्ध पर अप्रत्यक्ष बातचीत का एक और दौर रविवार को मिस्र की राजधानी काहिरा में समाप्त हो गया। इसके बाद हमास के प्रतिनिधि अपने नेतृत्व से परामर्श के लिए कतर जाने वाले हैं। हमास प्रतिनिधिमंडल ने मध्यस्थों के प्रस्तावों पर प्रतिक्रिया दी थी और मिस्र व कतर के प्रतिनिधियों के साथ उन पर चर्चा की थी। संगठन के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने रविवार शाम को काहिरा छोड़ने और कतर में संगठन के नेताओं से परामर्श करने की योजना बनाई है।

गाजा में महीनों से चल रहे संघर्ष का हल निकालने के लिए बातचीत का नया दौर शनिवार को शुरू हुआ था। इजरायल ने कोई प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा था। दरअसल, सरकार इंतजार करना और यह देखना चाहती थी कि क्या हमास मध्यस्थों के लेटेस्ट प्रस्ताव को स्वीकार करेगा, जिसमें अमेरिका भी शामिल है। इसमें इजरायल और हमास के बीच एक बहु-स्तरीय समझौते की परिकल्पना की गई है। जिसमें गाजा में बंद शेष इजरायली बंधकों की रिहाई हो, इजरायली जेलों से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई हो और गाजा में युद्ध समाप्त हो।

नवंबर में एक संक्षिप्त युद्धविराम के बाद संघर्ष के समाधान के लिए बातचीत महीनों से रुकी हुई है, जिसमें प्रगति की कमी के लिए इजरायल और हमास को दोषी ठहराया गया है। हमास ने रविवार को एक बयान में इस बात पर जोर दिया कि वह बातचीत सकारात्मक भावना और जिम्मेदारी से कर रहा है। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को फिर से अपना रुख दोहराया। उनका कहना है कि देश गाजा में युद्ध तब तक जारी रखेगा जब तक कि उसके सभी उद्देश्य हासिल नहीं हो जाते। अस्थायी युद्धविराम पर रुकी हुई बातचीत के लिए हमास को फिर से जिम्मेदार ठहराया। पीएम ने एक वीडियो संदेश में कहा कि हमास की मांगों के आगे झुकना इजराइल के लिए एक भयानक हार होगी। यह हमारे दोस्तों और हमारे दुश्मनों के सामने भयानक कमजोरी प्रदर्शित करेगा।

इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पीएम नेतन्याहू से बातचीत जारी रखने का आह्वान किया। रिपोर्टों के अनुसार, रविवार को एक फोन कॉल में राष्ट्रपति ने इजरायली प्रधानमंत्री को बातचीत को अच्छे परिणाम तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे क्षेत्र में तनाव कम हो सकता है। मैक्रों ने कथित तौर पर इस बात पर भी जोर दिया कि फ्रांस की प्राथमिकता सभी बंधकों की रिहाई है। फ्रांस चल रही बातचीत का पूरा समर्थन करता है।



### इजरायल ने कहा, हमास के मोर्टार हमले में 3 सैनिक मारे गए

**यरूशलम।** हमास के मोर्टार हमले में कम से कम इजरायल के तीन सैनिक मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर से फिलिस्तीनी एन्क्लेव और इजरायल के बीच केरेम शालोम क्रॉसिंग पर लगभग दस मोर्टार दागे गए। हमास ने हमले की जिम्मेदारी ली है। जवाबी कार्रवाई में इजरायली युद्धक विमानों ने उस लॉन्चर को निशाना बनाया जिससे मोर्टार दागे गए थे। क्षेत्र में स्थित एक सैन्य ढांचे पर हमला किया।

### इजरायल ने राफा पर किए हमले, 16 लोगों की मौत

**तेल अवीव।** हमास के रॉकेट हमले के बाद इजरायल की सेना ने सोमवार को राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमले में एक परिवार के नौ लोग और दूसरे परिवार के सात सदस्य मारे गए। हमास ने दक्षिणी इजरायल में केरेम शालोम के पास हमला किया था। इसके जवाब में इजरायल ने ये कार्रवाई की है। हमास के हमले में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के तीन सैनिक मारे गए और 11 सैनिक घायल हो गए। जबकि घायलों में 931 बटालियन के जवान और शेक्ड बटालियन का एक जवान शामिल है। आईडीएफ के अनुसार, हमला राफा क्षेत्र से सुबह-सुबह किया गया। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि युद्ध कैबिनेट सोमवार को बैठक करेगी और राफा पर जमीनी हमले पर फैसला करेगी। रक्षा मंत्री योव गैलेंट और बिना पोर्टफोलियो वाले मंत्री बेनी गैंट्ज़ दिन में बाद में होने वाली युद्ध कैबिनेट में हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि हाल ही में काहिरा में हुई अप्रत्यक्ष मध्यस्थता वार्ता में इजरायल ने अपनी जेलों में बंद 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में मौजूद अपने कम से कम 33 बंधकों को रिहा करने पर जोर दिया था।



## सुडोकू 6547

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 4 | | | | | 3 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | 6 | 5 | | 4 | 7 |
| | | 2 | 5 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | 3 | 1 | 4 | | |
| 7 | 8 | | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 6 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 7 मई, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 14

### राशिफल

मेष - आज आपका दिन अनुकूलता से भरा रहेगा। सभी कामों में सफलता मिलने से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आर्थिक क्षेत्र में आपका दिन लाभदायक साबित होगा।

वृषभ - आज आपका मन अनेक प्रकार की परेशानियों से घिरा रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा, विशेष रूप से अपनी आंख का ध्यान दें। घर में पारिवारिक सदस्य और स्नेहीजनों की तरफ से विरोध का वातावरण निर्मित होगा। खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

मिथुन - आज अनेक रूप से लाभ होने के कारण आपके उल्लास में दोगुनी वृद्धि होगी। पत्नी एवं बेटे की तरफ से लाभदायी समाचार मिलेंगे। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद मिलेगा।

कर्क - आज का दिन आप के व्यवसाय के लिए लाभदायी है। आप पर उच्च अधिकारियों की कृपा रहेगी। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। पदोन्नति की संभावना है। परिवार में आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। माता का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

सिंह - आज का दिन धार्मिक कामों में गुजरने वाला है। परिजनों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। आज पहले हाथ में आए काम को पूरा करें, फिर दूसरे काम की ओर बढ़ें। गुस्से पर संयम रखें।

कन्या - आज आपके लिए वाणी पर अंकुश और संयम रखना अत्यंत आवश्यक है। गुस्से के कारण परिजनों के साथ आपका मेल-जोल बना रहेगा और वैवाहिक जीवन में अधिक निकटता रहेगी। किसी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

तुला - आज का दिन मौज- मस्ती और मनोरंजन के साथ व्यतीत होगा। किसी नए व्यक्ति के साथ आकर्षण महसूस होगा और उनके साथ आपको प्रसन्नता मिलेगी। प्रवास में मित्रों और प्रियजनों का साथ आपके आनंद को दोगुना कर देगा।

वृश्चिक - आज का दिन हर तरह से सुखमय गुजरेगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा।

धनु - आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की जरूरत है। पेट संबंधित बीमारियों से परेशानी होगी। किसी भी काम में सफलता न मिलने से निराशा हो सकती है। साहित्य या अन्य किसी सृजनात्मक कला के प्रति रुचि रहेगी।

मकर - प्रतिकूलताओं का सामना करें। पारिवारिक क्लेश आपके मन को व्यथित करेंगे। माता का स्वास्थ्य चिंता पैदा कर सकता है। सार्वजनिक जीवन में अपयश या अपकीर्ति मान- प्रतिष्ठा को हानि पहुचाएंगे।

कुंभ - आज आपका मन बहुत राहत महसूस करेगा। शारीरिक स्वस्थता आपके उत्साह में वृद्धि होगी। पड़ोसियों और भाई बहनों के साथ अधिक मेल-मिलाप रहेगा। घर में मित्रों और स्नेहियों का आगमन आनंददायी बनेगा।

मीन - आज का दिन आर्थिक योजना बनाने के लिए बहुत अच्छा है। आप जो काम पूरा करने का निश्चय करेंगे, उसे पूरा कर सकेंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। आपकी आय भी बढ़ेगी। सुंदर स्थान पर प्रवास पर जाने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश ने युद्ध अपराधों के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराने का किया आह्वान

**ढाका,** 6 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने वर्तमान फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष को तत्काल समाप्त करने, मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने, युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराने का आह्वान किया है। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय के अनुसार, गाम्बिया की राजधानी बंजुल में 15वें ओआईसी शिखर सम्मेलन में हसन महमूद ने कहा कि हमें, ओआईसी के सदस्यों को गाजा संकट को समाप्त करने के लिए बहु-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का हिस्सा बनना चाहिए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री ने कहा कि ओआईसी को इस्लामोफोबिया का मुकाबला करने, सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए सरकारों और संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ तथा अन्य संगठनों जैसे अंतर-सरकारी संस्थाओं के साथ बातचीत जारी रखनी चाहिए।



# यूक्रेन में हवाई हमलों के कारण बिजली गुल

**कीव,** 6 मई (एजेंसियां)। यूक्रेनी अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सुमी के उत्तर-पूर्वी यूक्रेनी सीमा क्षेत्र में रूसी हवाई हमलों के कारण कई ड्रोन को मार गिराए जाने के बावजूद बिजली गुल हो गई। अधिकारियों ने कहा कि तीन जिलों और क्षेत्रीय राजधानी सुमी में 4,00,000 से अधिक घर प्रभावित हुए। रूसी सेना ने 13 ईरान निर्मित लड़ाकू ड्रोनों से क्षेत्र पर हमला किया।

ऊर्जा आपूर्तिकर्ता उक्रेनेर्गो के अनुसार 12 ऊर्जा प्रणालियां क्षतिग्रस्त हो गई। इस बीच 1,300 से ज्यादा गांवों में बिजली गायब रही। हालांकि, उनमें से अधिकांश को फिर से बिजली की आपूर्ति की गई है। यूक्रेन दो साल से अधिक समय से रूसी आक्रमण झेल रहा है।




मिसाइलों और ड्रोनों से किए गए रूसी हमलों ने बार-बार देश की बिजली आपूर्ति को निशाना बनाया है। मार्च में भारी हमलों के बाद से विशेष रूप से खारकीव के पूर्वी यूक्रेनी क्षेत्र में नियमित रूप से बिजली गुल हो रही है।

### रूसी सीमावर्ती क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमले में छह लोगों की मौत

**मॉस्को।** रूसी सीमा क्षेत्र बेलगोरोड में यूक्रेनी ड्रोन हमले में छह लोग मारे गए। बेलगोरोड के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने सोमवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि यूक्रेनी बलों ने बेरियोजोव्का गांव के पास तीन वाहनों को निशाना बनाया, जिससे 35 लोग घायल हो गए। जिन तीन वाहनों को निशाना बनाया गया, उसमें कथित तौर पर दो वाहन मजदूरों को ले जाने वाली बसें थी, हालांकि, उनके नियोक्ताओं के बारे में कोई और विवरण उपलब्ध नहीं है। ग्लैडकोव ने एक तस्वीर भी साझा की।



## वर्ग पहेली 6547



**बायें से दायें:-**

१. गर्भपात
३. ऊटपटांग, बेढंगा
५. भवन-निर्माण, अंत:पुर का रक्षक
६. बचकर किनारे से निकलना, कतराना (मुहावरा
७. भर्त्सना करना
९. सहृदय, संवेदनशील संजीदा
१०. अफवाह, किंवदंती
१२. जल, पानी
१३. लोहे, लकड़ी आदि का चूरा
१४. जिसे अधिकार मिला हो, अधिकार संपन्न
१६. वायु, हवा
१८. भीतर
२०. सब कुछ जानने वाला परमेश्वर
२१. व्यापार (उर्दू)
२३. उसी समय का, तुरंत होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. अधीरता, उत्कंठा, अत्यधिक इच्छा
२. एक हीस मय में हो या रहने वाला सम सामयिक
३. बहुत ज्यादा, प्रचुर
४. पारिश्रमिक
५. जगह की कमी
८. नाटक करने या लिखने वाला
१०. समुद्र
११. चांदी
१२. खिन्न, भावहृदय
१३. ऊंचा (उर्दू)
१४. नाराज, नाखुश
१५. आभार, उपकार मानने का भाव
१६. स्तंभ, स्तंभ रूप में बनी इमारत (उर्दू)
१८. करसम्पुट
१९. कामदेव की पत्नी
२२. गरम, उष्ण, तपा हुआ

### वर्ग पहेली-6546



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## अनिल कुमार खंडेलवाल ने किया जम्मू-कश्मीर में यूएसबीआरएल परियोजना का दौरा

■ परियोजना के चल रहे कार्यों का निरीक्षण व समीक्षा की

**नई दिल्ली/जम्मू,** 6 मई (देशबन्धु)। अनिल कुमार खंडेलवाल सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड ने ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक राष्ट्रीय परियोजना के श्रीनगर-संगलदान-कटरा सेक्शन का गहन और विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे और कोंकण रेल कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित थे।

उन्होंने अपना निरीक्षण श्रीनगर छोर से संगलदान तक ट्रेन/निरीक्षण कार द्वारा शुरू किया। इसके बाद उन्होंने संगलदान से लेकर आगे कटड़ा तक मोटर ट्रॉली निरीक्षण किया। रास्ते में उन्होंने सवालकोट यार्ड और कटड़ा के पास सुरंग संख्या टी-33 में चल रहे शेष महत्वपूर्ण कार्यों का गंभीरता से निरीक्षण किया, जो पूरी परियोजना के चालू होने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने प्रगति की गति पर संतोष व्यक्त किया और परियोजना अधिकारियों को सुरंग टी-33 के काम की बारीकी से निगरानी करने का निर्देश दिया। इस परियोजना को भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे चुनौतीपूर्ण रेलवे लाइन में से एक से माना जाता है, जो भूवैज्ञानिक जटिलताओं से भरे युवा हिमालय से होकर गुजरती है । हर दिन, भारतीय रेल कश्मीर घाटी को शेष रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के और करीब पहुंच रही है।





## आज से शुरू होगा पुतिन का पांचवां कार्यकाल

**मास्को,** 6 मई (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में संपन्न संघीय चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतने के बाद अपने पांचवें कार्यकाल की शुरुआत मंगलवार को करने जा रहे हैं। रूसी सरकार के सूत्रों के अनुसार 87 प्रतिशत वोट के साथ निर्वाचित होने वाले पुतिन सात मई को पांचवीं बार राष्ट्रपति पद ग्रहण करेंगे और इस के साथ ही उनका 2030 तक नया छह साल का राष्ट्रपति कार्यकाल शुरू होगा। नए कार्यकाल का शुभारंभ मॉस्को समयानुसार मध्याह्न 12 बजे शुरू होगा और यह समारोह लगभग एक घंटे तक चलेगा।



कार्यक्रम का सजीव प्रसारण रूस के संघीय चैनलों 'चैनल वन','रूस 1', एनटीवी और अन्य पर उपलब्ध होगा। कार्यक्रम शुरू होने से कुछ देर पहले पुतिन लग्जरी कार में ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस पहुंचेंगे। राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रपति मानक, रूसी संविधान और राष्ट्रपति चिन्ह (एक श्रृंखला पर रूसी संघ के हथियारों के कोट के साथ एक सुनहरा क्रॉस) को मुख्य हॉल में लाया जाएगा। क्रॉस के पीछे की तरफ एक गोल पदक है।

## आज का इतिहास

1663 - प्रसिद्ध नाटककार थामस किलिग्रू द्वारा निर्मित रायल थियेटर की लंदन में शुरूआत।
1834 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने कुर्ग राज्य पर कब्जा कर लिया।
1861 - प्रसिद्ध बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार और निबंधकार और चित्रकार गुरूदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म। उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
1907 - बम्बई में बिजली से चलने वाली पहली ट्राम कार चलाई गई।
1912 - कोलंबिया विश्वविद्यालय ने विभिन्न श्रेणियों में पुलित्जर पुरस्कार प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी। इसकी स्थापना जोसेफ पुलित्जर ने की थी।
1928 - ब्रिटेन में महिलाओं की वोट देने की आयु 30 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष कर दी गई।
1945 - जर्मनी के जनरल गुस्ताव जोड्ल ने आत्मसमर्पण के कागजों पर दस्तख्त किए और इसके साथ ही यूरोप में छह साल से चल रहे युद्ध का अंत हुआ। इस संबध में लंदन, मॉस्को और वाशिंगटन में सरकारी बयान जारी किया गया।
1946 - इबुका मसारू और मोरिता ओकियो ने उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक उत्पाद बनाने वाली जापानी कंपनी सोनी कोरपोरेशन की स्थापना की।
1952- इंटीग्रेटेड सर्किट की अवधारणा पहली बार जियोफ्रे डमर में प्रकाशित। यह सभी आधुनिक कंप्यूटरों का आधार है।
1956 - ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने धूम्रपान के विरोध में किए जा रहे तमाम अभियानों को खारिज करते हुए कहा कि धूम्रपान के बुरे प्रभावों के तथ्य अभी सामने नहीं आए हैं।
1973 - ईटानगर को पूर्वोत्तर के खूबसूरत प्रांत अरुणाचल प्रदेश की नई राजधानी बनाने का काम शुरू किया गया।
1982 - आईबीएम ने पीसी-डीओएस का वर्जन 1.1 जारी किया।

**आदेश** *हाईकोर्ट ने 16 वर्षीय बलात्कार पीड़िता द्वारा दायर याचिका पर दिया निर्देश*

# बलात्कारी के बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता

**कोच्चि, 6 मई (एजेंसियां)। केरल हाईकोर्ट ने एक फैसला सुनाते हुए कहा कि बलात्कार की किसी पीड़िता को बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट की धारा 3(2) में प्रावधान है कि यदि गर्भावस्था जारी रहने से गर्भवती महिला के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान होता है तो गर्भावस्था को समाप्त किया जा सकता है। जहां गर्भावस्था बलात्कार के कारण हुई वहां गर्भावस्था के कारण होने वाली पीड़ा को गर्भवती महिला के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर चोट माना जाएगा।**

इसलिए किसी बलात्कार पीड़िता को उस पुरुष के बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता जिसने उसका यौन उत्पीड़न किया।

हाईकोर्ट ने कहा कि बलात्कार पीड़िता को उसकी अवांछित गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार करना उस पर मातृत्व की जिम्मेदारी थोपने और सम्मान के साथ जीने के उसके अधिकार को समाप्त करने जैसा होगा, जो संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन के अधिकार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि ज्यादातर मामलों में शादी के बाहर गर्भधारण हानिकारक होता है, खासकर यौन शोषण के बाद यह आघात का कारण बनता है। यह पीड़ित गर्भवती महिला के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करता है। किसी महिला के साथ यौन उत्पीड़न या दुर्व्यवहार अपने आप में कष्टदायक है और इसके चलते गर्भधारण से पीड़ा और बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि ऐसी गर्भावस्था स्वैच्छिक या सचेतन गर्भावस्था नहीं होती है।




**पीड़िता को उसकी अवांछित गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार करना उसके अधिकार को समाप्त करने जैसा होगा : कोर्ट**

अदालत ने यह निर्देश 16 वर्षीय बलात्कार पीड़िता द्वारा अपनी मां के माध्यम से दायर याचिका पर दिया। आरोप था कि जब लड़की 9वीं कक्षा में पढ़ती थी, तब उसके 19 वर्षीय 'प्रेमी' ने उसका यौन शोषण किया और वह गर्भवती हो गई। चूंकि एमटीपी अधिनियम केवल 24वें सप्ताह तक गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देता है, इसलिए मां और नाबालिग लड़की ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और अपनी 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति मांगी। अदालत ने बताया कि प्रजनन अधिकारों में यह चुनने का अधिकार शामिल है कि बच्चे पैदा करें या नहीं और कब करें, बच्चों की संख्या चुनने का अधिकार और सुरक्षित और कानूनी गर्भपात तक पहुंच का अधिकार शामिल है।

## दुनिया को जानें

### माइग्रेन के उच्च जोखिम से जुड़ी हैं एंटी-एसिडिटी दवाएं : एक्सपर्ट

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। एसिडिटी के लिए दवाएं लेने से माइग्रेन का खतरा बढ़ सकता है। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के डॉ. सुधीर कुमार ने न्यूरोलॉजी क्लिनिकल प्रैक्टिस जर्नल में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन का हवाला देते हुए यह बात कही। अमेरिका में मैरीलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि प्रोटॉन पंप इनहिबिटर (पीपीआई) जैसे ओमेप्राज़ोल और एसोमेप्राज़ोल, एच 2 ब्लॉकर्स जैसे सिमेटिडाइन और फैमोटिडाइन और एंटासिड सप्लीमेंट सहित एसिड कम करने वाली दवाएं उच्च जोखिम से जुड़ी हैं। माइग्रेन और अन्य गंभीर सिरदर्द का खतरा अधिक होता है। डॉक्टर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ऐसे लोग जो माइग्रेन या अन्य गंभीर सिरदर्द से पीड़ित हैं, और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षणों के इलाज के लिए पीपीआई या एच2आरए ले रहे हैं, यह देखने के लिए कि क्या उनका सिरदर्द कम होता है, इन दवाओं को बंद करना सार्थक हो सकता है।

# प्रादेशिकी

## बीएसएफ ने पंजाब में बरामद किए चीन निर्मित चार ड्रोन

**जालंधर,** 6 मई (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर जिले से चार ड्रोन बरामद किए। बीएसएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को गुरदासपुर जिले के एक सीमावर्ती गांव में रहने वाले बीएसएफ के एक पूर्व सैनिक ने बीएसएफ खुफिया इकाई को सीमा क्षेत्र में एक ड्रोन की उपस्थिति के बारे में सूचित किया। सूचना के आधार पर बीएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे और व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इसी प्रकार सुरक्षा बलों ने रविवार को अमृतसर जिले के सीमावर्ती गांव रतनखुर्द, कक्कड़ और रोरनवाला से तीन ड्रोन बरामद किए। बरामद ड्रोनों की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक और डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके के रूप में की गई है।

# उत्तराखंड के 436 क्षेत्रों में गहराया पेयजल संकट



**देहरादून,** 6 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड में तापमान बढ़ने के साथ पेयजल संकट का खतरा भी बढ़ने लगा है। न केवल नगरीय क्षेत्र बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी पीने के पानी की उपलब्धता मुश्किल में पड़ती दिखाई दे रही है। कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां टैंकरों से पानी मंगाकर लोग गर्मियों में प्यास बुझाने को मजबूर हो रहे हैं। उधर चारधाम यात्रा नजदीक है, लिहाजा पेयजल की समस्या को चारधाम मार्गों पर दूर करना भी एक बड़ी चुनौती बनता हुआ दिखाई दे रहा है।

उत्तराखंड में गर्मियों का सीजन हमेशा पेयजल संकट को लेकर परेशानी भरा दिखाई देता है। इस साल

- **गाड गदेरों के सूखने से पर्वतीय क्षेत्रों में हुई पेयजल की किल्लत**
- **मैदानी क्षेत्रों में अंडरग्राउण्ड वाटर लेवल हो रहा कम**

मई महीने की शुरुआत में ही तापमान अपने उच्चतम स्थान पर पहुंचने के कारण दिक्कत ज्यादा बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। राज्य में कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां हर साल पानी की किल्लत देखने को मिलती है। ऐसे क्षेत्र इस साल भी जल संस्थान के लिए चिंता भरे बने हुए हैं। उधर इस वक्त राज्य सरकार का ध्यान चारधाम यात्रा पर भी है।

### पेयजल उपलब्ध कराने में लगा जल संस्थान

**देहरादून।** चारधाम मार्गों पर पेयजल की किल्लत न हो, इसके लिए अलग से कार्य योजना तैयार करनी पड़ रही है। राज्य के न केवल नगरीय क्षेत्र बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे बड़ी संख्या में इलाके मौजूद हैं, जहां पानी की मारामारी देखने को मिलती है। उत्तराखंड में नगरीय क्षेत्र 198 हैं, जहां पानी की समस्या आने वाले दिनों में संभावित है, इसी तरह कुल 238 ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल बड़ी समस्या बनता दिख रहा है। इस तरह उत्तराखंड में 436 इलाके पेयजल की समस्या के लिए परेशानी में दिखाई देते हैं। उत्तराखंड जल संस्थान की तरफ से 142 किराए के टैंकरों की जरूरत बताई गई है। विभाग के पास अभी केवल 69 विभागीय टैंकर मौजूद हैं। पेयजल संकट को लेकर उत्तराखंड जल संस्थान 5 करोड़ से ज्यादा के बजट की जरूरत महसूस कर रहा है।

प्रदेश के 436 इलाके ऐसे हैं, जहां पानी का संकट उत्तराखंड जल संस्थान की नजर में संभावित है। जबकि ऐसे दूसरे कई और क्षेत्र भी हैं, जहां गाड गदेरे सूखने की कगार पर हैं और यहां भी पेयजल एक बड़ी समस्या बन रहा है। उधर पहले ही वैज्ञानिक ये बात साफ करते रहे हैं कि अंडरग्राउंड वाटर धीरे-धीरे कम हो रहा है। जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में भी पानी के तमाम सोर्स सूख रहे हैं। इस तरह देखा जाए तो राज्य में पेयजल की समस्या एक गंभीर चिंता के रूप में सामने आई हुई दिखाई दे रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस मामले में विभाग की समीक्षा बैठक कर चुके हैं, जिसमें राज्य में मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर की जा चुकी है। उत्तराखंड जल संस्थान की मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग कहती हैं कि गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए जल संस्थान की तरफ से सभी संभावित पेयजल संकट वाले क्षेत्रों का चिन्हीकरण किया जा चुका है।

# बिकाऊ विधायक जनता के सबसे बड़े गुनहगार : सुखविंदर सिंह सूक्खू

**नादौन,** 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सूक्खू ने कहा कि बिकाऊ विधायक जनता के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उन्होंने जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाकर चुनाव का अनावश्यक बोझ डाला है। सवाल सरकार, मुख्यमंत्री या मंत्री की कुर्सी का नहीं है, जनता के वोट के निरादर का है। लोकसभा चुनाव में 1 जून को नादौन से ऐसी आवाज पूरे प्रदेश में जानी चाहिए कि नोट के दम पर सरकार गिराने की कोशिश करने वाली भाजपा को सबक मिले। बिकाऊ विधायकों ने अपने आप को राजनीतिक मंडी में बिकने के लिए छोड़ दिया। मुख्यमंत्री ने ये बातें नादौन विधानसभा क्षेत्र के बड़ा, पुतड़ियाल व नौहंगी में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद रहते अनुराग ठाकुर ने कुछ नहीं किया। आपदा के समय वह प्रभावितों के साथ खड़े नहीं हुए। एनपीएस के 9000 करोड़ रुपए दिलाने में कोई मदद नहीं की। जोलसप्पड़ मेडिकल कॉलेज पर अनुराग झूठ बोलते हैं, इसे उन्होंने नहीं मैंने स्वीकृत करवाया है। अगर उन्होंने मंजूर करवाया होता तो वह हमीरपुर में खोलते 16 किलोमीटर दूर जोलसप्पड़ में नहीं खुलने देते। मेडिकल कॉलेज के साथ ही कांग्रेस सरकार कैंसर अस्पताल भी खोलने जा रही है। 5 करोड़ रुपए का बजट जारी हो चुका है। बड़ा के सधोड़ा पत्तन में ब्यास नदी पर पुल बनाने के लिए 10 करोड़ का बजट सरकार दे चुकी है। चुनावों के बाद इस पुल का नींव पत्थर रखा जाएगा। नादौन के खरीदी मैदान में 100 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय इंडोर स्टेडियम बन रहा है, जिसमें 6-7 खेलों को खेला जा सकेगा। दर्जनों युवाओं को रोजगार मिलेगा, युवा पीढ़ी को नशे से बचाएंगे। बड़ा में पूर्व यूपीए सरकार में मंजूर स्पाइस पार्क में भी संभावनाएं तलाश रहे हैं कि उस जमीन पर क्या हो सकता है।



**अनुराग ठाकुर ने सांसद रहते कुछ नहीं किया। सधोड़ा पत्तन पुल के लिए 10 करोड़ रुपए मंजूर हैं, चुनाव बाद नींव का पत्थर रखेंगे : सुखविंदर सिंह सूक्खू**

सुखविंदर सिंह ने कहा कि नादौन की सड़कें बेहतर बनाने के लिए बजट जारी हो चुका है। छह महीने में सभी आईपीएच स्कीमों की सूरत बदल जाएगी। गर्मियों में पानी की दिक्कत नहीं आने देंगे। कांग्रेस सरकार ने 15 महीने में 22 हजार सरकारी रोजगार निकाले हैं। 20 साल पहले आपने पहली बार विधायक बनने का मौका दिया।

नादौन की जनता सदैव मेरे साथ खड़ी रही। जो पौधा आपने लगाया था वह वृक्ष बन चुका है, अब उसका फल खाने का समय है। नादौन के लोग मेरे परिवार के सदस्य हैं। 1 जून को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल रायजादा के लिए अधिक से अधिक मतदान करें। जनसभाओं के दौरान बड़ा जोन कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल कौंडल, प्रभात चौधरी, सेवानिवृत्त जिला अटॉर्नी संसार चंद रनौत, पंचायत प्रधान सरिता, उपप्रधान अशोक सनौरिया, डॉ जयप्रेम सिंह, डॉ बीरबल, लेखराज पटियाल, सुदर्शन जरियाल, केसर सिंह भाटिया, राजकुमार, राजेश ठाकुर, उपप्रधान संजीव, विभिन्न पंचायतों के प्रधान एवं अन्य मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### खेत में रखवाली कर रहे किसान को हाथी ने मार डाला

**रुड़की।** देर रात बुग्गावाला क्षेत्र में खेत में रखवाली कर रहे एक किसान को हाथी ने पटक पटककर मार डाला। किसान की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने वन चौकी पर जमकर हंगामा किया और उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। वही रुड़की सिविल अस्पताल पहुंचे किसानों ने भी किसान की मौत पर जमकर हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार बुग्गावाला क्षेत्र के गांव हरिपुर टोंगिया निवासी धर्मू भगत (65) रविवार की रात अपनी खेत पर रखवाली करने गए थे। बताया जा रहा है कि रात में किसी समय खेत में एक हाथी घुस आया। आहट होने पर धर्मू की आंख खुल गई और हाथी को भगाने का प्रयास करने लगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान हाथी ने उन्हें पटककर मार दिया।

### खैरी मालदेवता घाटी ढोल की थाप से गूंज उठी

**देहरादून।** सोमवार को खैरी मान सिंह वालों ने चौहान बंधुओं के द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य यजमान अजय जी ने कहा यह भगवत कथा 6 से 12 तारिख तक चलेगी। आज आगे आगे ढोल दमों की थाप व भागवत जी को सिर पर लिए मुख्य यजमान पीत वास्त्रों मे सैकड़ों महिलायें सुशोभित ध्वज को हाथ पर लिए दुपहिया वाहनों में व पैदल स्थानीय देवता चौनरी विलेश्वर महादेव से होते हुए पूरे गांव में देवताओं का आशीर्वाद लेते हुए कथा पंडल मे वेद मंत्रो से लड्डू गोपाल जी का अभिषेक किया गया। आज विशेष रूप से प्रधान अजय सिंह चौहान, भाजपा के वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष शमशेर पुंडीर, पूर्व प्रधान सोभन जवाड़ी, हेमलता , आयुषी, आरध्या, सुंदर सिंह, सुशीला , महेंद्र , विजय , सुचिता देवी, संदीप , रश्मि , अमन, राजन, अंकुश, आर्यन, अर्पण, रुद्राक्ष, गोविंद , बुद्ध सिंह, घनश्याम सिंह, खिलानंद ममगाई, जय कृष्ण ममगाई आदि भक्तजन भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

### अमृतसर में आधा किग्रा से अधिक हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में अमृतसर जिले के गांव रोरनवाला से 550 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि बीएसएफ खुफिया इकाई ने आज जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थों की मौजूदगी के बारे में जानकारी साझा की, जिस पर बीएसएफ के जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर संदिग्ध इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

### सुडोकू 6547 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |

## उत्तराखंड में शूट हुई फिल्म फूली 7 जून को सिनेमाघरों में

**देहरादून,** 6 मई (देशबन्धु)। बॉलीवुड के युवा एक्टर, राइटर और डायरेक्टर अविनाश ध्यानी की नई फिल्म फूली अगले महीने 7 जून को सिनेमाघरों में आ रही है। पद्म सिद्धी फिल्म्स बैनर तले निर्मित इस फिल्म में मुख्य रूप से शिक्षा पर फोकस के साथ-साथ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, सर्व शिक्षा अभियान, जेंडर इक्वलिटी और लड़कियों के अधिकार जैसे विषय मजबूती से उठाए गए हैं। डायरेक्टर अविनाश ध्यानी कहते हैं कि उनकी यह फिल्म इस तथ्य पर जोर देती है कि प्रोसेस ही जादू है, यानी आपकी मेहनत ही आपकी सफलता की चाबी है। फूली के जरिए दर्शकों को पहाड़ की स्त्री की जीवन यात्रा भी देखने को मिलेगी। फिल्म की पूरी शूटिंग उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के एक छोटे से गांव तिमली में की गई है।

**फिल्म में शिक्षा पर फोकस के साथ-साथ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, सर्व शिक्षा अभियान पर जोर**

फूली एक 14 वर्षीय पहाड़ी लड़की की कहानी है। एक शराबी पिता और हर मोड़ पर कठिन चुनौतियों के साथ स्कूल जाने का सामान्य कार्य भी फूली के लिए एक कठिन कार्य बन जाता है। फिर भी, बाधाओं से विचलित हुए बिना फूली ने खुद को अपनी पढ़ाई के लिए पूरे दिल से समर्पित कर दिया। खास बात ये है कि फिल्म में काम करने वाले सभी बच्चे स्थानीय निवासी हैं, जिन्होंने पहली बार कैमरे का सामना किया है। फूली का किरदार निभा रही रिया बलूनी भी पहाड़ की ही रहने वाली हैं। अविनाश ध्यानी बताते हैं कि शूटिंग से पहले इसमें अभिनय करने वाले बच्चों को एक वर्कशॉप के माध्यम से ट्रेंड किया गया है। फिल्म में अविनाश ध्यानी और सुरूचि सकलानी ने भी अहम मुख्य किरदार निभाए हैं। फिल्म में कुल चार गाने हैं जिन्हें अलका याग्निक, नक्काश अजीज, राजा हसन और ध्रुव कुमोला ने अपनी आवाज दी है। एक्टर, डायरेक्टर और राइटर के रूप में यह अविनाश ध्यानी की तीसरी फिल्म है।

## मंत्री व दूसरी बार का विधायक दो फ्लैट रख सकेगा, विधानसभा ने बदले नियम

**शिमला,** 6 मई (देशबन्धु)। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के पास विधानसभा का फ्लैट था, जिसका उन्हें शुल्क चुकाना पड़ा। सरकार के दूसरे मंत्रियों की तरह उनके पास सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से रहने के लिए कोठी आबंटित है। विक्रमादित्य सिंह ने फ्लैट का शुल्क चुकाया और उधर विधानसभा सचिवालय ने नियम संशोधित किए। नए नियमों के तहत अब सरकार का वरिष्ठ मंत्री एक फ्लैट भी रख सकेगा। नए नियमों के तहत दूसरी बार चुनकर आने वाले विधायक को उपलब्धता के आधार पर दूसरे फ्लैट की सुविधा मिलेगी। विधानसभा सचिवालय के पास 107 फ्लैट हैं। लिफ्ट के समीप पुराने मैट्रोपोल, एनेक्सी और विधानसभा के समीप तीन ब्लाक हैं, जिनमें विधायकों को रहने की सुविधा प्रदान की गई है। सरकार के सभी मंत्रियों के पास कोठी के अतिरिक्त विधानसभा का एक फ्लैट भी है। जहां पर आमतौर पर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रहने की सुविधा प्राप्त होती है। अब नियंत्रक महालेखाकार की ओर से होने वाले आडिट में रिकवर का झमेला भी खत्म हो जाएगा। विधानसभा सचिवालय ने नियम बदलकर दो फ्लैट रखने का रास्ता निकाल दिया है। ऐसे में किसी विधायक की रिकवरी भी नहीं निकलेगी।

- **लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने चुकाया एक फ्लैट का किराया**
- **नियम बदले जाने से पहले दूसरे फ्लैट का किराया चुकाना पड़ता था**

### विधायकों के लिए आवासीय सुविधा

लिफ्ट के समीप पुराने मैट्रोपोल में विधायकों के लिए 34 फ्लैट हैं, इसके अतिरिक्त मैट्रोपोल एनेक्सी में 22 फ्लैट हैं। 1993 के बाद विधानसभा परिसर के साथ लगते क्षेत्र में तीन ब्लाक विधायकों के लिए निर्मित हुए थे, जिनमें 51 फ्लैट हैं।

#### मंत्रियों व वरिष्ठ विधायकों के पास दो फ्लैट

वर्तमान में प्रदेश सरकार के मंत्री यादवेंद्र गोमा के पास दो फ्लैट हैं, उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से कोठी नहीं मिली है। गोमा विधानसभा परिसर स्थित विधायक आवास के फ्लैट में रहते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य मंत्रियों के पास भी कोठी के अलावा फ्लैट भी है। सत्ताधारी कांग्रेस के वरिष्ठ विधायकों के पास दो फ्लैट हैं।

## उत्तराखंड की विशेषताओं को राष्ट्रीय फलक पर रखने में सहयोगी बने पीआरएसआई : बंशीधर तिवारी

**देहरादून,** 6 मई (देशबन्धु)। पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया देहरादून चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने मीडिया सेंटर सचिवालय में सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी से शिष्टाचार भेंट की। सूचना महानिदेशक ने पीआरएसआई की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पीआरएसआई उत्तराखंड की छवि को देश दुनिया के सामने रखने में सहयोगी बनेगा। योजनाओं को सही तरीके से आमजन तक पहुंचाने में सभी विभागों और संगठनों को मिलकर काम करना होगा। इसमें पीआरएसआई सहायक हो सकता है। जनसंपर्क क्षेत्र को मजबूत करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।



सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि बेहतर परिणाम के लिए आधुनिक सूचना तकनीक को अपनाना होगा। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि पीआरएसआई जनसंपर्क के क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा संगठन है। लगभग प्रत्येक राज्य में इसकी शाखाएं हैं। उत्तराखंड की विशेषताओं और संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने में पीआरएसआई महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। पीआरएसआई देहरादून के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने कहा कि पीआरएसआई द्वारा सभी विभागों और संगठनों के जनसंपर्क कर्मियों को एक प्रभावी प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। सचिव अनिल सती ने पीआरएसआई के क्रियाकलापों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पीआरएसआई के कोषाध्यक्ष सुरेश भट्ट, सदस्य मनोज सती, प्रियांक भी उपस्थित थे।

## 10 मई को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

### केदारनाथ भगवान की पंचमुखी चल-विग्रह मूर्ति केदारनाथ रवाना



**रुद्रप्रयाग,** 6 मई (देशबन्धु)। 10 मई को सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर बाबा केदारनाथ के कपाट खुलने वाले हैं। सोमवार सुबह केदारनाथ धाम की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से केदारनाथ धाम के लिये रवाना हो गई है। डोली को केदारनाथ धाम रवाना करने के लिए शीतकालीन गद्दीस्थल पर भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। बाबा केदार की डोली अपना पहला रात्रि प्रवास विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में

- **देव डोली पहुंचेगी प्रथम पड़ाव श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी**
- **बाबाकेदार की चांदी की डोली को सजाया गया**

#### चार पड़ाव पर रूकेगी डोली

**रुद्रप्रयाग।** बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि कार्यक्रमानुसार कल मंगलवार 7 मई को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से चलकर फाटा प्रवास करेगी बुद्धवार 8 मई को गौरीकुंड तथा बृहस्पतिवार 9 मई को गौरा माता मंदिर गौरीकुंड से चलकर शाम को श्री केदारनाथ धाम पहुंचेगी। शुक्रवार 10 मई को प्रातः 7 (सात ) बजे श्री केदारनाथ धाम के कपाट दर्शनार्थ खुल जाएंगे।

#### फूलवर्षा कर किया गया भव्य स्वागत

**रुद्रप्रयाग।** भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के गुप्तकाशी प्रस्थान करते समय संसारी, विद्यापीठ एवं गुप्तकाशी बाजार में जगह-जगह फूलवर्षा से भव्य स्वागत हो रहा है। पंचमुखी डोली के प्रस्थान के समय जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग डा. सौरभ गहरवार सपरिवार मौजूद रहे और भगवान केदारनाथ जी की पंचमुखी डोली का आशीर्वाद लिया एवं केदारनाथ धाम यात्रा की सफलता की कामना की। डोली प्रस्थान के समय श्री बदरीनाथ, केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य निवास पोस्ती, एसडीएम अनिल शुक्ला, सहित कार्याधिकारी आरसी तिवारी एवं अन्य मौजूद रहे।

## गोवंश की हत्या का खुलासा, चार गिरफ्तार

**अल्मोड़ा,** 6 मई (देशबन्धु)। रानीखेत के मोहनरी में चार गोवंश की हत्या का आखिरकार खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड में शामिल रामपुर, यूपी, बाजपुर और यूएसनगर के तीन आरोपियों का साथ स्थानीय व्यक्ति ने दिया। कुल्हाड़ी से गोवंश की हत्या कर आरोपियों ने बीफ मुरादाबाद पहुंचा दिया था। पुलिस ने चारों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहनरी में बीते तीन मई को रिची रोड के नीचे खाई में चार गोवंश के क्षत-विक्षत अंग मिले थे। मामला गोमांस की तस्करी से जुड़ा था। आरोपी गोवंश के अनुपयोगी अंग मौके पर छोड़कर बीफ लेकर फरार हो गए। मामला सार्वजनिक होने पर विभिन्न संगठन के लोगों ने पुलिस से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। आखिरकार तीन दिन बाद पुलिस ने मामले से पर्दा उठाया है। गोवंश की हत्या में पुलिस ने नरपत नगर, रामपुर, यूपी हाल निवासी बधाण, भतरौंजखान सलीम (47), दड़ियाल, टांडा, रामपुर, यूपी निवासी इसराइल (40), मुड़ियाकला, बाजपुर, यूएसनगर निवासी इमरान (23) और इनका साथ देने वाला सूणी, भतरौंजखान निवासी हरी सिंह कड़ाकोटी (54) को गिरफ्तार किया है। चारों को गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत जेल भेजा है।

## पौड़ी इंडोर स्टेडियम तक पहुंची जंगलों की आग

**श्रीनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड में वनाग्नि का तांडव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जंगलों में लगी आग को शांत करने में वन विभाग और प्रशासन से पसीने छूट रहे है। यहीं कारण है कि अब फिर से वन विभाग को गढ़वाल के जंगलों में लगी आग को शांत करने के लिए वायुसेना की मदद लेनी पड़ रही है, लेकिन समस्या ये है कि आग के कारण आसमान में धुआं ही धुआं छाया है, जिस कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। इसीलिए वायुसेना को एमआई-17 हेलीकॉप्टर उड़ाने में दिक्कत हो रही है।

अधिकारियों की माने तो धुए का गुब्बार हटते ही वायुसेना एमआई-17 हेलीकॉप्टर से अपना मिशन शुरू करेगी। वायुसेना ने देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से दो बार उड़ान भरी थी। लेकिन विजिबिलिटी कम होने के कारण दोनों बार हेलीकॉप्टर वापस सहस्त्रधारा हेलीपैड आ गया। बताया जा रहा है कि वायुसेना दो से तीन दिनों तक पौड़ी जिले में आग बुझाने का काम करेगी।



- **हॉस्टल जलकर हुआ खाक, बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला**
- **आग बुझाने के लिए ली जा रही सेना की मदद**
- **हेलीकॉप्टर से आग बुझाने में हो रही परेशानी**

शासन और प्रशासन की चिंता ये है कि पौड़ी के जंगलो में लगी आग अब धीरे-धीरे शहरी क्षेत्र तक पहुंच रही है। पौड़ी इंडोर स्टेडियम के हॉस्टल तक आग पहुंच गई थी, जिससे हॉस्टल और आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। स्थानीय लोग और कर्मचारियों की सूझबूझ किसी तरह बच्चों को सुरक्षित हॉस्टल से बाहर निकल गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी इसकी सूचना फायर को दी। मौके पर पहुंची फायर की टीम ने आग में काबू पाया। हालांकि तब तक हॉस्टल में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। छात्रों ने पौड़ी जिलाधिकारी से मदद की गुहार लगाई है।

पौडी के अलावा वानाग्नि का कहर श्रीनगर से लेकर चौरास तक देखने को मिल रहा है। श्रीनगर में बुधानी रोड से लेकर खिर्सू तक जगह जगह जंगल जल रहे है। पौड़ी जिले में इस साल वानाग्नि के 91 मामले सामने आए है। इसी के साथ जिला प्रशासन ने एक सप्ताह तक कुडा पराली जलाने पर भी रोक लगा दी है।

### दूनागिरि मंदिर परिसर तक पहुंची जंगल की आग

**अल्मोड़ा।** जिले में प्रतिदिन आग का तांडव मचा हुआ है। वन विभाग जंगलों की आग को रोकने के लिए नाकामयाब साबित हो रहा है। आग ने दूनागिरि के जंगल में तांडव मचाया। आग विकराल रूप लेते हुए दूनागिरि मंदिर परिसर तक पहुंच गई। इस दौरान मंदिर क्षेत्र में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं में अफरा तफरी मच गई। वह इधर उधर भागने लगे। दूनागिरि मंदिर के पीछे की ओर विगत कुछ दिनों से आग लगी हुई थी। वन विभाग की टीम के कर्मचारी इस आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास कर रहे थे। वन विभाग की टीम मंदिर परिसर के पीछे साइड बटिया (रास्ता) की सफाई कर आग पर नियंत्रण करने के प्रयास में लगी थी। अचानक हवा के तेज झोंकों ने आग को विकराल बना दिया। धीरे-धीरे आग मंदिर परिसर तक पहुंच गई। आग विकराल रूप लेते हुए मंदिर के गेट तक पहुंच गई।

# प्रादेशिकी

## जमीनी विवाद में युवक को मारी गोली, दो बाइकें फूंकीं

**संतकबीरनगर,** 6 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के चुरेब चौराहे के समीप जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक के सिर पर डंडे से मारा और फिर बायें पैर में गोली मार दी। इसके बाद उक्त लोगों ने दो बाइकों को भी फूंक दिया। सीओ सदर ब्रजेश सिंह ने बताया थाना कोतवाली खलीलाबाद के भाटपार निवासी इरशाद पुत्र कमालुद्दीन ने मुन्नू सिंह सैंथवार से करीब 2 साल पूर्व एक बिस्वा जमीन खरीदी थी। उक्त जमीन की पैमाइश 5 मई 2024 को कराई गई। सोमवार को जमीन के चिह्नांकन के लिए इरशाद अपनी पल्सर बाइक से जा रहा था। चुरेब चौराहे से आगे पहुंचा था कि कुछ युवकों ने आकर उसे रोक लिया और सिर पर डण्डा से वार कर घायल कर दिया। जब इरशाद जान बचाकर भागने लगा तो एक ने इरशाद के पैर में गोली मार दी।

# उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में दस सीटों पर मतदान आज

### दस सीटों में से 8 सीटें सामान्य श्रेणी की व 2 सीटें अनुसूचित जाति के लिए हैं आरक्षित

**लखनऊ,** 6 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश के 12 जिलों की 10 संसदीय सीटों पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान होगा। एक वरिष्ठ चुनाव अधिकारी ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने बताया कि इस चरण में जिन 10 सीटों पर मतदान होगा उनमें संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदांयू, आंवला और बरेली शामिल हैं। उन्होंने कहा, तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों में से 8 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 2 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में 12,339 मतदान केंद्रों में फैले 20,415 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे शुरू होने वाला मतदान शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। विभिन्न कारणों से 4,390 मतदान केंद्रों की पहचान महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में की गई है, जहां मतदान प्रक्रिया के दौरान कड़ी निगरानी की जाएगी।




सीईओ ने कहा कि 10 संसदीय सीटें मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं और बरेली समेत 12 जिलों में फैली हुई हैं। रिनवा ने बताया कि मतदान पर सतर्क नजर रखने के लिए 3 विशेष पर्यवेक्षक, 10 सामान्य पर्यवेक्षक, 6 पुलिस पर्यवेक्षक और 14 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 1,887 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 241 जोनल मजिस्ट्रेट, 668 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 2,859 माइक्रो पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गयी है। स्ट्रॉंग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्धसैनिक बलों को सौंपी गई है। अर्धसैनिक और पुलिस बलों के अलावा आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर की भी व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि यूपी में लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण, तीसरा चरण सभी राजनीतिक दलों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है, जिसमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी (सपा) का गठबंधन, कांग्रेस के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी शामिल हैं। .सबसे दिलचस्प मुकाबला मैनपुरी सीट पर देखने को मिल रहा है जहां मौजूदा सांसद और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह चुनौती दे रहे हैं। सपा का गढ़ माने जाने वाले मैनपुरी में पार्टी 1996 के बाद से कभी चुनाव नहीं हारी है। असल में पार्टी के पूर्व संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने लोकसभा में पांच बार इसका प्रतिनिधित्व किया है। 2022 में मुलायम के निधन के बाद हुए उपचुनाव में डिंपल यादव ने सीट जीत ली। संभल में सपा ने मौजूदा विधायक जिया-उर-रहमान बर्क को मैदान में उतारा है।

### आठ महिलाओं सहित 100 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

इस चरण में 1.01 करोड़ और 87.69 लाख से अधिक महिलाओं सहित 1.89 करोड़ से अधिक मतदाता 8 महिलाओं सहित 100 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आगरा में सबसे अधिक 20,72,685 मतदाता हैं, जबकि एटा में सबसे कम 17,524 पंजीकृत मतदाता हैं। बरेली 13 उम्मीदवारों के साथ सूची में शीर्ष पर है, जबकि फिरोजाबाद में सबसे कम 7 उम्मीदवार हैं।

## सपा प्रत्याशी नबल किशोर शाक्य पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद,** 6 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा. नबल किशोर शाक्य पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया। यह मुकदमा भी आचार संहिता उल्लंघन के तहत ही दर्ज किया गया है। बीते दिन सपा प्रत्याशी डा. नबल का शहर के गुरुगांव देवी मन्दिर से होकर मुख्य मार्गों पर जुलुस निकाला गया। जबकि नगर मजिस्ट्रेट के आदेश में अधिकतम 20 से 25 लोगों के शामिल होनें की अनुमति थी। जबकि जुलूस में लगभग दो हजार से तीन हजार लोग शामिल हुए 7 लेखपाल कुलदीप राठौर की तहरीर पर पुलिस नें धारा 188 व आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 धारा 51 से 60 के तहत मुकदमा दर्ज किया। धारा 188 के तहत सजा के दो प्रावधान हैं। पहला अगर आप सरकार या किसी सरकारी अधिकारी द्वारा कानूनी रूप से दिए गए आदेशों का उल्लंघन करते हैं, या आपकी किसी हरकत से कानून व्यवस्था में लगे शख्स को नुकसान पहुंचता है, तो आपको कम से कम एक महीने की जेल या 200 रुपये जुर्माना या दोनों की सजा दी जा सकती है। मानव जीवन, स्वास्थ्य या सुरक्षा, आदि को खतरा होता है, तो आपको कम से कम 6 महीने की जेल या 1000 रुपए जुर्माना या दोनों की सजा दी जा सकती है।

## नगर पालिका के दो सभासद पति आमने-सामने

### मोहल्लों में लाइटें उतरवाने का मामला, तहरीर

**मवाना,** 6 मई (देशबन्धु)। नगरपालिका के मोहल्ला कल्याण सिंह में खम्भों पर लगी लाइटें उतरवाने के मामले को लेकर दो वार्ड के सभासदों के पति आमने-सामने आ गए हैं। एक वार्ड के सभासद पति का आरोप है कि दूसरे वार्ड के सभासद पति उनके वार्ड से लाइटें उतरवाकर क्षेत्र से बाहर कालोनी के खम्भों पर लगवा रहे है। इस मामले में दोनों सभासद पति के बीच विवाद इतना बढ़ गया है कि दोनों के बीच एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी गई। वार्ड 23 के सभासद नरगिस के पति मौ.सलमान ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस घटना की वीडियो वायरल हो रही है। नगर पालिका के मोहल्ला कल्याण सिंह में वार्ड 21 और 23 का क्षेत्र है। वार्ड 21 से सभासद बुशरा के पति रबनबाज है, जबकि वार्ड 23 से सभासद नरगिस के पति मौ.सलमान है। तहरीर में सलमान ने आरापे लगाया कि रबनबाज ने उसके मोहल्ले में लगी लाइटों को उतरवाकर नई बस रही कालोनी में पालिका की सीमा क्षेत्र से बाहर खम्भों पर लगवाई है। इसका कारण जाने पर रबनबाज ने उसके साथ गाली गलौच व मारपीट की और जान



से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया गया कि रबनबाज ने सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाई है। उक्त घटना की सभी वीडियो उसने पुलिस को सौंपी है। सभासद पति ने आरोप लगाया कि उसके मोहल्ले से लाटें उतरवाकर रबनबाज नई विकसित की जा रही सीमा से बाहर कालोनी में लाइटें लगवा रहा है। इस बात का उसने विरोध किया है। दूसरी ओर सभासद पति रबनबाज ने बताया कि उन्होंने अपनी कालोनी में ही लाइटें लगवाई है। उसने गाली देने का आरोप लगाया है।

## सार संक्षेप

### झब्बर मंडी में एटीडब्ल्यू मशीन लगाने की मांग

**मवाना।** मनोज सर मुकेश सर कोचिंग सेंटर से मनोज कुमार और मुकेश कुमार ने सोमवार को नगर पालिका में पालिका चेयरमैन के बेटे मधुर से मिले और उन्हें झब्बर मंडी में कोचिंग करने आने वाले छात्रों के गर्मी के दिनों में प्यास बुझाना मुश्किल हो जाता है और पीने के पानी की समस्या बनी रहती हैं। कोचिंग करने वाले छात्रों ने झब्बर मंडी में कहीं भी वाटर कूलर की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। नगर पालिका मवाना में 9 स्थानों पर वाटर कूलर लगा रही है इसलिए छात्र दसवें स्थान पर वाटर कूलर की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में नगर पालिका में पत्र जमा करा दिया है।

### लापता महिला का नहीं लगा सुराग

**मवाना।** फलावदा थाना क्षेत्र के गांव निहोरी निवासी 60 वर्षीय जगवती पत्नी रामवीर सैनी 24 अप्रैल 24 को अपने घर गांव से अचानक लापता हो गई। परिजनों के काफी तलाश करने के बावजूद भी उक्त महिला का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के संबंध में लापता महिला के पुत्र रितेश ने थाना फलावदा में गुमशुदगी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी राजेश कुमार काम्बोज कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है, महिला की तलाश जारी है।

### राष्ट्रनायकों का अपमान नहीं सहेगा नया भारत : योगी

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में सोमवार को एक जन सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पहले मैनपुरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा को अपवित्र करने के कुत्सित प्रयास पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के गुडों ने महाराणा प्रताप की मूर्ति को अपवित्र करने का काम किया है इन्हीं गुंडो ने मूर्ति के ऊपर चढ़कर उनके भाला को तोड़ने का भी प्रयास किया। इन्हें यह बताना जरूरी है कि यह नया भारत है जो राष्ट्रनायकों के अपमान को नहीं सह सकता है। यहां खुदागंज कस्बे में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा लोकतंत्र को पुष्ट करने के लिए मजबूत बनने के लिए अपनी सहभागिता के लिए मोदी जी के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में अपना योगदान दें।

### दो इनामी गौ तस्कर तमंचा व चाकू के साथ गिरफ्तार

**भदोही।** भदोही जिले में पुलिस ने सोमवार को दस-दस हजार के दो इनामी गौ तस्करों को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत पुलिस द्वारा गैंगस्टरों, गौ-तस्करों व पुरस्कार घोषित अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान चलाकर अपराधियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को थानाध्यक्ष ज्ञानपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दस-दस हजार रुपए पुरस्कार घोषित गौ-तस्करी में लिप्त दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गौ तस्करों की पहचान सुरेश कुमार व राजेश कुमार पुत्रगण धर्मराज बिंद निवासी ग्राम कांगापुर, थाना हण्डिया, जनपद प्रयागराज के रूप में की गई।

## अमेठी में इंडिया गठबंधन पर जमकर बरसे बृजेश पाठक

**अमेठी,** 6 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अमेठी में इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर था। भ्रष्टाचार का आलम यह था कि खेल भी भ्रष्टाचार से अछूते नहीं रहे। कॉमनवेल्थ गेम में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बृजेश पाठक ने कांग्रेस सरकार को निशाने पर लिया। यहां एक चुनावी जन सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने परिवारवाद पर तंज कसते हुए कहा कि सपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश का बेटा होगा। उन्होंने कहा कांग्रेस की सरकार जब तक देश में रही तब तक भ्रष्टाचार ही किया। रायबरेली को अपनी जागीर समझ ने वालों को यहां की जनता इस बार जवाब देगी और रायबरेली की सीट बीजेपी प्रचंड बहुमत से जीत रही है। प्रियंका गांधी के प्रचार में आने के सवाल पर पाठक ने कहा कि उनका कोई मतलब नहीं है यह राज-पाठ का खेल नहीं है कि कभी पिता राज करे कभी पुत्र राज करें । यहां संविधान का राज है देश की जनता जिसे सिंहासन पर बैठाएगी वही राज करेगा। जलजीवन मिशन के बारे में कोई सोच भी नही सकता था कि घर घर कोई नल लेकर आएगा।विद्युत व्यवस्था पर चर्चा करते हुए श्री पाठक ने कहा कि पहले बिजली एक सप्ताह दिन और एक सप्ताह आती थी। आज 75 जिलों में बिजली 24 घंटे दी जा रही है।सरकारी स्कूल में छात्रों को भरपूर सुविधा दी जा रही है।



## महिलाओं ने बाल विवाह मुक्त गांव बनाने की संभाली बागडोर

**मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। जनहित फाउंडेशन मेरठ अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम के लिए मेरठ/ बागपत जिले में जागरूकता कार्यक्रम निरन्तर कर रहे है, संस्था जनहित फाउंडेशन मेरठ का लक्ष्य जनपद मेरठ/बागपत को बाल विवाह मुक्त बनाने का है, इसी कड़ी मे आज दिनांक 06.05.2024 को संस्था जनहित फाउंडेशन मेरठ की टीम द्वारा ग्राम बातनौर थाना फलावदा मेरठ में एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया, कार्यक्रम में गांव की महिलओ और बालिकाओ ने भाग लिया कार्यक्रम का विषय बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का था। गांव की महिलाओ ने बाल विवाह न होने देने व न करने के लिए शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन जनहित फाउंडेशन मेरठ के समन्वयक श्री अजय कुमार ने किया उन्होने उपस्थित सभी महिलाओ को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावो को विस्तार पूर्वक बताया,उन्हे बताया गया की यदि आपके आस पास कोई बाल विवाह होता है तो आप उसकी सूचना आप हमे अवश्य दे और अपने कर्तव्य का निर्वहन करे, कार्यक्रम में संस्था के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता रीना धामा, पूजा त्यागी व सचिन कुमार भी उपस्थित रहे।



### बाल विवाह न करने की ली शपथ

## ड्यूटी नहीं करने वाले संविदा कर्मियों की रिपोर्ट तलब की

**मवाना,** 6 मई (देशबन्धु)। निविदा-संविदा कर्मचारी सेवा समिति (पंजीकृत) ने सोमवार को सामूहिक त्यागपत्र का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने इस समस्या का दो दिन में समाधान कराने का आश्वासन दिया है। निविदा-संविदा कर्मचारी सेवा समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने यह जानकारी मुख्य अभियंता को लिखे पत्र में देते हुए बताया कि सविंदा कर्मियों की सामूहिक सभा होने तक और राज्य मंत्री के दो दिन के आश्वासन पर इस्तीफे देने का निर्णय स्थगित कर दिया है। दूसरी ओर विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार सिंह ने उपखंड अधिकारी प्रथम व द्वितीय को छह मई को जारी पत्र में कहा कि निविदा-संविदा कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफे देने के लिए छह मई को मेरठ गये थे। इस कारण से दो खंडों में गैर हाजिर रहे संविदा कर्मियों की पूरी रिपोर्ट इस कार्यालय को भेजी जाये। ताकि उच्च अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट भेजी जा सके।

### मवाना विद्युत वितरण खंड प्रथम के कर्मचारी गये थे मेरठ

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**मवाना,** 6 मई (देशबन्धु)। सोमवार शाम मेरठ रोड स्थित रिलांइस पम्प के समीप दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत के बाद अज्ञात वाहन के बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। वहीं, शव का पंचनाम भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार परीक्षितगढ निवासी सभासद पुत्र 21 वर्षीय विशाल त्यागी पुत्र हरिओम त्यागी मवाना खुद स्थित रूद्रा कॉलेज में बी फार्मा का छात्र है। सोमवार को विशाल मुबारिकपुर निवासी प्रियाशु के साथ बाइक से मवाना खुद स्थित रूद्रा कॉलेज से मवाना आ रहे थे।




- **गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर किया रेफर**
- **परिवार में कोहराम**

रिलांयस पम्प के समीप पहुंचें तो बाइक से मेरठ जा रहे मवाना की इकराम नगर कॉलोनी निवासी शाकीब से भींडत हो गई। भींडत के बाद अज्ञात वाहन ने विशाल त्यागी और उसकी बाइक को कुचल दिया।

जिसमें विशाल त्यागी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शाकीब और प्रियाशु गंभीर रूप से घालय हो गये। सुचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक और घायलों के परिजनों के दे उपचार के लिए हायर सेंटर भेज दिया। और मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### इकलौता घर का चिराग था विशाल

कस्बा निवासी वार्ड नंबर दस सभासद हरिओम त्यागी का 21 वर्षीय पुत्र विशाल त्यागी अविवाहित था रूद्रा मवाना स्कूल से बी फार्मा की पढ़ाई कर रहा था। उसकी मौत से मां पवित्रा, पिता हरिओम, बहन आरती, खुशी के अलावा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने के लिए तांता लगा हुआ है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा मतगणना केंद्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया तथा मतगणना तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उनके साथ एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बाल विवाह संपन्न कराने वाले व्यक्ति के विरुद्ध होगी कार्रवाई : अजित

**मेरठ,** 6 मई (देशबन्धु)। जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अजित कुमार ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि दिनाक 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया (आखा तीज) के अवसर पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा समाज में प्रचलित है। ऐसे विशेष अवसर पर समाज में लडके व लड़की के विवाह हेतु निर्धारित आयु क्रमशः 21 वर्ष एवं 18 वर्ष के पूर्व ही कर दिया जाता है। बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरूद्ध बाल विवाह निषेध अधिनियम-1926 (यथा संशोधित) व प्रोहिबिहेशन आफ चाईल्ड मैरिज एक्ट 2006 अस्तित्व में है। 18 वर्ष से कम की लडकी एवं 21 वर्ष से कम के लड़के का विवाह करना कानूनन अपराध है। यदि कोई नाबालिग का विवाह करता/कराता है या उसमें शामिल होता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही होगी (बाल विवाह सम्पन्न कराने वाले प्रत्येक व्यक्ति के विरूद्ध अंकन रू0 एक लाख का जुर्माना व 2 वर्ष के कारावास का प्रावधान है।) अक्षय तृतीया के अवसर पर 21 वर्ष व 18 वर्ष से कम आयु के लडकों/लड़कियों का विवाह न हो सके, यदि कोई बाल विवाह का प्रकरण सज्ञान में आता है तो उसकी सूचना सम्बन्धित थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वूमन पावर लाइन 1090 एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर दी जाये। वैवाहिक आयोजन कराने वाले प्रिन्टिंग प्रेस, टैन्ट व्यवसायी, मैरिज हॉल, बैण्ड बाजा, कैटर्स, फोटोग्राफर, पुरोहित, मौलवी इत्यादि व्यक्तियों एवं सस्थाओं से भी अपेक्षा है कि वैवाहिक आयोजन से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो।

**राजनीति** *बसपा से रिकार्ड संख्या में उम्मीदवारों का नाम बदलकर सभी को पीछे छोड़ा*

# बीच चुनाव में दबाव या कुछ और मायावती ने अब तक बदले 14 उम्मीदवार

**नई दिल्ली, 6 मई (देशबन्धु)। अपने दृढ फैसलों के लिए जानी जाने वाले बसपा सुप्रीमो मौजूदा लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों को लेकर बेहद दबाव या असमंजस में नजर आ रही हैं। जिसका नतीजा है कि अब उन्होंने अपने 14 पूर्व घोषित उम्मीदवारों को बदल दिया है। इसमें से एक सीट उत्तर प्रदेश की जौनुपर लोकसभा सीट भी है, जिसके बारे में कहा जा रहा था कि बसपा अगर प्रदेश में एक भी सीट जीतती है तो वह जौनपुर की सीट होगी। हालांकि उम्मीदवारों के नामों में बदलाव तो समाजवादी पार्टी ने भी किया है, लेकिन बसपा से रिकार्ड संख्या में उम्मीदवारों का नाम बदलकर सभी को पीछे छोड़ दिया है।**




मायावती ने पहले झांसी में एडवोकेट राकेश कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन बाद में उनका टिकट काटकर रवि कुशवाहा को उम्मीदवार बना दिया। फिरोजाबाद में पहले सत्येंद्र जैन सोली को टिकट थमाया था, जब वे प्रचार शुरू कर दिए तो उनकी जगह चौधरी बशीर को उम्मीदवार बना दिया गया।

मथुरा में कमलकांत उपमन्यु बसपा उम्मीदवार थे,बाद में उन्हे बदलकर सुरेश सिंह को उम्मीदवार बना दिया गया। अलीगढ़ में पहले गुफरान नूर के नाम पर मुहर लगी थी, बाद में हितेंद्र उपाध्याय को उम्मीदवार बना दिया गया। ऐसे ही आजमगढ़ में भीम राजभर को टिकट दिया गया बाद में बदलकर सबिया अंसारी को उम्मीदवार बना दिया गया।

प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में बसपा ने पहले अतहर जमाल लारी को टिकट दिया, लेकिन एक सप्ताह बाद सैयद नियाज अली मंजू को उम्मीदवार बना दिया गया। इसके कुछ ही दिन बार फिर से लारी को ही उम्मीदवार घोषित कर दिया गया।। वहीं बस्ती में पहले दयाशंकर मिश्रा को उम्मीदवार घोषित किया गया, लेकिन देखते ही देखते वहां लवकुश पटेल को उम्मीदवार बना दिया गया।

अब ताजा मामला जौनपुर का है,जहां पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी की जगह मौजूदा सांसद श्याम सिंह सादव को उम्मीदवार बना दिया,जो कि अपने लिए पहले भाजपा और बाद में इंडिया गठबंधन में संभावना तलाश रहे थे।

## सपा ने श्याम लाल पाल को बनाया यूपी का नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** तीसरे चरण के मतदान से ठीक एक दिन पहले समाजवादी पार्टी ने उत्तरप्रदेश में अपना प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया हैं। पार्टी ने नरेश उत्तम पटेल की जगह अब श्याम लाल पाल को अपना नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया हैं। राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हस्ताक्षर से जारी यह आदेश समाजवादी पार्टी के दिल्ली कार्यालय ने जारी किया है। माना जा रहा है कि इसके जरिए पार्टी पाल मतों को साधने की एक सोची-समझी चाल चली है।

बता दें के पाल समाज अति पिछड़े वर्ग से आता है। इन्हें कही गडेरिया तो कही बघेल नाम से जाना जाता है। उत्तर प्रदेश के कई मसलन बरेली, बदायूं, बरेली, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, हाथरस, कन्नौज, मैनपुरी के अलावा फतेहपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज और बुंदेलखंड के कई जिलों में इनकी 20 हजार से लेकर 50 हजार तक आबादी है। बता दें कि प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के बाद पाल समाज समाजवादी पार्टी से नाराज था।

## बस्ती में बसपा के एक और प्रत्याशी ने किया नामांकन

**बस्ती,** 6 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बस्ती लोकसभा क्षेत्र से सोमवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से एक और प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया। सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए लवकुश पटेल उर्फ रिंकू पटेल ने बताया है कि मुझे बसपा द्वारा प्रत्याशी बनाया गया है आज मेरे द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल कर दिया गया है बसपा ने मुझे अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है और दया शंकर मिश्र का ए और बी फार्म खारिज करने का पत्र जारी किया है। गौरतलब है कि बहुजन समाज पार्टी से दयाशंकर मिश्र ने पहले अपना नामांकन किया था।




देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 7 मई, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# तीसरे चरण में बिहार के 54 प्रत्याशियों की सियासी किस्मत का होगा फैसला

**पटना,** 6 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के तहत बिहार में तीसरे चरण के होने वाले मतदान को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए अंतिम समय में भी हर मुमकिन कोशिश में लगे हुए हैं। तीसरे चरण में मंगलवार को बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से पांच झंझारपुर, अररिया, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में मतदाता मतदान करेंगे। इस चरण में मतदाता जदयू के रामप्रीत मंडल, भाजपा के प्रदीप कुमार सिंह सहित 54 उम्मीदवारों के राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें तीन महिला प्रत्याशी शामिल हैं।

इस चरण में 19 प्रत्याशी निर्दलीय हैं। इस चरण में सर्वाधिक 15 उम्मीदवार सुपौल और सबसे कम मधेपुरा में आठ प्रत्याशी मैदान में हैं।



■ दिलचस्प चुनावी लड़ाई के आसार

बिहार निर्वाचन आयोग के मुताबिक बिहार में तीसरे चरण के चुनाव में कुल 98.60 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनके लिए 9,848 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चरण में सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हैं। मतदान के मद्देनजर नेपाल की सीमा को सील कर दिया गया है तथा चौकसी बढ़ा दी गयी है। इस चरण में प्रमुख प्रत्याशियों की बात करें तो सभी पांच क्षेत्रों में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। सुपौल और झंझारपुर में लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने की कोशिश की जा रही है। इन सभी सीटों पर 2019 के संसदीय चुनाव में एनडीए ने परचम लहराया है। इस चुनाव में एनडीए ने जहां इन सभी सीटों को बरकरार रखने को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं, महागठबंधन इन सीटों पर जीत को लेकर प्रयासरत है। इन पांच सीटों में इस बार तीन सीटों पर एनडीए के मुकाबले राजद, जबकि एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और अन्य पर माकपा के उम्मीदवार हैं। मधेपुरा सीट पर जदयू ने एक बार फिर दिनेश चंद्र यादव को उतारा है, जिनका मुकाबला राजद के प्रो. कुमार चंद्रदीप से है। झंझारपुर में मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हुए हैं। इस सीट पर मुख्य मुकाबले में जदयू ने एकबार फिर रामप्रीत मंडल को चुनावी मैदान में उतारा है। जबकि, महागठबंधन की ओर से विकासशील इंसान पार्टी के सुमन कुमार महासेठ चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच माना जा रहा था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी ने गुलाब यादव को चुनावी अखाड़े में उतारकर सभी दलों की रणनीति को गड़बड़ा दिया है। खगड़िया संसदीय सीट पर भी महागठबंधन को एक दशक से जीत का इंतजार है। लोजपा (रामविलास) की ओर से इस बार राजेश वर्मा चुनाव मैदान में हैं तो महागठबंधन की ओर से माकपा के संजय कुमार उम्मीदवार हैं।

## उप्र में 1.89 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में यूपी की दस सीटों पर मतदान सात मई को होने जा रहा है। इस चरण में 1,89,14,788 मतदाता वोट डालेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि इस चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होने जा रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र प्रदेश के 12 जिलों में स्थित हैं। मतदान स्थलों पर मतदाता शाम छह बजे तक वोट डाल सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तृतीय चरण में कुल 1,89,14,788 मतदाता हैं, जिसमें 1,01,44,345 पुरुष, 87,69,696 महिला और 747 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। सबसे अधिक मतदाता आगरा में 20 लाख 72 हजार 685 तथा सबसे कम मतदाता एटा में 17 लाख 524 हैं। 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 100 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 8 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं।

## गिरिडीह में एनडीए और 'इंडिया' के प्रत्याशियों ने दिखाई ताकत

**रांची,** 6 मई (एजेंसियां)। झारखंड की गिरिडीह लोकसभा सीट पर एनडीए में शामिल आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी और 'इंडिया' गठबंधन में शामिल झामुमो के मथुरा महतो ने सोमवार को नामांकन का पर्चा दाखिल किया। रांची में कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने भी नामांकन किया। गिरिडीह सीट पर एनडीए और 'इंडिया' के प्रत्याशियों ने रैली और जनसभा आयोजित कर अपनी-अपनी ताकत दिखाई। एनडीए के चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ आजसू प्रमुख सुदेश महतो और बिहार के डिप्टी सीएम एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी मौजूद रहे।

सम्राट चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि आज देश का डंका दुनिया में बज रहा है। अयोध्या में वर्षों तक टेंट में रहे प्रभु श्रीराम के लिए भी भव्य मंदिर बन गया। यह तब संभव हो सका, जब आपने 2019 में आपने पीएम मोदी को आशीर्वाद दिया।

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि विकसित भारत और विकसित राज्य के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार एक बार फिर बननी तय है। 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी और कई अन्य नेताओं के साथ नामांकन करने पहुंचे। इसके पहले उन्होंने शहर में एक बड़ी रैली निकाली। मथुरा महतो ने कहा कि गिरिडीह की जनता पांच साल तक क्षेत्र से दूर रहे सांसद को सबक सिखाने के लिए तैयार है। दूसरी तरफ रांची में कांग्रेस की



रांची में कांग्रेस की यशस्विनी ने भरा पर्चा

प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने अपने पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर पर्चा दाखिल किया।

इसके बाद रांची के मोरहाबादी मैदान में एक जनसभा भी आयोजित हुई, जिसे संबोधित करते हुए झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि अब बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी नहीं करेंगे। यहां के लोग बाहरी लोगों को बाहर भेजेंगे। जो बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी करते हैं, वे जल-जंगल-जमीन और सरना कोड की बात नहीं करते।

उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के बारे में बताया कि झारखंड के दर्द को समझने वाले को आपके सामने पेश किया गया है। परिवार के कारण नहीं बल्कि होनहार के कारण इन्हें लाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि मोदी सरकार की घंटी बज चुकी है। 2024 चुनाव के बाद लोगों को न्याय मिलेगा।

## कांग्रेस कार्यालय के बाहर हुए हमले को लेकर किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि मैं डरता नहीं

**अमेठी,** 6 मई (देशबन्धु)। अमेठी में कांग्रेस कार्यालय के बाहर हुए हमले के मामले में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह की घटना हुई है, यह अमेठी की संस्कृति नहीं है। लोकतंत्र में एक-दूसरे पर हमला किया जाए, यह अच्छी संस्कृति नहीं है। यह कभी नहीं हुआ। यह हमने कभी नहीं देखा। आखिर ये कौन लोग हैं? मुझे लगता है कि यह उनकी हताशा का प्रतीक है।

किशोरी लाल शर्मा से पूछा गया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से लगातार कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जिला अध्यक्षों पर हमले किए जा रहे हैं, तो ऐसे में आपको चुनाव लड़ना कितना मुश्किल लगता है, तो इस पर उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से डरने वाला नहीं हूं। इस तरह की परिस्थिति से मैं पहले भी दो चार हो चुका हूं। जिन लोगों को लगता है कि मैं इससे डर जाऊंगा, ऐसे लोगों को मैं दो टूक कह देना चाहता हूं कि मैं डरने वाला नहीं हूं। किशोरी लाल से पूछा गया कि आपको क्या लगता है कि यह हमला किन लोगों ने




कराया है, तो इस पर उन्होंने कहा कि यह तो पुलिस ही बता सकती है। पुलिस जांच करेगी, तभी यह साफ हो पाएगा कि आखिर यह हमला किन लोगों ने करवाया है? इससे पहले कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भी अमेठी कांग्रेस कार्यालय पर हुए हमले को लेकर बीजेपी को घेरा था। उन्होंने कहा था कि बदमाश हमला करते रहे, लेकिन बीजेपी पुलिस मूकदर्शक बनी रही। अमेठी कांग्रेस कार्यालय के बाहर खड़ी 12 गाड़ियों पर हमला किया गया।

## कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने प्रियंका करेंगी रायबरेली में लंबा प्रवास

**रायबरेली,** 6 मई (एजेंसियां)। वर्तमान लोकसभा चुनाव में रायबरेली और अमेठी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष को मजबूत करने कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी का आज रायबरेली में आगमन हो रहा है और वह यहां कई दिन प्रवास करेंगी। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष को मजबूत करने कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी अपने भाई और कांग्रेस से रायबरेली संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी राहुल गांधी तथा अमेठी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के लिए प्रचार प्रसार करने आज से कुछ दिन रायबरेली में प्रवास करेंगी और इस दौरान जनता से रूबरू होंगी।

गौरतलब है कि रायबरेली संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी ने अपनी मां सोनिया



गांधी की सीट से नामांकन किया है। यह कांग्रेस की परंपरागत सीट मानी जाती है जहां से राहुल गांधी के दादा फिरोज गांधी, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी सांसद रहे है। इसके अलावा यहां से गांधी परिवार के अन्य रिश्तेदार अरुण नेहरू शीला कौल आदि भी सांसद चुने गए थे। तीन बार को छोड़ कर यह सीट हमेशा कांग्रेस के

■ कार्यकर्ताओं का बढ़ेगा मनोबल
■ मतदाताओं पर पकड़ और होगी मजबूत

पास रही है।

राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिनेश प्रताप सिंह 2019 में सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके है। उस दौरान मोदी लहर के बावजूद सोनिया गांधी विजयी हुई थी। दिनेश प्रताप सिंह रायबरेली के ही रहने वाले है।

अमेठी में कांग्रेस ने किशोरीलाल शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। किशोरीलाल करीब 40 वर्षों से गांधी परिवार के करीबी है और राजीव गांधी से लेकर सोनिया गांधी व उनके पारिवारिक मित्र कैप्टन सतीश शर्मा आदि के लिए काम कर चुके है। रायबरेली और अमेठी के चप्पे चप्पे से और यहां की राजनीति से वाकिफ व उंसमे खासा दखल रखने वाले किशोरी लाल भाजपा की केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ चुनावी मैदान में है। पार्टी सूत्रों की माने तो प्रियंका गांधी तीन चार दिन रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में रुक कर पार्टी के लिए प्रचार प्रसार करेंगी। इस दौरान वह जनसभाएं व रोड शो भी करेंगी और डोर टू डोर जनता के बीच जा कर अपने भाई राहुल और किशोरी लाल के लिए वोट मांगेंगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रियंका गांधी के आने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ेगा और मतदाताओ पर कांग्रेस अपनी पकड़ और मजबूत करेगी।

## छत्तीसगढ़ में उम्र का शतक पार कर चुके 2174 मतदाता करेंगे मतदान

**रायपुर,** 6 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में लोकसभा के तीसरे चरण में मंगलवार को सात संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। इस चरण में एक करोड़ 39 लाख से ज्यादा मतदाता मतदान करने वाले हैं, जिनमें 2174 उम्र का शतक पार कर चुके हैं। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या लगभग चार लाख है। राज्य में मंगलवार को सात संसदीय क्षेत्र सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में मतदान होना है। इन सात सीटों पर कुल 168 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें महिलाओं उम्मीदवारों की संख्या 26 है। राज्य में एक करोड़ 39 लाख 1285 मतदाताओं में 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं की संख्या 61715 है तो वहीं उम्र का शतक पर कर चुके मतदाताओं की संख्या 2174 है। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 398461 है। तीसरे चरण में जिन सात संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है, उनमें 58 विधानसभा क्षेत्र आते हैं । इसमें महत्वपूर्ण बात है कि 29 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं का लिंगानुपात 1000 से ज्यादा है। तीसरे चरण के मतदान के लिए 15701 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 61664 मतदान कर्मियों के अलावा 15928 रिजर्व कर्मी हैं। मतदान केंद्रों पर आने वाले मतदाताओं को गर्मी के मौसम में परेशानी न हो, इसके लिए खास इंतजाम किए गए हैं।

मतदान केंद्रों पर शीतल पेयजल, नींबू, पानी और ओआरएस घोल की विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही, कलर भी लगाए गए हैं। इतना ही नहीं, जो मतदाता कतार में खड़े होंगे, उनके लिए छाया की व्यवस्था भी है। इतना ही नहीं, वेटिंग हॉल भी बनाया गया है। साथ में आवश्यक दवाइयां के साथ मेडिकल किट भी उपलब्ध रहेगी।

## चुनावी प्रक्रिया देखने फिलीपींस, श्रीलंका का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचा

**भोपाल,** 6 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को होने वाला है। चुनाव की संपूर्ण प्रक्रियाओं का अवलोकन व अध्ययन करने फिलीपींस, श्रीलंका का 11 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल भोपाल में है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल रविवार रात को भोपाल पहुंचा। राजा भोज एयरपोर्ट पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री ने उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान की तैयारियों, प्रक्रिया का अवलोकन व अध्ययन करेंगे। इसके सदस्य आठ मई तक भोपाल में रहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों को लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल में फिलीपींस के कमीशन ऑन इलेक्शन की एसोसिएट कमिश्नर सोकोरो बी. इंटिंग, डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट लेसली एनसी. कॉनक्विला भोपाल आई हैं। इसी तरह श्रीलंका के प्रेसिडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमेंडेशन फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेरार्ड डेप, कमीशन मेंबर सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेंबर अलीसंदारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर निमालका फर्नान्डो, कमीशन मेंबर विथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड समेत कमीशन सेकेट्री माधवा देवासुरेंद्र भोपाल पहुंचे। मुख्य



निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने उन्हें बताया कि मध्य प्रदेश में दो चरण का मतदान हो चुका है। तीसरे और चौथे चरण के लिए सात और 13 मई को मतदान होना है। तीसरे चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सात मई को सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हो जाएगी, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगी। सात मई को यह प्रतिनिधिमंडल भोपाल, सीहोर, रायसेन और विदिशा जिले के मतदान केंद्रों में चल रही वोटिंग प्रक्रिया का स्पॉट विजिट कर वोटरों से बातचीत करेगा।

## हरदा में मतदान करने पर रेस्टोरेन्ट व होटल्स संचालकों ने दी 20 प्रतिशत तक छूट

**हरदा,** 6 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के हरदा जिले में कल लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रेस्टोरेंट और होटल संचालकों ने मतदान करने पर बीस प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है।

जिला पंचायत के सीईओ व स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने आज बताया कि हरदा जिले के होटल एवं रेस्टोरेन्ट संचालकों ने कल मताधिकार का प्रयोग करने के लिये नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मताधिकार का प्रयोग करने वाले नागरिकों को उनकी दुकान से विक्रय की जाने वाली सामग्री के निर्धारित मूल्य पर 20 प्रतिशत तक की छूट देने का निर्णय लिया है। इसी तरह लोकसभा चुनाव में अपना वोट करने वाले सभी जागरूक मतदाताओं को जिले के सभी चिकित्सकों द्वारा परामर्श, पैथालॉजी जाँच, सोनोग्राफी और सीटी स्केन के शुल्क में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की है। मतदाता अपनी उंगली पर लगे अमिट स्याही के निशान को दिखाकर इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिले के सभी प्रायवेट अस्पतालों में भी मतदाताओं को सात मई को इस सुविधा का लाभ दिया जाएगा।

## 'लू की स्थिति से निपटने के लिए मतदाताओं, मतदान कर्मियों के लिए विशेष व्यवस्था'


**कोलकाता,** 6 मई (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने लू की स्थिति से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल की चार लोकसभा सीटों पर तीसरे चरण के मतदान से पहले मतदान अधिकारियों को मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों (दृष्टिबाधित, बोलने और सुनने की विकलांगता) के लिए विशेष व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये हैं। मतदान अधिकारियों को मतदान केंद्रों के सामने लंबे शेड बनाने, पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति, ओआरएस के भंडारण और बुजुर्गों, महिलाओं तथा दिव्यांगों के लिए छाया के नीचे बैठने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया कि आपातकालीन चिकित्सा किट कई बूथ परिसरों और एकल परिसरों के लिए क्लस्टर आधार पर रखी जाएंगी। आयोग ने मतदाताओं के साथ-साथ मतदान कर्मियों के लिए पंखे लगाने के लिए भी कहा है।

पश्चिम बंगाल में तीसरे चरण में मंगलवार को मालदा (उत्तर), मालदा (दक्षिण), जंगीपुर और मुर्शिदाबाद की चार लोकसभा सीटों के लिए 73 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस बीच सोमवार को मतदान कर्मी पूर्व-निर्धारित केंद्रों से अपने मतदान केंद्रों पर जाने के लिए आवश्यक गैजेट इकट्ठा करने की तैयारी कर रहे हैं। इन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बल पहले से ही तैनात हैं। इन क्षेत्रों में सीएपीएफ की लगभग 334 कंपनियां तैनात की जा रही हैं, जिनमें से एक तिहाई मुर्शिदाबाद लोकसभा क्षेत्र की अशांत सीमा पर तैनात हैं।

## इंडिया गठबंधन के 26 व राजग के 09 प्रत्याशी संसद के नए सिकंदर बनने के लिए बेताब

**पटना,** 6 मई (एजेंसियां)। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के 26 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 09 प्रत्याशी संसद (लोकसभा) के नए सिकंदर बनने के लिये बेताब हैं।

इडिया गठबंधन में सीटों में तालमेल के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को 23, कांग्रेस को 9, वामदल को 5 और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को तीन सीट मिली है। राजद के टिकट पर 14 नये प्रत्याशी, कांग्रेस के टिकट पर चार, वामदल के टिकट पर सभी पांच और वीआईपी के टिकट पर सभी तीन प्रत्याशी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें राजद के सात वर्तमान विधायक समेत 14 प्रत्याशी शामिल हैं। इन सात विधायकों में गया सीट से बोधगया (सु) के विधायक कुमार सर्वजीत पासवान, पूर्णिया से रूपौली की विधायक बीमा भारती, दरभंगा सीट से दरभंगा ग्रामीण के विधायक ललित यादव, बक्सर सीट से राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और रामगढ़ के विधायक सुधाकर सिंह, सुपौल सीट से सिंहेश्वर के विधायक चंद्रहास चौपाल, अररिया से पूर्व केंद्रीय मंत्री तस्लीमुद्दीन के पुत्र और जोकीहाट के विधायक शाहनवाज आलम और सीवान संसदीय सीट से सीवान के विधायक और बिहार विधानसभा के पूर्व




अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी संसद के नए सिकंदर बनने के लिए बेताब हैं। राजद के अन्य सात प्रत्याशी जो संसद के नए सिकंदर बनने के लिए बेताब हैं उनमें राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की पुत्री रोहिणी आचार्य सारण से, श्रवण कुशवाहा नवादा से, अर्चना रविदास जमुई (सु) से, अभय कुमार कुशवाहा औरंगाबाद से, अनिता देवी मुंगेर से, रितु जायसवाल शिवहर से, मधेपुरा से कुमार चंद्रदीप शामिल हैं।

कांग्रेस के टिकट पर चार प्रत्याशी पहली बार लोकसभा के रण में अपनी किस्मत आजमाएंगे। पश्चिमी चंपारण सीट से बेतिया के पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, समस्तीपुर (सु) से समाजवाद के पुरोधा पूर्व विधायक-सासंद रामसेवक हजारी के पौत्र और पूर्व सांसद महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी, पटना साहिब से पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम के नाती और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष- पूर्व सांसद मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अभिजीत और भागलपुर संसदीय सीट से भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा पहली बार सांसद बनने के लिए बेताब हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में राजग में शामिल भाजपा 17 सीट, जदयू 16 , लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) पांच , हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा के टिकट पर तीन, जदयू के टिकट पर तीन और लोजपा के टिकट पर तीन नए प्रत्याशी पहली बार लोकसभा के रण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा के टिकट पर बक्सर सीट से बैकुंठपुर से पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी, सासाराम (सु) सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत मुनि लाल के पुत्र और अगिआंव विधानसभा के पूर्व विधायक शिवेश राम और नवादा सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.पी. ठाकुर के पुत्र राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर पहली बार लोकसभा के रण में उतरे हैं।

### वामदल के पांच प्रत्याशी पहली बार चुनावी मैदान में

वामदल के सभी पांच प्रत्याशी पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे। आरा संसदीय सीट पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे सुदामा प्रसाद भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा के विधायक हैं वहीं नालंदा से प्रत्याशी संदीप सौरभ पटना जिले के पालीगंज से विधायक हैं, जबकि काराकाट से राजाराम सिंह पहली बार संसद के नए सिकंदर बनने के लिए बेकरार हैं। बेगूसराय सीट पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के टिकट पर पूर्व विधायक अवधेश राय जबकि खगड़िया सीट से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के टिकट पर पूर्व विधायक योगेन्द्र सिंह के पुत्र और विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार के भाई संजय कुमार चुनावी रण में उतरे हैं। मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी के टिकट पर गोपालगंज (सु) से प्रेमनाथ चंचल उर्फ चंचल पासवान, झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र से सुमन कुमार उर्फ सुमन कुमार महासेठ और पूर्वी चंपारण से राजेश कुशवाहा सांसद बनने के लिए चुनावी रण में उतरे हैं।

## महाराजगंज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश सिंह ने भरा नामांकन

**छपरा,** 6 मई (एजेंसियां)। बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह ने महाराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। इस मौके पर उनके पिता सहित परिवार के सदस्य के अलावा महागठबंधन के कई बड़े नेता मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद आकाश सिंह ने जीत का दावा करते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने केवल महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाई है। कांग्रेस ने लोगों को राहत देने के लिए अपने घोषणापत्र में रसोई गैस सिलेंडर के दाम को 500 करने का वादा किया है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे नामांकन से भाजपा के होश उड़ गए हैं। हमारी जगह महाराजगंज की जनता के दिल में है। देश की जनता ने भाजपा को नकार दिया है।



# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव**



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 5.01 प्रतिशत |
| टीसीएस | 2.12 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.80 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.45 प्रतिशत |
| सन फ़ार्मा | 1.41 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 7.18 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.86 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.31 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.22 प्रतिशत |
| एलटी | 1.06 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# भारत व घाना यूपीआई लिंक को चालू करने पर सहमत

- फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका व मॉरीशस में पहले से ही उपलब्ध है तत्काल फंड ट्रांसफर की सुविधा
- 2022-23 में भारत व घाना के बीच 2.87 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ व्यापार



**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसियां)।** भारत और घाना दोनों देशों के नागरिकों के लिए तत्काल फंड ट्रांसफर की सुविधा के लिए छह माह के भीतर घाना इंटरबैंक भुगतान और निपटान प्रणाली के साथ एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को चालू करने पर सहमत हुए हैं। यह जानकारी वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को दी। घाना की राजधानी अकरा में 2-3 मई को भारत और घाना के अधिकारियों के बीच हुई संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक में इस मामले में सहमति बनी। वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों ने व्यापार में स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली (एलसीएसएस), डिजिटल परिवर्तन समाधान और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते द्वारा पेश अवसरों पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

गौरतलब है कि फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस में पहले से ही तत्काल फंड ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार भुगतान को स्थानीय मुद्रा में निपटाने से अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम होगी। इससे रुपए को भी मजबूती मिलेगी। भारत के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार के साथ-साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी निवेश को बढ़ाने के लिए कई क्षेत्रों की पहचान की। इनमें फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली क्षेत्र, डिजिटल अर्थव्यवस्था, महत्वपूर्ण खनिज, कपड़ा आदि शामिल हैं।

भारत के प्रतिनिधिमंडल में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, एक्जिम बैंक और भारतीय फार्माकोपिया आयोग के अधिकारी शामिल थे। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नेतृत्व में एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ बिजली, फिनटेक, दूरसंचार, विद्युत मशीनरी और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ गया। गौरतलब है कि घाना अफ्रीकी क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है।

# भारत में जीएसटीएटी के संचालन की शुरुआत



- जीएसटीएटी के अध्यक्ष के रूप में संजय कुमार मिश्रा ने ली शपथ
- जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए एक महत्वपूर्ण निकाय है जीएसटीएटी

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसियां)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के पहले अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मिश्रा की नियुक्ति जीएसटीएटी के संचालन की शुरुआत का प्रतीक है, जो जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए एक महत्वपूर्ण निकाय है। जीएसटीएटी के पहले अध्यक्ष के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति मिश्रा का चयन भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा किया गया था।

जीएसटीएटी केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के तहत स्थापित अपीलीय प्राधिकरण है, जो प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के आदेशों के खिलाफ उक्त अधिनियम और संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश जीएसटी अधिनियम के तहत विभिन्न अपीलों की सुनवाई करता है। इसमें एक प्रधान पीठ और विभिन्न राज्य पीठें शामिल हैं। जीएसटी परिषद की मंजूरी के अनुसार, सरकार ने दिल्ली में स्थित प्रधान पीठ और देश भर में विभिन्न स्थानों पर 31 राज्य पीठों को अधिसूचित किया है। न्यायिक सदस्यों और तकनीकी सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है।

न्यायाधिकरण जीएसटी विवादों का त्वरित, निष्पक्ष, विवेकपूर्ण और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगा, इसके अलावा उच्च न्यायालयों पर बोझ को भी काफी कम करेगा। जीएसटीएटी की स्थापना से भारत में जीएसटी प्रणाली की प्रभावशीलता में और वृद्धि होगी और देश में अधिक पारदर्शी और कुशल कर वातावरण को बढ़ावा मिलेगा।

## संजीव नौटियाल उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी व सीईओ नियुक्त




**नौटियाल की नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से होगी प्रभावी**

**बेंगलुरु, 6 मई (एजेंसियां)।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व उप प्रबंध निदेशक संजीव नौटियाल की नियुक्ति की घोषणा की है।

बैंक ने बताया कि नौटियाल की नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। उनकी नियुक्ति को तीन साल की अवधि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी मिल गई है। नौटियाल बैंक के एमडी और सीईओ के रूप में कार्यभार संभालने से पहले ही बैंक में शामिल हो जाएंगे और इनको अंतरिम अध्यक्ष के रूप में नामित किया जाएगा। नौटियाल एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इससे पहले उन्होंने 36 साल के बैंकिंग कॅरियर में दो साल के लिए एसबीआई लाइफ के एमडी और सीईओ की भी भूमिका निभाई है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ के रूप में नौटियाल की ये नियुक्ति बैंक की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के मंजूरी के अधीन होगी। नौटियाल की नियुक्ति इत्तिरा डेविस के स्थान पर की गई है। इस बदलाव को संपन्न करने के लिए, नौटियाल के साथ काम करेंगे। बैंक के बोर्ड ने डेविस की सेवा अवधि समाप्त होने से कुछ महीने पहले सेवानिवृत्त होने की इच्छा का सम्मान किया है।

## माइंडग्रोव ने पेश की स्वदेशी डिजाइन वाणिज्यिक उच्च-प्रदर्शन एमसीयू चिप



**अन्य चिप की तुलना में 30 प्रतिशत सस्ता है यह चिप**


**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसियां)।** फैबलेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप माइंडग्रोव टेक्नोलॉजीज ने स्वदेशी स्तर पर डिजाइन किया गया वाणिज्यिक उच्च प्रदर्शन एमसीयू चिप पेश करने की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुए कहा कि उसने सिस्टम ऑन चिप (एसओसी) पेश किया है। इसका नाम सेक्यूर आईओटी किया गया है। आरआईएससी वी पर आधारित यह चिप भारत में मूल उपकरण निर्माताओं को अपने उत्पादों में भारतीय एसओसी का उपयोग करने की अनुमति देगी। वे हाई-एंड फॉर्म फैक्टर से समझौता किए बिना अपने प्रमुख उपकरणों की लागत कम कर सकते हैं। आम तौर पर इस सेगमेंट के अन्य चिप की तुलना में यह चिप 30 प्रतिशत सस्ता है।

उसने कहा कि सेक्यूर आईओटी एक उच्च प्रदर्शन वाला माइक्रोकंट्रोलर है जो 700 मेहाहर्ट्ज पर क्लॉक किया गया है। यह इस सेगमेंट में व्यावसायिक रूप से उपलब्ध एकमात्र भारतीय चिप है। माइंडग्रोव की चिप को कनेक्टेड स्मार्ट उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला पर अनुप्रयोगों को नियंत्रित करने के लिए प्रोग्राम योग्यता, लचीलापन, सुरक्षा और बेहतर कंप्यूटिंग शक्ति प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह चिप स्मार्टवॉच जैसे पहनने योग्य उपकरणों से लेकर कनेक्टेड बिजली, पानी और गैस मीटर जैसे स्मार्ट सिटी उपकरणों, स्मार्ट लॉक, पंखे, स्पीकर जैसे कनेक्टेड घरेलू उपकरणों के साथ-साथ ईवी बैटरी प्रबंधन प्रणालियों और नियंत्रण प्रणालियों तक सब कुछ नियंत्रित कर सकती है।

# लिवाली की बदौलत सेंसेक्स चढ़ा निफ्टी फिसला

- सेंसेक्स 17.39 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,895.54 पर
- निफ्टी 33.15 अंक गिरकर 22,442.70 अंक रह बंद




**मुंबई, 6 मई (एजेंसियां)।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, आईटी, टेक और हेल्थकेयर समेत सात समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स चढ़ गया जबकि निफ्टी में गिरावट का रुख रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 17.39 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,895.54 अंक पर पहुंच गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 33.15 अंक गिरकर 22,442.70 अंक पर रह गया। वहीं, बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली हुई, जिससे बाजार दबाव में रहा। मिडकैप 0.95 प्रतिशत लुढ़ककर 42,009.55 अंक और स्मॉलकैप 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर 46,692.72 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4094 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2628 में बिकवाली जबकि 1294 में लिवाली हुई वहीं 172 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियां लाल जबकि 23 हरे निशान पर रही। बीएसई के सात समूहों को लिवाली का समर्थन रहा। इससे रियल्टी 2.71, एफएमसीजी 0.50, हेल्थकेयर 0.51, आईटी 0.65, ऑटो 0.16, बैंकिंग 0.23 और टेक समूह के शेयर 0.77 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, ऊर्जा 1.93, यूटिलिटीज 1.76, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 3.85, तेल एवं गैस 2.07, पॉवर 1.26 और सर्विसेज समूह 1.95 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 319 अंक की तेजी के साथ 74,196.68 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद 74,359.69 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 73,786.29 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 73,878.15 अंक के मुकाबले 0.02 प्रतिशत बढ़कर 73,895.54 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 86 अंक चढ़कर 22,561.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,588.80 अंक के उच्चतम जबकि 22,409.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,475.85 अंक की तुलना में 0.15 प्रतिशत टूटकर 22,442.70 प्रतिशत पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी में रही कंपनियों में कोटक बैंक 5.01, टीसीएस 2.12, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.80, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.45, सन फार्मा 1.41, इंडसइंड बैंक 1.06, टेक महिंद्रा 1.01, एचसीएल टेक 0.89, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.76, टाटा स्टील 0.69, इंफोसिस 0.66, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, भारती एयरटेल 0.52, विप्रो 0.31, एचडीएफसी बैंक 0.27, एक्सिस बैंक 0.27, टाटा मोटर्स 0.20, एशियन पेंट 0.16 और नेस्ले इंडिया 0.10 प्रतिशत शामिल रहे।

वहीं, गिरावट में रही कंपनियों में टाइटन 7.18, एसबीआई 2.86, एनटीपीसी 2.31, पावरग्रिड 1.22, एलटी 1.06, बजाज फाइनेंस 1.03, रिलायंस 1.03, बजाज फिनसर्व 0.96, मारुति 0.46, अल्ट्रासिमको 0.39 और आईटीसी 0.38 प्रतिशत शामिल हैं।

## फाडा ने जारी किया ग्राहक अनुभव सूचकांक

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसियां)।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने देश में ऑटोमोबाइल ग्राहकों के अनुभव को जानने के लिए ग्राहक अनुभव सूचकांक जारी करने की घोषणा की है। सितंबर 2024 में यह सूचकांक उपलब्ध होगा।

फाडा ने बाजार अध्ययन करने वाली कंपनी फ्रॉस्ट एंड सुलिवन के साथ मिलकर इस काम को अंजाम देगा। इसका उद्देश्य ग्राहक यात्रा के विभिन्न पहलुओं का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करना है, यात्री वाहन स्पेक्ट्रम में बिक्री, बिक्री के बाद सेवा और उत्पाद की गुणवत्ता आदि शामिल है। अपने पहले वर्ष में, व्यापक अध्ययन हैचबैक सहित यात्री वाहन श्रेणी को लक्षित करेगा। सेडान, एसयूवी/एमपीवी, ईवी और लक्जरी वाहन के लिए एक विस्तृत प्रश्नावली का उपयोग किया जायेगा। देश के 26 शहरों में 8,000 प्रतिभागी इसमें शामिल होंगे। इसमें सात महानगरीय क्षेत्र, सोलह टियर-2 और तीन याहर शामिल हैं। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि इस अध्ययन को लॉन्च करना गहराई से समझने के हमारे निरंतर प्रयास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ऑटोमोबाइल उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने में यह सूचकांक महत्ती भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण ऑटोमोबाइल उद्योग की बेहतरी के लिए पिछले तीन वर्षों में डीलर संतुष्टि सर्वेक्षण लॉन्च किया गया है और हाल ही में एक विशेष डीएसएस लॉन्च किया गया है। अब इस ग्राहक अनुभव सूचकांक सर्वेक्षण में वित्त एवं बीमा को भी शामिल किया जा रहा है।



# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसियां)।** विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट बढ़कर 3,909 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.47 सेंट की तेजी के साथ 43.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा।



सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6300-6400, दाल चना 7300-7400, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 10500-10600 उड़द दाल 12700-12800, अरहर दाल 11200-11300 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# प्रयोगशाला विनिर्मित हीरों के निर्यात में तेजी लौटने की उम्मीद

**मुंबई, 6 मई (एजेंसियां)।** लैब ग्रोन डायमंड (प्रयोगशाला में विकसित हीरा-एलजीडी) का निर्यात चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सात से नौ प्रतिशत बढ़ कर लगभग 150-153 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। यह जानकारी केयरएज एडवाइजरी की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई है।

एलजीडी के निर्यात में वर्ष 2023-24 के लिए साल-दर-साल लगभग 16.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। वर्ष 2022-23 में इसका निर्यात 168 करोड़ डॉलर का था जो 2023-24 में 140 करोड़ डॉलर के बराबर रहा। इससे पहले छह-सात वर्ष तक एलजीडी के निर्यात में हर साल उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बिक्री की मात्रा बढ़ रही है पर गिरती कीमतों ने निर्यात को प्रभावित किया है।



- भारत प्रति वर्ष 30 लाख से अधिक एलजीडी का करता है उत्पादन
- भारत-यूएई समझौता उद्योग के विकास को और बढ़ावा देगा

केयरएज एडवाइजरी का मानना है कि डालर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट तथा प्राकृतिक हीरे की मांग में नरमी से एलजीडी उद्योग को मदद मिलने और वर्ष 2024-25 में इसकी निर्यात के लिए मांग फिर से बढ़ने की उम्मीद है। इसका श्रेय अन्य प्रमुख एलजीडी उत्पादक देशों के खिलाफ भारत की तीव्र प्रतिस्पर्धा को दिया है। केयरएज एनालिटिक्स एंड एडवाइजरी की निदेशक तन्वी शाह ने कहा कि एलजीडी निर्यात में 7-9 की अपेक्षित वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2024-25 में 150-153 करोड़ डालर के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर चल रहे भू-राजनीतिक और आर्थिक व्यवधानों का सामना कर रहा रत्नआैर आभूषण उद्योग प्राकृतिक हीरे की कम में गिरावट के असर को कम करने के लिए तेजी से बढ़ते एलजीडी बाजार पर भरोसा कर रहा है। मानव निर्मित हीरे की कम लागत के कारण इस वित्तीय वर्ष में घरेलू खपत और निर्यात बढ़ने की उम्मीद है।

## सार संक्षेप

### सोनीपत की मंडियों में 3,96,299 टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत की विभिन्न मंडियों और खरीद केंद्रों में शनिवार रात तक 3,96,299 टन गेहूं की आवक हो चुकी है। उपायुक्त मनोज कुमार ने बताया कि जिला के गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उन्होंने बताया कि 396299 टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 99340 टन, हैफेड ने 187414 टन, एचडब्ल्यूसी ने 90422 तथा एफसीआई ने 19123 टन गेहूं की खरीद की है। उन्होंने बताया कि बरोदा खरीद केंद्र पर 5100 टन, भैंसवाल 3825 टन, बिचपड़ी 1383 टन, दतौली 5394 टन, फरमाणा 12001 टन, गन्नौर 29860 टन, गोहाना अनाज मंडी में 144136 टन, कासंडी 14700 टन, कथूरा 9090 टन, खानपुर 8953 टन, खरखौदा 42688 टन, मुण्डलाना 9860 टन, मुरथल 10362 टन, नाहरा 8727 टन, पुगथला 18460 टन, पुरखास 8439 टन, रुखी 17430 टन, सनपेड़ा 9732 टन, सोनीपत साईलो पर 7122 टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 29037 टन गेहूं की आवक हुई है।

### बीएएसएफ ने पेश किया एफिकॉन कीटनाशक

**नई दिल्ली।** फसलों को छेदकर खराब करने वाले कीटों से निपटने के लिए बीएएसएफ ने नए कीटनाशक एफिकॉन लॉन्च करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसकी सहायता से इस चुनौती पर काबू पाया जा सकता है। एफिकॉन एक विशेष फॉर्मूलेशन में बीएएसएफ के नए एक्टिव इंग्रीडिएंट एक्सालियॉन की शक्ति से लैस है। एफिकॉन कीटनाशक नए आईआरएसी समूह 36 के तहत बाजार में पेश किए गए उन पहले कंपाउंड्स में से एक है, जो पूरी तरह से कीटनाशकों की एक नई श्रेणी (समूह 36-पायरिडाइजन) का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका बाजार में मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-रेजिस्टेंस नहीं है जिससे, यह कीटनाशक प्रतिरोध प्रबंधन का साधन बन जाता है। उसने कहा कि पहली बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया में एफिकॉन कीटनाशक लॉन्च किया गया था।

### प्रवासी कर सकेंगे अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर से यूपीआई का उपयोग

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक प्रवासी ग्राहकों को भारत में यूपीआई भुगतान करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर का उपयोग करने की सुविधा दे रहा है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इससे रोजमर्रा के भुगतान करने की उनकी सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस सुविधा के साथ, बैंक के प्रवासी ग्राहक भारत में आईसीआईसीआई बैंक के साथ अपने एनआरई/एनआरओ बैंक खाते में पंजीकृत अपने अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर के साथ अपने बिल, व्यापारी और ई-कॉमर्स लेनदेन के लिए भुगतान कर सकते हैं। बैंक ने यह सेवा अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप आईमोबाइल पे के माध्यम से उपलब्ध कराई है।

# खेल जगत

## सरकार के फैसले पर ही चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगीः शुक्ला

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जायेगा। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आज यहां कहा, 'चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे।' आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस टूर्नामेंट को अपने यहां आयोजित करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। ऐसा माना जा रहा है कि लाहौर, कराची और रावलपिंडी में चैंपियंस ट्राफी की मैच खेले जायेंगे। अभी टूर्नामेंट के लिए हालांकि तारीखों की घोषणा नहीं हुई है।



## ज्योति सिंह भारत की यूरोप दौरे पर जाने वाली 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान



**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। फुलबैक ज्योति सिंह भारत की 21 से 29 मई , 2024 तक यूरोप दौरे पर जाने वाली 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगी जबकि मध्यपंक्ति की खिलाड़ी साक्षी राणा को टीम का उपकप्तान किया गया है। भारत की पूर्व कप्तान प्रीतम सिवाच की बेटी स्ट्राइकर कणिका सिवाच को भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम में जगह मिली है। भारत की 22 सदस्यीय जूनियर हॉकी टीम में प्रीतम सिवाच हॉकी अकेडमी में उनकी बेटी कणिका, उपकप्तान साक्षी राणा और गोलरक्षक निधि सहित तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी अपने यूरोप दौर पर तीन देशों बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में कुल छह मैच खेलेगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम दो मैच नीदरलैंड के क्लब ब्रेडसे हॉकी वेरिनिजिंग और ऑरेंज रॉड के खिलाफ भी खेलेगी। भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप दौरे पर पहला मैच 21 मई को नीदरलैंड के क्लब ब्रेडसे हॉकी वेरिनिजिंग से खेलेगी और 22 मई को इसी मैदान पर बेल्जियम से भिड़ेगी। भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम 24 जनवरी को फिर बेल्जियम से खेलेगी। भारत की जूनियर महिला टीम 26 मई को ब्रेडा (नीदरलैंड) में जर्मनी से

■ प्रीतम सिवाच की बेटी कणिका, साक्षी व निधि सहित सिवाच अकेडमी की तीन खिलाड़ी टीम में

खेलने के बाद और अगले दिन जर्मनी से उसके घर में खेलेगी और अपना अंतिम मैच 29 मई को ऑरेंज रॉड से खेलेगी।

भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान ज्योति सिंह ने कहा, 'हमारी टीम में गजब का तालमेल है। हम सभी एक दूसरे को शिविर के बीच सही ढंग से समझ गई हैं। हमारी टीम की हर खिलाड़ी प्रतिभासम्पन्न तो है ही उसके पास हॉकी कौशल भी पर्याप्त है। विदेश में जर्मनी और बेल्जियम जैसी शीर्ष विदेशी उत्कृष्ट टीमों के खिलाफ खेलने से हमें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की उपकप्तान साक्षी राणा ने अपनी कप्तान ज्योति की भावनाओं से सहमति जताई। साक्षी ने कहा, 'अच्छी विदेशी टीमों के खिलाफ से हमें अलग सोच से खेलने वाली टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। इस तरह एक्सपोजर टूर से हमें अपने खेल को बेहतर करने में मदद मिलेगी।

**भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इस प्रकार है:**

**गोलरक्षक :** अदिति माहेश्वरी, निधि।
**रक्षापंक्ति :** ज्योति सिंह(कप्तान), ललथन लुंगी,अंजलि बाजवा, पूजा साहू, ममता ओरांव, नीरू कुल्लू।
**मध्य पंक्तिः** क्षेत्रीयम सोनिया देवी, रजनी करकेटा, प्रियंका यादव, खाइदेम शिलिमा चानू, साक्षी राणा (उपकप्तान), अनिशा साहू, सुप्रियमा कुजूर।
**अग्रिम पंक्ति :** बिनिमा धन, हीना बानो, ललरिनपुई, इशिका, संजना होरो, सोनम, कणिका सिवाच।

## दिल्ली के प्ले ऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए राजस्थान पर जीत जरूरी

### राजस्थान की कोशिश अपने बाकी चारों मैच जीत शीर्ष पर रह प्ले ऑफ में पहुंचने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। कप्तान ऋषभ पंत ने भयंकर कार दुर्घटना के बाद फिट हो गजब का जीवट दिखा दिल्ली कैपिटल्स के लिए बतौर विकेटकीपर - बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन कर अपने आलोचकों को गलत साबित करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से डेढ़ बरस बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी कर अगले महीने अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए चुनी भारतीय टीम में स्थान बनाया है। फिलहाल अधर में लटक रही दिल्ली कैपिटल्स को अपनी प्ले ऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए दस में से आठ मैच जीत 16 अंक ले दूसरे स्थान पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से जयपुर में सीजन के शुरू में 12 रन से मिली हार का हिसाब चुका उसके खिलाफ मंगलवार को रिटर्न मैच में यहां अरुण जेटली स्टेडियम में जीत जरूरी है। फिलहाल छठे स्थान पर चल रही दिल्ली कैपिटल्स के 11 मैचों में पांच जीत और छह हार के साथ कुल दस अंक है और उसके लिए अब राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच सहित प्ले ऑफ की होड़ में बने रहने के लिए इसके बाद आरसीबी से बेंगलुरू और लखनउ सुपर जायंटस से यहीं इसी स्टेडियम में खेले जाने वाले बाकी दोनों मैच जीतने भी बेहद जरूरी है।





तीन अर्द्धशतक सहित रन बनाने में सबसे आगे चल रहे कप्तान ऋषभ पंत (कुल 398 रन) और आठ मैचों में 12 विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ कोलकाता में पिछले मैच में विकेट चटकाने में नाकाम रहने के कारण दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। वहीं राजस्थान रॉयल्स को चार अर्द्धशतक सहित रन बनाने में दूसरे स्थान पर चल रहे संजू सैमसन (कुल 385 रन), दो शतक जड़ने वाले जोस बटलर (कुल 319 रन) के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में खाता खोले बिना आउट होने और अपने सबसे कामयाब लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (कुल 13 विकेट) के हैदराबाद में चार ओवर में 64 रन दे विकेट लेने में नाकाम रहने के चलते बेहद रोमांचक मैच में मात्र एक रन से हार झेलनी पड़ी थी। राजस्थान रॉयल्स को इससे पहले एकमात्र हार अपने घर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी ओवर में तीन विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। राजस्थान रॉयल्स के दस मैचों से 16 अंक हैं और उसके लिए अब अपने बाकी चार मैचों में दो मैचों में जीत से प्ले ऑफ में स्थान पक्का हो जाएगा लेकिन उसकी कोशिश अपने ये सभी मैच जीत शीर्ष पर रहने की होगी। अपना अपना पिछला मैच हार चुकी दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मंगलवार को यहां जीत की राह पर लौटने के लिए रोचक संघर्ष की आस है। दिल्ली कैपिटल्स के खेल रहे ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले उसके कप्तान विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कलाई के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल भारत की टी-20 विश्व कप टीम में स्थान बना चुके हैं और उसमें साथ-साथ खेलने से पहले ये सभी छह खिलाड़ी अपनी अपनी टीम को जिताने की पुरजोर कोशिश करेंगे। बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के रूप में सबसे सधा और दमदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान रॉयल्स के लिए देर से रंग में लौटी दिल्ली कैपिटल्स को उसके किले में हराना कतई आसान नहीं रहना वाला है।

दिल्ली कैपिटल्स को जीत की राह पर वापस लौटना है तो उसके कप्तान ऋषभ पंत की तरह तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले मात्र छह मैच खेलने वाले सलामी बल्लेबाज फ्रेजर मैकगुर्क (कुल 259 रन), दो अर्द्धशतक जड़ने वाले ट्रस्टन स्टब्ज (कुल 277 रन), एक -एक अर्द्धशतक जड़ने वाले डेविड वॉर्नर (कुल 167 रन) और और अक्षर पटेल (कुल 149 रन) को राजस्थान के सबसे कामयाब चतुर लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (कुल 13 विकेट) के साथ रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट (10 विकेट), आवेश खान (11 विकेट), संदीप शर्मा (कुल 9 विकेट) और नैंड्रे बर्गर की चौकड़ी को पारी के शुरू और आखिर में जवाबी हमला बोलने की रणनीति अपनानी होगी। फ्रेजर, ऋषभ पंत और स्टब्ज में दिल्ली कैपिटल्स की नैया किनारे लगाने का दम है।

## टी-20 विश्व कप पर आतंकी हमले का खतरा, आईसीसी और मेजबान देश अलर्ट

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के तुरंत बाद यूएसए और वेस्टइंडीज में 1 जून से टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। हालांकि, इस बीच टूर्नामेंट पर आतंकी हमले का साया आ गया है। वर्ल्ड कप के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं, लेकिन इस बीच आतंकी साजिश की खबर जो सामने निकल कर आई है उसने सबकी टेंशन बढ़ा दी है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि वह टी20 विश्व कप के मेजबान देश- वेस्टइंडीज और यूएसए के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस मेगा-इवेंट पर आतंकी खतरे से निपटने के लिए पुख्ता तैयारी हो। पुरुषों का टी20 विश्व कप 1-29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाला है। कैरेबियाई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड को उत्तरी पाकिस्तान से वर्ल्ड कप मैचों के दौरान आतंकी हमले का अलर्ट




■ वेस्टइंडीज में 1 जून से टी-20 विश्व कप का होना है आयोजन
■ वर्ल्ड कप के लिए तैयारियां अंतिम चरण में

प्राप्त हुआ है। पुरुष टी20 विश्व कप पर आतंकी खतरे के बारे में पूछे जाने पर आईसीसी के एक अधिकारी ने बताया, 'आईसीसी उचित योजनाएं सुनिश्चित करने के लिए मेजबान देशों के साथ मिलकर काम कर रही है। रिपोर्ट सामने आते ही हमने तुरंत अधिकारियों से बात की और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सभी को आश्वासन दिया है कि किसी भी जोखिम से निपटने के लिए एक मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है।' त्रिनिदाद के स्थानीय डेली एक्सप्रेस अखबार ने पीएम प्रधानमंत्री डॉ. कीथ रोवले के हवाले से लिखा, 'सुरक्षा एजेंसियां विश्व कप पर खतरे से निपटने के लिए काम कर रही हैं।'

'यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग-अलग रूपों में बना हुआ है। हालांकि, इन खतरों को कम करने के लिए, हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हर खतरों के प्रति सतर्क रहे हैं और हमारी खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे टूर्नामेंट के दौरान देशों और स्थानों पर सबकी सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।' वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के मैच एंटीगा एंड बारबुडा, बारबाडोस, गुयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस के अलावा त्रिनिदाद एंड टोबैगो में होंगे। सेमीफाइनल मुकाबले त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल बारबाडोस में खेला जाना है। दुनिया की टॉप- 20 टीमों को पांच-पांच के चार समूहों में बांटा जाएगा। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर आठ के दो समूहों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए आगे बढ़ेंगी। सेमीफाइनल मुकाबले 26 और 27 जून को त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल 29 जून को बारबाडोस में खेला जाना है। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।

## भारतीय पुरुष और महिला 4गुणा400 मीटर रिले टीमों को ओलंपिक कोटा

**नासाउ,** 6 मई (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने विश्व एथलेटिक्स रिले प्रतियोगिता की 4 गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल कर लिया है। थॉमस ए रॉबिन्सन स्टेडियम में शनिवार को क्वालीफाई करने में असफल रहने वाली सभी टीमों ने रविवार को एक अतिरिक्त क्वालीफाइंग राउंड में प्रतिस्पर्धा की। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने दूसरे दौर की हीट में 4 गुणा 400 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल किया। मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज







जैकब की भारतीय पुरुष 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय 3:03.23 का समय के साथ हीट 2 में अमेरिका से पीछे रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइ किया। वहीं महिलाओं की 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में रूपल, ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:29.35 का समय दूसरे स्थान पर रहते हुए ओलंपिक कोटा हासिल किया। जमैका पहले स्थान पर रहा। उल्लेखनीय है कि भारतीय धावक रविवार को दूसरे मिश्रित रिले क्वालीफाइंग राउंड की दूसरी हीट में शुरू नहीं कर पाए। हालांकि भारतीय टीम अभी भी पेरिस ओलंपिक 2024 में इस स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर सकती है।

## सार संक्षेप

### आईपीएल के बीच बुमराह ने खास अंदाज में मनाया वाइफ संजना का बर्थडे

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सोमवार को अपनी पत्नी संजना गणेशन के जन्मदिन पर उनके लिए एक खास पोस्ट शेयर किया। जसप्रीत बुमराह वर्तमान में आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के बीच अपनी पत्नी का जन्मदिन बेहद खास अंदाज में मनाया। बुमराह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट में लिखा, 'सबसे स्पेशल व्यक्ति को जन्मदिन की शुभकामनाएं, वह जो मुझे पूरा करती है और उसके साथ होने से पूरी दुनिया खूबसूरत लगती है। अंगद और मैं कामना करते हैं कि आपका जन्मदिन सबसे अच्छा हो, हमारी ओर से ढेर सारा प्यार।' संजना ने पोस्ट के कमेंट में लाल दिल वाले इमोजी के साथ रिप्लाई किया, जिसे 28 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले। जसप्रीत बुमराह और संजना गणेशन ने 15 मार्च 2021 को गोवा में शादी की थी।

### राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने भाखड़ा नहर में कूदकर जान दी

**पटियाला।** राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने कहा कि सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच कर रही है।

### अजमल की संघर्षपूर्ण जीत, हिंदुस्तान और नेशनल का मैच रहा ड्रॉ

**नई दिल्ली।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के एक रोमांचक मुकाबले में अजमल एफसी ने दिल्ली टाइगर्स को 4-2 से हरा कर सुपर सिक्स में पहुंचने की संभावना को बनाए रखा है। विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए दिन के पहले मैच में नेशनल यूनाइटेड और हिंदुस्तान एफसी के बीच मैच 2-2 से ड्रा रहा और दोनों टीमों के बीच अंक बांट गए। अजमल के लिए अभय सिंह, हैरी, पंकज नेगी और शोर्यबल्या ने गोल दागे। टाइगर्स ने जमकर संघर्ष किया और विलबुय एवम अक्षय हुरिया के गोलों से मैच में वापसी की लेकिन कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के चलते मैच गंवाना पड़ा। हिंदुस्तान और नेशनल खेले गये मुकाबले मे हिंदुस्तान ने तालिब नजीर और रॉबिनसन के गोलों से दो गोलों की बढ़त लेने के बाद प्रतिद्वंद्वी को आसानी से लिया और दो हास्यास्पद गोल खा कर अंक बांट लिए।

## इंडिया ताइक्वांडो चैंपियन ऑफ चैंपियंस टूर्नामेंट का सिरसा में आयोजन

**सिरसा,** 6 मई (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा शहर के शारदा इंडोर हॉल में इंडिया ताइक्वांडो के तत्वावधान में चल रही तीन दिवसीय सब जूनियर, कैडेट, जूनियर व सीनियर चैंपियन ऑफ चैंपियंस 2024 क्यूरूगी एंड पूमसे स्टॉप संपन्न हुई। प्रतियोगिता में महिला व पुरुषों सहित 250 खिलाडियों ने भाग लिया। वर्ल्ड ताइक्कांडो व एशियन ताइक्वांडो यूनियन से मान्यता प्राप्त इंडिया ताइक्वांडो द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में पूरे भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के साथ-साथ स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एसएससीबी, असम राइफल्स व मध्यप्रदेश व लखनऊ साई स्पोर्ट्स



एकेडमी की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जहां संजीव बेरी, अनीता बराला, एईओ सिरसा अनिल कुमार द्वारा सयुंक्त तौर पर किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता डा. अशोक तंवर ने शिरकत की। जबकि उनके साथ जगदीश चोपड़ा, नीतीश महेंद्रू ने शिरकत की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हरियाणा, दूसरे स्थान पर एसएससीबी आर्मी बॉयज व तीसरे स्थान पर लखनऊ साई ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम रही। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग 63-68 किलोग्राम भार वर्ग में कबीचंद्र सिंह असम राइफल सिल्वर व अफजल अली मध्यप्रदेश गोल्ड प्राप्त किया। 80-87 किलो भार वर्ग में दीक्षांत असम राइफल गोल्ड, रोबिन बराला हरियाणा ने सिल्वर प्राप्त किया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में 45 किलो से कम भार वर्ग में अमनदीप हरियाणा ने गोल्ड व मनीष कुमार दीवार एसएससीबी आर्मी बॉयज सिल्वर प्राप्त किया। महिला वर्ग में 55-59 किलो भार में असमी भारती मध्य प्रदेश साई गोल्ड व वैष्णवी चौधरी सिल्वर प्राप्त किया ।

## धर्मशाला में देश की पहली हाईब्रिड पिच का अनावरण

**धर्मशाला,** 6 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) स्टेडियम में सोमवार को भारत की पहली हाइब्रिड पिच का अनावरण किया गया। एक भव्य कार्यक्रम में इस पिच को दुनिया के सामने लाया गया। इस अवसर पर आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल और पॉल टेलर, इंग्लैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक के साथ-साथ एचपीसीए के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अरुण धूमल ने कहा, 'मैं धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में भारत की पहली एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच के उद्घाटन को देखकर रोमांचित




हूं। यह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाएगा। आईसीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हाइब्रिड पिचों जैसी नई तकनीकों को अपनाकर हमने ऐसा किया है। 'न केवल खेल के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करना है, बल्कि विकास के लिए एक और रास्ता भी बनाना है। हाइब्रिड पिच, एलईडी फ्लड लाइट्स और एसआईएस एयर सिस्टम जैसी प्रगति के लिए एचपीसीए की निरंतर प्रतिबद्धता एक विश्व स्तरीय क्रिकेट बुनियादी ढांचे के निर्माण में उनके नेतृत्व को प्रदर्शित करती है।' हाईब्रिड पिच ऐसी पिच है, जिसे नेचुरल टर्फ और आर्टिफिशियल फाइबर से तैयार किया जाता है। यह पिच अधिक टिकाऊ होती है। आईसीसी ने इन पिचों पर वनडे और टी20 मैच खेलने की इजाजत दी हुई है। पॉल टेलर ने इस प्रतिष्ठित परियोजना में साझेदारी के लिए एचपीसीए

■ भव्य कार्यक्रम में इस पिच को दुनिया के सामने लाया गया

का आभार जताया। हाइब्रिड पिच को स्थापित करने के लिए धर्मशाला में उपयोग की जाने वाली 'यूनिवर्सल मशीन' को पहली बार 2017 में एसआईएस ग्रास द्वारा विकसित किया गया था। यह पहले ही यूके में अपनी प्रभावशीलता का प्रदर्शन कर चुकी है, जहां इसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सहित इंग्लैंड के लगभग हर काउंटी मैदान में किया गया था। इसके बाद अभ्यास और मैचों के लिए अधिक पिचें बनाने के लिए मशीन को मुंबई और अहमदाबाद ले जाया जाएगा।८

## भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ का बजट

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नारंग ने भारतीय शतरंज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने और देश में शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया है। एआईसीएफ की आम सभा में इस पर चर्चा की गयी जिनका उद्देश्य पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के लिए वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को मजबूत करना है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ, 'हर घर शतरंज' के दृष्टिकोण को घरों में वास्तविकता प्रदान करेगा। कई प्रस्ताव जैसे शतरंज विकास निधि, सभी स्तरों पर खिलाड़ी अनुबंध और कोचिंग के साथ मजबूत वित्तीय सहायता की शुरुआत, जिला और राज्य संघों को



■ एआईसीएफ की आम सभा में इस पर चर्चा की गई
■ जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को मजबूत करना

**भारतीय शतरंज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने और देश में शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया : नितिन नारंग अध्यक्ष, अखिल भारतीय शतरंज महासंघ**

आर्थिक रूप से समर्थन देना, विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक अत्याधुनिक राष्ट्रीय शतरंज अखाड़ा (एनसीए) की स्थापना, विशेष रूप से भारत के लिए एआईसीएफ रेटिंग प्रणाली, अभूतपूर्व पहल के रूप में काम करेगी और आने वाले वर्षों में भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को गति देगी।

श्री नारंग ने कहा, 'खिलाड़ी शतरंज के केंद्र में हैं और कई लोगों को धन, संस्थागत समर्थन और अवसरों की कमी के कारण अपने जुनून से समझौता करना पड़ता है। मैं 65 करोड़ रुपए के बजट में शुरू की गई पहलों के माध्यम से प्रत्येक खिलाड़ी के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को सशक्त बनाने और उन्हें उत्कृष्टता के वैश्विक स्तर पर लाने के उद्देश्य को सुनिश्चित करने के लिए, एक शतरंज विकास कोष स्थापित कर रहे हैं। मेरा मिशन 'घर-घर शतरंज-हर घर शतरंज' के आदर्श वाक्य के साथ शतरंज को हर घर तक पहुंचाना है। हम जिला संघों को सीधे सहायता देने वाले पहले महासंघ हैं। हम राज्य संघों को तीन साल तक 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता भी देंगे, और हम भारत-विशिष्ट खिलाड़ी रैंकिंग प्रणाली की शुरुआत करते हुए एआईसीएफ प्रो के तहत आयु समूहों में 2 करोड़ के व्यय के साथ 42 खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अनुबंध शुरू करेंगे। शीर्ष 20 एफआईडीई-रेटेड खिलाड़ियों को 25,00,000 रुपये और 12,50,000 रुपये प्रति वर्ष का अनुबंध मिलेगा, जिसकी कुल लागत 4 करोड़ रुपये होगी। हम चाहते हैं कि युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, हर घर में शतरंज खेला जाए, जिसमें महिलाओं को शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। मैं भारत को ग्रैंडमास्टरों के देश के रूप में उभरते हुए देखने की इच्छा रखता हूं।' उन्होंने कहा कि प्रमुख पहलों में 'वन नेशन, वन रजिस्ट्रेशन', एक परिवर्तनात्मक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म, भागीदारी बढ़ाने के लिए बिना किसी लागत के राज्य संघों के लिए यूनिक लॉगिन क्रेडेंशियल के साथ खिलाड़ियों के लिए निर्बाध पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेगा।